फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 165 प्रभात जयपुर, रविवार 15 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



A Doctor With His Eyes Wide Open

I am still a young 60 something..I used to walk a kilometre in 10 minutes, Now I do it in fifteen.. I am still a young 60 something.

Indian Army Day

Aound-d-World: Most Unique Marathons

These marathons promise to be bucket list travel experiences.



*नेपाल में संरक्षणविदों ने रैड पांडा के संरक्षण के प्रयास के लिए नए मानदंड बनाए हैं, उन्हें उम्मीद है कि इससे देश के मध्य और पश्चिमी पहाड़ी भाग में रैड पांडा के आवास संरक्षित हो सकेंगे। यह रैड पांडा गवर्नैन्स स्टैंडर्ड ऑस्ट्रेलिया की दो युनिवर्सिटीज़ की मदद से विकसित किया गया है। रैड पांडा नैटवर्क में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, सोनम ताशी लामा ने बताया कि, इन मानदंडों से विभिन्न समुदायों को रैड पांडा संरक्षण में शामिल होने तथा प्राथमिकताओं को चिन्हित करने में मदद मिलेगी। रैड पांडा नैटवर्क एक एन.जी.ओ. है, जो ईस्टर्न नेपाल में इस प्रजाति के संरक्षण में लोगों की मदद कर रहा है। इस संगठन का कहना है कि, देश के पश्चिमी भाग में रैड पांडा का जो आवासीय क्षेत्र है वह कई छोटे-छोटे पैच में बिखरा हुआ है इससे रैड पांडा को स्वच्छंद विचरण में मुश्किल आती है और इससे उनकी आबादी पर भी प्रभाव पड़ता है। रैड पांडा, भारत, नेपाल भूटान और चीन में मिलते हैं और अवैध ट्रैपिंग तथा शिकार से लेकर आवास विनाश जैसे भारी खतरों का सामना कर रहे हैं। आई.यू.सी.एन. ( इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ द नेचर) ने इसे ''एन्डेन्जर्ड'' वर्ग में रखा है और विश्व में इसका व्यापार भी प्रतिबंधित है। अनुमान है कि, जंगल में 15,000 से कुछ कम ही रैड पांडा बचे हैं, इनमें से 500 नेपाल के पहाड़ों में बांस के जंगलों में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की युनिवर्सिटी ऑफ सदर्न क्वीन्सलैंड ने ग्रिफिथ युनिवर्सिटी, काठमांडू फॉरैस्ट्री कॉलेज, रैड पांडा नैटवर्क और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर रैड पांडा गवर्नैन्स स्टैन्डर्ड विकसित किए। ये दो सिद्धांतों पर आधारित हैं, सार्थक सहभागिता और लाभदायक विचार विमर्श। नेपाल के वन एवं पर्यावरण सचिव, प्रेम नारायण कांदल ने कहा है, ''हमें उम्मीद है कि, नए गवर्नैन्स स्टैन्डर्ड से रैड पांडा के संरक्षण में मदद मिलेगी''।*

# जालंधर से कांग्रेस सांसद की भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेते समय हार्ट अटैक से मृत्यु

## दिवंगत संतोख सिंह चौधरी यात्रा के बारे में बहुत उत्साहित थे, क्योंकि यात्रा उनके क्षेत्र से गुजर रही थी

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- राहुल गांधी के साथ कदम के कदम मिलाकर चलते समय उन्हें हार्ट अटैक आया।
- हादसे के बाद उन्हें फगवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।
- राहुल यात्रा को बीच में छोड़ कर अस्पताल गये और फिर दिवंगत सांसद के जालंधर में धालीवाल स्थित निवास पर भी गये, परिवार से मिलने।
- जैसा कि विदित ही है, लोहड़ी के त्यौहार के कारण यात्रा में एक दिन का अवकाश था, यात्रा शनिवार को सुबह दोबारा शुरू हुई थी।
- पंजाब के प्रदेशाध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वारिंग ने बताया कि, यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गयी है तथा रविवार को दिवंगत सांसद का दाह संस्कार होगा।

नई दिल्ली, 14 जनवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब चरण में एक हादसा हो गया। यात्रा में भाग ले रहे पार्टी सांसद संतोख सिंह चौधरी को हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई।

76 वर्षीय संतोख सिंह चौधरी जलंधर से कांग्रेस सांसद थे। वह कांग्रेस की पद यात्रा में पंजाब के फिल्लौर में राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे थे, लेकिन इसी दौरान वह बेहोश होकर गिर गए। पार्टी के इस सीनियर नेता को फगवाड़ा में एक अस्पताल ले जाया गया जहां बताया गया कि उनकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई थी।

पार्टी के एक नेता ने बताया कि राहुल गांधी पद यात्रा को बीच में ही छोड़कर उस अस्पताल के लिए रवाना हो गए, जहां चौधरी को ले जाया गया था। वह जलंधर के धालीवाल स्थित चौधरी के घर भी गए और उनके परिजनों से मिले। लोहड़ी उत्सव को देखते हुए यात्रा को शुक्रवार को ब्रेक दिया गया था। यात्रा आज सुबह पुनः शुरू हुई लेकिन यह हादसा हो गया।

पंजाब के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह वड़िंग ने बताया कि यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि चौधरी का अंतिम संस्कार कल सुबह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा को लेकर चौधरी काफी उत्साहित थे क्योंकि यह उनके प्रभाव वाले क्षेत्र से गुजर रही थी।

चौधरी के निधन की खबर जैसे ही सामने आई, शोक संवेदनाएं देने वालों का तांता लग गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ''उन्हें पंजाब के लोगों की सेवा करने के लिए जाना जाएगा।''

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया ''सांसद श्री संतोख सिंह चौधरी जी के निधन से व्यथित हूँ। उन्हें पंजाब के लोगों की सेवा करने के अपने प्रयासों के लिए जाना जाएगा। उनके परिजनों और समर्थकों के लिए शोक संवेदनाएं। ओम शांति।'' कांग्रेस अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खड़गे ने कहा कि चौधरी का निधन पार्टी और संगठन के लिए एक बड़ा झटका है। खड़गे ने ट्वीट किया ''हमारे सांसद श्री संतोख सिंह चौधरी के असामयिक निधन का समाचार मिलने से बेहद दुःखी और स्तब्ध हूँ। उनका जाना पार्टी और संगठन के लिए बड़ा झटका है। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्र और समर्थकों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस काफी ललचायी नजरों से देख रही है येदियुरप्पा व भाजपा के बिगड़ते रिश्तों को!

## येदियुरप्पा को, उनके निकटतस्थ समर्थकों के अनुसार, प्रदेश के भाजपा नेतृत्व से शिकायत है कि, वे लोग उनकी (येदियुरप्पा की) लगातार अवहेलना कर रहे हैं

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- हाल ही में बैंगलुरू में आयोजित नैशनल यूथ फैस्टिवल, जिसका उद्घाटन प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था, में भी येदियुरप्पा को आमंत्रित नहीं किया गया था तथा इसके पहले भाजपा की कर्नाटक इकाई ने दो-तीन अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों में येदियुरप्पा को नहीं बुलाया था।
- भाजपा को कर्नाटक में स्थापित करने में येदियुरप्पा की निर्णायक भूमिका थी तथा वैसे भी राजनीतिक दृष्टि से ''पावरफुल'' लिंगायत समाज पर येदियुरप्पा की मजबूत पकड़ है।
- अतः येदियुरप्पा को चुका हुआ कारतूस मान लेना भाजपा की भारी भूल साबित हो सकती है।
- कांग्रेस यह प्रार्थना कर रही है कि, भाजपा यह भूल जरूर करे।

नई दिल्ली, 14 जनवरी। कर्नाटक के आगामी विधानसभा चुनावों से पूर्व एक एकीकृत चेहरा बनने का भरसक प्रयत्न कर रही कांग्रेस एक खुशनुमा पूर्वानुमान के साथ भाजपा के भीतर के घटनाक्रमों पर नज़र रखे हुए हैं। कांग्रेस नेताओं को जो घटनाक्रम उत्साहित कर रहा है, वह है पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के मजबूत नेता बी.एस. येदियुरप्पा की उनकी ही पार्टी में उपेक्षा किया जाना। कांग्रेस बी.एस. येदियुरप्पा के महत्व से परिचित है और वह भाजपा के घटनाक्रमों पर बारीकी से नज़र रखे हुए हैं और मीडिया के एक वर्ग की इन खबरों को लेकर खुश है कि राजनीतिक महत्व के लिंगायत वोट बैंक पर जबर्दस्त प्रभाव रखने वाले भाजपा के मजबूत नेता येदियुरप्पा अपनी ही पार्टी में साइड लाइन किए जाने से नाराज़ हैं।

येदियुरप्पा ऐसी खबरों और अटकलों का स्वयं खंडन करते आए हैं, लेकिन उनके करीबी लोगों के हवाले से आई मीडिया खबरों में बताया गया है कि वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और खासतौर पर कर्नाटक के स्थानीय पार्टी नेतृत्व द्वारा अनदेखी किए जाने से स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं।

भाजपा और कर्नाटक सरकार के सूत्रों ने हालांकि स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री द्वारा गुरूवार को उद्घाटित नैशनल यूथ फैस्टिवल में येदियुरप्पा को इसलिए आमंत्रित नहीं किया गया कि, क्योंकि यह सरकारी कार्यक्रम था, लेकिन येदियुरप्पा के करीबी लोग इस तर्क से खुश नहीं हैं क्योंकि पूर्व में आयोजित दो या तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था।

एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के कारण ही राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ा था क्योंकि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लिंगायत समुदाय पर उनका प्रभाव जबर्दस्त है। वह हल्के में लिए जाने वाले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन यदि भाजपा का स्थानीय नेतृत्व यह सोचता है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के बिना ही राज्य में पार्टी की नैया पार लगा सकता है तो वह अपने आकलन में गलत हो सकता है।

विश्लेषक ने कहा कि कांग्रेस दुआ कर रही होगी और इसी उम्मीद के सहारे होगी कि येदियुरप्पा भाजपा से इतने नाराज हो जाएं कि वे चुनाव में उसकी सहायता ही ना करें, लेकिन उन्होंने यह भी महसूस किया कि पार्टी के भीतर चाहे कितनी भी भावनाएं भड़कायीं जा रही हों, पूर्व मुख्यमंत्री एवं कर्नाटक में भाजपा का यह दिग्गज नेता अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भी काम करेगा।

येदियुरप्पा पहले भी भाजपा छोड़ चुके हैं। उन्होंने अपनी खुद की पार्टी का गठन कर चुनावों में भाजपा की हार सुनिश्चित की थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने केन्द्र में सत्ता में आने के बाद येदियुरप्पा को पार्टी में वापस लेने के लिए भाजपा को राजी किया था।

# आधार कार्ड से छेड़छाड़ के आरोप में दो कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

- आरोप है कि, सन् 2021 में राजस्थान पुलिस सेवा में चयनित दो कॉन्स्टेबलों ने मैडिकली अनफिट करार दिए जाने पर आधार कार्ड से छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से सोनोग्राफी टैस्ट कराने का प्रयास किया था।

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान पुलिस सेवा में 2021 के चयनित दो कांस्टेबिल्स के मूल प्रमाण पत्र मैडिकल टैस्ट के दौरान फर्जी पाए गए। मथुरादास माथुर अस्पताल के डॉक्टर को शक होने पर मूल कागजों की जांच की गई। डीसीपी मुख्यालय को इस बारे में जानकारी दी गई। अब शास्त्रीनगर थाने में इन चयनित कांस्टेबलों के खिलाफ धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि श्रीमाधोपुर के भोजमेड के रहने वाला तेजाराम और भरतपुर के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू के मु.मंत्री व राज्यपाल का ''झगड़ा'' अब दिल्ली पहुंचा

## डी.एम.के. ने एक प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रपति के पास भेजा तथा मांग की कि, राज्यपाल को निर्देशित किया जाये कि, वे संवैधानिक मर्यादा में रहें

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- डी.एम.के. का यह भी आरोप है कि, राज्यपाल कई महत्वपूर्ण विधेयकों, जो विधानसभा द्वारा पारित हो चुके हैं, को हस्ताक्षरित करने में भारी विलम्ब कर रहे हैं।
- दूसरी ओर राज्यपाल ने भी दिल्ली जाकर राष्ट्रपति व प्र.मंत्री से मुलाकात करने का प्रयास किया है, अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिये।
- राज्यपाल के समर्थक यह प्रचारित कर रहे हैं कि, डी.एम.के. सरकार भारी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा राज्यपाल इस भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहे हैं, अतः डी.एम.के. सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ प्रचार की मुहिम छेड़ रखी है।

नई दिल्ली, 14 जनवरी। तमिलनाडु में दो संवैधानिक सत्ताओं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार तथा राज्यपाल आर.एन.रवि के बीच की लड़ाई हर क्षण बढ़ती ही जा रही है तथा दोनों पक्षों में से कोई भी, राज्य के समग्रहित में इस मुद्दे के समाधान के मूड़ में दिखाई नहीं दे रहा है।

शुक्रवार को जब द्रमुक (डी.एम.के.) के मित्रदल तथा उनके कार्यकर्ता चेन्नई की सड़कों पर उतर आये तथा उन्होंने राज्यपाल को हटाये जाने की माँग की, उसी दिन राज्यपाल खुद दिल्ली गए हुए थे राष्ट्रपति से मिलने और वहां उन्होंने प्रधानमंत्री से भी मिलने का समय मांगा।

राज्यपाल के दिल्ली जाने से एक दिन पहले, द्रमुक ने राष्ट्रपति के पास एक प्रतिनिधिमंडल भेज दिया था, जिसमें राष्ट्रपति को दिये ज्ञापन में राज्य विधानसभा की गतिविधियों की सूची तथा राज्यपाल के तौर तरीकों का विवरण दिया हुआ था। ज्ञापन में यह भी कहा गया था कि राज्यपाल राज्य विधानसभा द्वारा पारित कई महत्वपूर्ण विधेयकों को दबा कर बैठे हुये हैं।

इस ज्ञापन के माध्यम से, मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वे राज्यपाल को संवैधानिक भानको तथा प्रयासों के अनुसार काम करने तथा निर्वाचित सरकार को सहयोग करने की सलाह दे। इस बीच, भाजपा ने राज्यपाल की कार्यवाहियों को सही ठहराया है तथा कहा है कि दर असल, राज्यपाल सरकार के भ्रष्टाचार को रोक रहे थे तथा यही कारण था कि सरकार राज्यपाल से टकराव बहाने तलाश कर रही है। भाजपा प्रवक्ता नारायण तिरूपति ने एक टी.वी. चैनल को बताया कि राज्यपाल रवि की कार्यवाहियाँ सरकार द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में बढ़ रही थी। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार जो भी कहती है राज्यपाल को उसे समझना भी पड़ता है, इस संदर्भ में उन्होंने राज्य विधानसभा के घटनाक्रम का भी जिक्र किया, जिसके फलस्वरूप, राज्यपाल खीजकर सदन के बाहर चले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '18 जनवरी तक अपहृत बालक को बरामद करो'

- राजस्थान हाई कोर्ट ने 6 माह तक बालक की बरामदगी नहीं होने पर नाराजगी जताई और कहा, 18 जनवरी तक बालक को कोर्ट में पेश करो वरना एस.पी. और एडीशनल एस.पी. अदालत में पेश हों।

जयपुर, 14 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर के खैरथल थाना इलाके से अपहृत हुए बच्चे को छह माह में भी बरामद नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि पीडित बच्चे को 18 जनवरी तक अदालत में पेश किया जाए। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने भिवाडी एसपी, महिला अपराध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग का आरक्षण क्षैतिज आरक्षण है जातिगत आरक्षण नहीं'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दिव्यांग अभ्यर्थी को सहायक प्रोफेसर पद पर समस्त नोशनल परिलाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश दिए

- हाई कोर्ट ने कहा, फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग में आरक्षण पाने के लिए राज्य का मूल निवासी होना जरूरी नहीं है।
- याचिका कर्ता मनीष चौहान ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर ली थी, आयोग ने उसे इंटरव्यू में भी बुलाया, पर राज्य के बाहर का निवासी बताकर फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग में आरक्षण देने से मना कर दिया और नौकरी नहीं दी।
- याचिका कर्ता मनीष चौहान की तरफ से अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने पैरवी की थी।

जोधपुर, 14 जनवरी (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने फिज़िकली हैण्डीकैप्ड (विशेष योग्यजन दिव्यांग) अभ्यर्थी को सहायक प्रोफ़ेसर पद पर समस्त नोशनल परिलाभ सहित नियुक्ति देने के दिए आदेश जारी किए हैं। राजस्थान का मूल निवासी नहीं होने के आधार पर सहायक आचार्य (गणित) पद पर विशेष योग्यजन वर्ग में नियुक्ति नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट ने निर्धारित किया कि फिज़िकली हैण्डीकैप्ड (पी.एच.) वर्ग का आरक्षण क्षैतिज आरक्षण हैं। यह जातिगत आरक्षण नहीं है। इसके लिए राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक नहीं है। याचिकाकर्ता, मनीष चौहान की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने पैरवी की।

अधिवक्ता ख़िलेरी ने रिट याचिका पेश कर बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने कॉलेज शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य के पदों के लिए विज्ञिप्त जारी कर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए। गणित विषय में कुल 34 पद विज्ञापित किए, जिसमे एक पद हियरिंग इम्पैर्ड वर्ग के फिज़िकली हैण्डीकैप्ड के लिए आरक्षित किया। याचिकाकर्ता (याची) ने एम. एससी. (गणित), पीएचडी, जेआरएफ, स्लेट परीक्षा पास करने की योग्यता रखते हुए अपना आवेदन फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग में किया, आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 48.47 अंक हासिल किए और पास घोषित किया गया। उसके बाद आयोग ने याचिकाकर्ता को साक्षात्कार के लिए बुलाया।

दस्तावेज़ों के सत्यापन पश्चात् याचिकाकर्ता को अंतिम रुप से चयनित करते हुए आयोग ने कॉलेज शिक्षा विभाग को उसका नाम नियुक्ति के लिए भेजा। तत्पश्चात् आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग, जयपुर द्वारा उसे काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। याचिकाकर्ता ने समस्त मूल दस्तावेज़ जमा करवा दिए लेकिन याचिकाकर्ता को नियुक्ति देने से यह कहते हुए मना कर दिया गया कि वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है और उसे फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग में नियुक्ति नहीं दी जा सकती है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में इसको चुनौती दी।

याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, और राजस्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ड्रग्स तस्करी केस में राजस्थान हाई कोर्ट का ए.डी.जे. से जवाब तलब

- राजस्थान हाई कोर्ट ने नसीराबाद ए.डी.जे. से मादक पदार्थ तस्करी मामले में धीमी सुनवाई पर जवाब मांगा और पूछा कि, 11 फरवरी 2020 को केस दर्ज हुआ था और अब तक, बाईस में से तीन गवाहों के ही बयान क्यों हुए हैं?

जयपुर, 14 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नसीराबाद के ए.डी.जे. कोर्ट से पूछा है कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कछुआ चाल से ट्रायल क्यों की जा रही है? अदालत ने कहा कि प्रकरण 11 फरवरी, 2020

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जीवन एक फूल है और प्रेम उसका मधु। –ह्यूगो

# वसंत में वनानुभव – वसन्तेऽनुभवेत् काननानां यौवनम्

एकाग्र मन से ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों का प्रयोग कर वनों की समग्रता का अनुभव (देखना, सुनना, सूंघना, स्पर्श करना, स्वाद लेना) वनानुभव कहलाता है! चरकसंहिता में वसंत की आरोग्यदायी ऋतुचर्या का वर्णन करते समय भगवान् आत्रेय ने वसंत में वनानुभव का महत्त्व स्पष्ट किया है (च.सू.6.22-26, अंश ): वसन्तेऽनुभवेत् काननानां यौवनम्।। तात्पर्य यह है कि उद्यानों एवं वनों में घूमना, पैदल चलना, पुष्पित पल्लवित वनों का अनुभव लेना चाहिए। प्रकृति–अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर–औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति–अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण–आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2023 के प्रारंभ में आज तक प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

संहिताओं में स्वास्थ्य–रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3,26-30,च.चि.4.106-109; च.वि.6.17,सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर–अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेल कपलान और स्टेफेन कपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण–आधारित लेखा जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस विषय में अद्यतन स्थिति को 832 अध्ययनों के आधार पर की गई 16 मेटा–एनालिसिस को मिलाकर की गई एक भारी मेटा–एनालिसिस विश्व में अब तक का श्रेष्ठ प्रमाण भी यही निष्कर्ष देती है (देखें, सी. बरगन–जैसन इत्यादि, बायोलॉजिकल कंसर्वेशन, 277, 109842, 2023)। वर्ष 2022 में 8 मेटा–एनालिसिस अतिरक्त प्रमाण प्रदान करती हैं कि वनानुभव शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करता है। बच्चों के कल्याण के लिए भी वनानुभव व प्रकृति–अनुभव आवश्यक हैं (देखें, टी. अरोला इत्यादि, जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल साइकोलॉजी, 85,101913, 2023)।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति–अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना–फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति–अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति–अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छी निद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द–नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव–चिकित्सा (वनों में घूम–फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा–एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य–लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा–एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी।

**हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये।**

एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय–पूर्व प्रसव–जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त–कारण मृत्यु दर (आल–कॉज मोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग–बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त–पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य–निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन में विश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा– एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99 प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88 प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12 प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल–कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव–विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजस रुएडा आदि, द लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ, 3,11:ई 469-ई477, 2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा–एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर 1.19 करोड़ (11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ–जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा–एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1): 337-361, 2022)। एक अन्य मेटा–एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर–औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स की मेटा–एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन–आधारित गैर–औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकड़ों को लेकर की गई मेटा–एनालिसिस सिद्ध करती है कि ग्रीन–स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513, 2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन–विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति–उन्मुखता से प्रकृति–विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति–अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति–अनुभव से स्वास्थ्य–लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति–अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है।

हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर–सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग–बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य–स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे–छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा–भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे–छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे–भरे स्थलों, बाग–बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति–अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# सरकारी नीतियों में कृषकों को समता मिलेगी तभी उद्यमी बन सकेंगे!



सुचित्रा आर्य

बैंक ऋण की अनिवार्यता लागू करके बड़ी चतुराई से किसानों को लाभ लेने से अलग कर दिया गया है गांव का मुख्य धंधा खेती है और उसकी आज यह दुर्दशा है कि बड़े मध्यम और छोटे सभी किसान खेती में दिलचस्पी खोते जा रहे हैं सामान्य खेती में कृषि संसाधनों और मजदूरी की दरें बढ़ जाने के कारण मुनाफे की कोई गुंजाइश नहीं रही है। थोड़े बहुत जो अभी अपनी हैसियत बनाए हुए हैं उन्होंने सामान्य खेती छोड़कर फल, साग–सब्जी, दूध इत्यादि के उत्पादन पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और जिनके लिए उनके पास पर्याप्त जानकारी और पूंजी है परंतु ऐसे किसानों की संख्या नगण्य है। अधिकांश किसानों के पास है न तो जानकारी है न ही पूंजी है और न ही पूंजी लगाकर प्रतिफल के लिए लंबे अरसे तक प्रतीक्षा करने की क्षमता है। छोटे किसान कृषि मात्र के भरोसे हैं आजीविका चलाने की आशा छोड़ चुके हैं।

बेरोजगारी का एक मात्र तत्कालिक निदान कृषि का आधुनिकरण है, आधुनिकरण से तात्पर्य बड़े पैमाने की खेती से नहीं है जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत यूनियन। यहां आधुनिकरण से तात्पर्य कृषि भूमि से नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन लेने से है, खेत का छोटा आकार कृषि के आधुनिकरण में बाधक नहीं है! जब तक ऐसी परिस्थितियां नहीं बनाई जाती की खेती एक लाभप्रद धंधा बन सके तब तक खेती के उन्नतिशील होने की कल्पना नहीं की जा सकती है।

राहुल गांधी कृषकों को उद्यिमता से जोड़ने खेतों के नजदीक कृषि प्रसंस्करण इकाइयां और फूड पार्क विकसित करके किसानों की अतिरिक्त आमदनी में इजाफा करने की आवश्यक्ता को जरूरी मानकर चल रहें हैं जो खेती किसानी के प्रति उनकी गम्भीरता को दर्शाता है। इसी परिपेक्ष में उन्हीं के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 लाई गई है लेकिन नीति में कुछ बाध्यताएं हैं जो राहुल गांधी की मूल भावना को अवतरित नहीं होने दे रही है। इसी नीति के तहत 21 जनवरी 2021 को राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डवल्पमेंट बोर्ड का गठन किया गया था जिसका उद्देश्य किसानों की अतिरिक्त आय में इजाफ़ा करने के लिए कृषकों एवं कृषि व्यवसायियों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर बेहतर सुझाव संकलित करके सरकार को परामर्श स्वरूप दें ताकि कृषि उद्यमिता को बढावा देकर प्रदेश में कृषि उद्योग विकसित किये जा सकें तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढावा मिल सके।

राहुल गांधी की सोच को पूर्णरूप से यदि लागु करना है तो इस नीति की बुनियादी सरंचना में संशोधन की आवश्यक्ता अनिवार्य रूप से पड़ेगी, क्योंकि नवीन नीति के तहत पूंजीगत लागत पर किसानों को अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान राशी (अधिकतम 1 करोड़) एवं अन्य व्यवसायी/फर्म को 25 प्रतिशत अनुदान राशी सरकार की तरफ से देय है। नीति के तहत बैंक से ऋण लेने की अनिवार्यता रखी गई है, व्यक्ति/किसान जो अपना उद्योग या प्रसंस्करण इकाई शुरू करना चाहता उसे पहले अपने प्रोजेक्ट की पूंजीगत लागत को बैंक से ऋण के रूप स्वीकृत करवाना होगा उसके बाद बैंक जो भी ऋण राशि स्वीकृत करेगा उसका 50 प्रतिशत भुगतान प्रदेश सरकार अनुदान राशि के रूप में सीधा किसान के खाते में स्थानांतरण की बजाय सबंधित बैंक

- **छोटे किसान कृषि मात्र के भरोसे हैं आजीविका चलाने की आशा छोड़ चुके हैं**
- **किसान के लिए सबसे बड़ी मूल परेशानी बैंको से ऋण स्वीकृत कराने की है**

को भुगतान करेगी! सरकार अनुदान दे रही है यहां तक तो ठीक है लेकिन किसान के लिए सबसे बड़ी मूल परेशानी बैंको से ऋण स्वीकृत कराने की है।

ऋण लेने पूर्व जो किसान/व्यक्ति सुरक्षा गारंटी डिपॉजिट करवाने तथा अन्य बैंकिग शर्त पूर्ण करने में सक्षम नहीं है तो बैंक ऋण स्वीकृत नहीं करेगा उस स्थिति में वह स्वतः ही अनुदान के लिए अपात्र माना जाएगा। नीती और नीयती की विडंबना देखिए यदि कोई व्यक्ति/किसान अपनी नकदी लगाकर या अपने स्तर पर प्रोजेक्ट शुरू करता है तथा सरकार से अनुदान की अपेक्षा रखता है तो भी बैंकिंग ऋण की अनिवार्यता के चलते इस नीति से सरकारी अनुदान से वचिंत ही रहेगा। बैंक ऋण की अनिवार्यता लागु करके बड़ी चतुराई से किसानों को अलग कर दिया गया है जबकि व्यवसायियों, कारोबारियों को बैंक ऋण देने में प्राथमिकता देगा जिसका सीधा लाभ किसानों की बजाय व्यापारिक व्यक्तियों को होगा।

किसानों के प्रति जकड़न की नीति है तथा व्यवसायियों के प्रति उदारता की नीति, यह दौहरे मापदंड एक साथ नहीं चल सकते। कृषक महज स्लोगन या नारों से उद्यमी नहीं बनेगा बल्कि उसे समतायुक्त माहौल देना होगा, 2019 की कृषि नीति में संशोधन करके किसानों की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। राजनीतिक शक्ति का स्रोत आम आदमी है और जब तक आम आदमी को उदारतावादी नीतियों में अपनी खुशहाली नजर नहीं आएगी तब तक वह उसमें दिलचस्पी नहीं लेगा। यदि किसान को वास्तविक रूप से लाभान्वित करना है तो बैंकिंग ऋण अनिवार्यता को समाप्त करना होगा अन्यथा किसानों को बैंकों से ऋण दिलाने की व्यवस्था सरकार को करनी होगी। अब तक तो यह नीति औद्योगिक और वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े लोगो तक ही सीमित है जिनके फलस्वरूप संपन्न वर्ग ही लाभान्वित हो रहा है साधारण किसानों को किसी भी प्रकार की सरकारी रियायतें नहीं मिल पा रही है।

**सुचित्रा आर्य,**
**उपाध्यक्ष, राजस्थान कृषि उधोग विकास बोर्ड, जयपुर।**

# ढोल की थाप पर नाचते ऊंटों ने पर्यटकों का मन मोहा

**बीकानेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव का दूसरा दिन ऊंटों की प्रतियोगिताओं के नाम रहा। ढोल की थाप पर ठुमक–ठुमक नाचते ऊंटों ने देशी–विदेशी पर्यटकों का मन मोहा। वहीं ऊंट की कमर पर कैंची के माध्यम से की गई आकर्षक फर कटिंग भी विशेष रही। ऊंट पालकों द्वारा ऊंट की कमर पर लोक देवी–देवताओं, परंपराओं और यहां की स्थापत्य कला पर आधारित चित्र उकेरे, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए।

राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे। वहां मौजूद लोगों में ऊंटों के नृत्य को मोबाइल में कैद करने की होड़ दिखी। नृत्य के दौरान ऊंटों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। आमजन ने कैमल सफारी का आनंद भी उठाया। इस दौरान कृषि और पशुविज्ञान



ऊंट महोत्सव में नृत्य दिखाता ऊंट व मौके पर जमा दर्शक।

विश्वविद्यालय के अलावा आई.सी.ए.आर के संस्थानों द्वारा स्टाल्स लगाए गए। ऊंटनी के दूध से बनी आइस क्रीम, लस्सी, छाछ और अन्य उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ऊंट नृत्य प्रतियोगिता में बजरंग ने प्रथम, जितेंद्र सिंह ने द्वितीय तथा करणी सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ऊंट फर कटिंग प्रतियोगिता में मोहन सिंह ने प्रथम, बंशीधर ने द्वितीय तथा जापान की मेघूमी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

- **ऊंटों पर लोक देवी-देवताओं, परंपराओं और स्थापत्य कला के चित्र दिखे**

ऊंट सज्जा प्रतियोगिता में लक्ष्मण राम सियाग, इमरान खान तथा मगाराम कुमार क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ आर्तबंधु साहू तथा एसबीआई के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान महानिरीक्षक पुलिस ओम प्रकाश, एडीएम प्रशासन ओम प्रकाश, एडीएम सिटी पंकज शर्मा, राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कार्यस्थल पर उत्पीड़न से शर्मसार होती मानवता



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

हम चाहे अपने आप को कितने ही अत्याधुनिक, संवेदनशील और मानवतावादी माने पर जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वह अत्यंत दुर्भाग्यजनक होने के साथ ही मानवता के लिए शर्मनाक भी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में हर पांच में से एक नौकरीपेशा किसी ना किसी रुप से कार्यस्थल पर उत्पीडन का शिकार हो रहा है। मजे की बात यह है कि इसमें भी अपनेआप को सबसे अधिक सभ्य और अत्याधुनिक मानने वाला अमेरिका दुनिया के देशों में अव्वल है। दूसरी मजे की बात यह भी है कि उत्पीडित नौकरीपेशा में कोई अधिक लेंगिक भेदभाव भी नहीं है। इसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल है। 2021 के आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट में 4 करोड़ 30 लाख लोग उत्पीडन के शिकार पाये गये हैं। यह नौकरीपेशा लोगों के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार करीब 22 फीसदी से कुछ अधिक ही होते हैं। नौकरीपेशा लोगों के उत्पीडन में शारीरिक, मानसिक और यौन हिंसा शामिल है। कार्यस्थल पर नौकरीपेशा लोगों को किसी ना किसी एक हिंसा का शिकार होना देखा गया है। यहां तक कि कुछ मामलों में तो शारीरिक, मानसिक के साथ ही यौन उत्पीडन के मामलें भी सामने आये हैं। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि लेंगिक उत्पीडन की दृष्टि से देखें तो महिलाओं के साथ उत्पीडन के मामलें में भी अमेरिका आगे है।

दरअसल कार्यस्थल पर सबसे ज्यादा उत्पीडन के मामले मानसिक उत्पीड़न के सामने आते हैं। इसे हम साइकोलोजिकल टार्चर भी कह सकते हैं। इसमें सार्वजनिक रुप से बारबार अपमान करना, धमकी देना या डराना आदि शामिल है। मानसिक उत्पीड़न के और तरीकों में लोगों को दूसरों को सामने नीचा दिखाना, ताने कसना, उसकी कार्यक्षमता पर बार बार प्रश्नचिन्ह लगाना आदि आदि हो सकते हैं। इससे व्यक्ति कुंठाग्रस्त तो होता ही है साथ ही डिप्रेशन में जाने या हीनभावना से ग्रसित होने की संभावनाएं अधिक हो जाती है। इसी तरह से शारीरिक उत्पीड़न में फाईल फेंकना, फेंक कर माना, थूकना, रोकना या कुछ इसी तरक के उत्पीड़न के तरीके होते हैं तो यौन उत्पीडन के तरीकों के खुलाशा करने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह से उत्पीड़न के शिकार व्यक्ति के दिमाग पर गंभीर असर साफ दिखाई

- **कार्यस्थल पर उत्पीडन के मामलों में भी अमेरिका दुनिया के देशों में अव्वल है**
- **किसी को जलील करते समय हम हमारी कुंठाओं को ही उजागर करते हैं**

देने लगता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी आंकड़ों का विश्लेषण करें तो साफ हो जाता है कि अरब देशों की तुलना में अमेरिका की स्थिति अधिक खराब है। अमेरिका में 34.3 प्रतिशत, अफ्रीका में 25.7 प्रतिशत,यूरोप व मध्य एशिया में 25.5 प्रतिशत, एशिया व पेसिफिक मे 19.2 प्रतिशत और अरब देशों में 13. प्रतिशत लोग कार्यस्थल पर उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। मजे की बात यह है कि इसमें भी शॉफ्ट टारगेट महिलाएं, प्रवासी नागरिक और युवा अधिक होते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की माने तो उत्पीडन के मामलों में लगातार बढ़ोतरी ही देखी जा रही है। कहा यह भी जा रहा है कि इस तरह का यह पहला सर्वेक्षण है जो श्रम संगठन द्वारा करवाया गया है। इसे सभ्य समाज के लिए किसी भी स्तर पर उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

हम यह भूल जाते हैं कि हमारे साथ काम करने वाला चाहे पुरुष हो या महिला इसी संसार का प्राणी है। उसमें और हममें कोई भेद नहीं है। भेद है तो केवल यह कि एक सुपरवाइजरी पद पर है तो दूसरा अधीनस्थ। समझाइश के माध्यम से भी किसी को राह पर लाया जा सकता है। केवल जलील करने से ही कुछ प्राप्त नहीं हो जाता। उल्टा देखा जाए तो किसी को जलील करते समय हम हमारी कुंठाओं को ही उजागर करते हैं। आखिर हम जा कहां रहे हैं। मानवीय संवेदनशीलता को हमें नकारना नहीं चाहिए। बल्कि एक और हम छोटे बड़े में भेद नहीं करने की बात करते हैं तो दूसरी और यह आंकड़े कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं।

श्रम संगठन के ये आंकड़े कमोबेश सत्यता की पास अवश्य है। ऐसें में नियोजकों, गैरसरकारी संकठनों और मनौवैज्ञानिकों के साथ ही प्रबंधन का पाठ पढ़ाने वाले गुरुओं को आगे आना होगा और इस तरह के मानवता को कलंकित करने वाले हालातों को सुधारने के प्रयास करने ही होंगे। नहीं तो जो आंकड़े सामने हैं उससे तो यही लगता है कि हमारा व्यवहार किसी गुलामी युग से कमतर नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन जैसे वैश्विक संगठनों को भी अवेयरनेस कार्यक्रम चलाकर हालात सुधारने के ठोस प्रयास करने ही होंगे। नहीं तो आने वाला समय हमें माफ करने वाला नहीं है।

**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल रविवार 15 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र सांय 7:12 तक, सुकर्मा योग दिन 11:50 तक, बालव करण प्रात: 7:34 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–तुला, मंगल–वृष, बुध–धनु, गुरू–मीन, शुक्र–मकर, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज मकर संक्रांति पुण्य काल दिन 12:45 तक है। आज गंगा सागर मुख्य स्नान प्रातःकाल से है। आज कालाष्टमी, पौंगल दक्षिण भारत में है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:40 से 9:59 तक, लाभ–अमृत 9:59 से 12:36 तक, शुभ 1:35 से 3:13 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:50




### मेष

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।




### वृष

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।



### मिथुन

परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। मन खिन्न रहेगा। घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




### कर्क

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।




### सिंह

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।




### कन्या

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




### वृश्चिक

घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष रहेगा और अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।




### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### मकर

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# मकर संक्रांति पर जयपुर में सुबह पतंगबाजी और शाम को दीपावली जैसा नजारा





**जयपुर** (का.सं.)। राजधानी जयपुर में मकर संक्रांति पर्व पर आज दिन भर पतंगबाजी करने के बाद शाम को जोरदार आतिशबाजी करने से दीपावली जैसा नजारा बन गया।

इस मौके दिन में पतंगबाजों ने आसमान को रंग-बिरंगी पतंगों से भर दिया। वहीं शाम को पतंगबाजी का दौर थमते ही पटाखे छोड़कर जोरदार आतिशबाजी शुरु हो गई और ऐसा लगने लगा कि दीपावली आ गई हो। आतिशबाजी के साथ लालटेननुमा लैंप जलाकर हवा में छोड़े गए और लोगों इस नजारे का लुत्फ उठाया। लोगों ने इस पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया।

करोना के कारण दो साल बाद खुलकर मना पा रहे इस बार पतंग उत्सव में लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है और सुबह होते ही बच्चे और युवा अपने घरों की छत्तों पर चढ़ गए और पतंग के पैच लड़ाना शुरू कर दिया तथा वो काटा- वो काटा का शोर शुरू हो गया। इस दौरान छतों पर लोग सुबह से फिल्मी गानों के साथ थिरकते हुए पतंगबाजी करते नजर आये।

मौसम साफ रहने से पतंगबाजी के लिए दिन की शुरुआत अच्छी रही और धूप खिलने एवं हल्की हवा होने से सुबह से ही पतंगबाजी का माहौल बन गया।

हालांकि इस बार पतंगे पहले से थोड़ी महंगी रही लेकिन पतंगबाजों पर इसका कोई असर नजर नहीं आ रहा और वे इस पतंग उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, इसका लुत्फ उठा रहे है।

इस बार भी पौना, अद्धी और प्रिंटेड पतंगों की मांग ज्यादा रही। सोशल मैसेज से जुड़ी पतंगें, बच्चों की पसंद कार्टून वाली पतंगों की बिक्री भी काफी हुई। इनमें मोटू-पतलू, छोटा भीम, डोरमेन की पतंगें शामिल हैं। चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध होने से इस बार इसकी बिक्री देखने को नहीं मिल रही।

इस मौके जयपुर में जलमहल सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर देशी-विदेशी पर्यटक भी पतंगबाजी का आनंद उठा रहे है।

इस दौरान विभिन्न संस्थानों, क्लबों, राजनीतिक लोगों आदि ने अपने-अपने हिसाब से इस मौके पौष बड़े एवं अन्य आयोजन कर पतंगबाजी एवं कुछ पर्यटन स्थलों आदि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गये और मकर संक्रांति पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया गया।

दिनभर पतंगबाजी के साथ लोगों ने तिल के लड्डू, फिणी, तिल चक्की, दाल के पकौड़ों का लुत्फ उठाया। आज मौसम साफ रहने एवं हवा चलने से पतंगबाजी के लिए दिन अच्छा रहा। वहीं इस दौरान दिन भर पतंग के कटने के बाद उसे लूटने वाले सड़कों पर दौड़ते नजर आये।

इस पर्व पर गोविंद देव मंदिर में भक्तों की भी उमड़ पड़ी। लोगों ने गायों को हरा चारा खिलाया तथा अनाथालयों में दान-पुण्य किया।

रविवार को भी छुट्टी का दिन होने से खूब पतंगबाजी होने की संभावना है। वहीं मकर संक्रांति पर दान-पुण्य के हिसाब से रविवार को भी खूब दान पुण्य किया जायेगा।

## पतंगबाजी में घायल 22 कबूतर व तोते का इलाज किया




**हेल्प एंड सर्व चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।**

**जयपुर**। हेल्प एंड सर्व चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सुरेंद्र पारीक, कुसुम यादव, स्नेह लता शर्मा, चंद्रप्रकाश भाड़े वाला, सियाराम दास महाराज, गोविंद नारायण जांगिड़, राज कुमार चतुर्वेदी, कौशल गुप्ता , गोविंद अग्रवाल, सुरेश नावरिया घनश्याम टेपन, संतोष कंवर, मोनिका अग्रवाल, राजकुमारी सेन, शहनवाज लाला एवं अन्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गलता गेट पर किया गया। ट्रस्ट के संरक्षक अजय यादव (पूर्व पार्षद व चेयरमैन) व निर्देशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर 15 जनवरी तक आयोजित किया जावेगा जिसमें मांजे से घायल पक्षियों का वेटनरी डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क इलाज किया जावेगा। शिविर के हेल्पलाइन नंबर 7688966666 है। इस मौके पर नंदलाल शर्मा, किशन जांगिड़, बृजमोहन सेन, माया तवर,अनिल जांगिड़, लखन साहू, हरजिंदर सिंह, कैलाश जांगिड़ व अन्य मौजूद रहे। शिविर में 22 कबूतर व 1 तोते का इलाज किया गया।

## प्रेस क्लब में पतंगोत्सव का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। मकर संक्रांति के अवसर पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में काइट फेस्टिवल का आयोजन हुआ। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़ दूरदर्शन जयपुर उपनिदेशक एवं न्यूज हैड मंजू मीणा ने पत्रकार परिवार के साथ पतंग उड़ाई। उन्होनें सभी पत्रकारों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

प्रेस क्लब छत पर आयोजित पतंगोत्सव कार्यक्रम में पत्रकारों ने परिवार सहित भाग लिया। इस आयोजन में रंग बिरंगी पतंगे आसमान में अपने-अपने रंगों एवं आकृति से आकृषित कर रही थी। परिजनों ने उड़ी-उड़ी रे पतंग मेरी उड़ी रे........,आई वो काटा...............जैसे गानों की धुन पर पतंग उड़ाई। रंग बिरंगी पतंगो पर पक्षी बचाओ, बेटी बचाओ, स्वच्छ जयपुर, यातायात नियमों के स्लोगन से गुलाबी नगरी में संदेश दिया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, गिरिराज गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष नीरज मेहरा, उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विजेन्द्र जायसवाल, संतोष कुमार शर्मा, अनिता शर्मा, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य, वरिष्ठ पत्रकार, बृहस्पति शर्मा, बृजभूषण शर्मा, सुरेश शर्मा, सुरेन्द्र जैन पारस, दशरथ सिंह, अनिल सिंघल, योगेन्द्र शर्मा, प्रदीप शेखावत सहित अनेक पत्रकार एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे : पूनियां



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में किशनपोल बाजार स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. मोहन दास अग्रवाल के निवास पर वरिष्ठ नेता राजू मंगोड़ी वाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ महापर्व मकर संक्रांति मनाया।**

**जयपुर**।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में किशनपोल बाजार स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. मोहन दास अग्रवाल के निवास पर वरिष्ठ नेता राजू मंगोड़ी वाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ महापर्व मकर संक्रांति मनाया। प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की।

सतीश पूनियां ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 2023 में तीन-चौथाई बहुमत के साथ राजस्थान में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनेगी और 2024 में तीन चौथाई बहुमत के साथ केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

## प्रदेश में केवल एक ही नया करोना संक्रमित मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमण का केवल एक ही मामला

- 15 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 21 रह गये हैं

सामने आया है। वहीं इस बीच 15 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 21 रह गए हैं। राज्य में इस दौरान करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में शनिवार को केवल जैसलमेर में ही एक नया करोना संक्रमित मिला है। वहीं जयपुर सहित अन्य जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। हालांकि इससे पहले शुक्रवार को राज्य में तीन रोगी पाए गए थे। इस बीच प्रदेश में आज 5550 सैम्पल की जांच की गई है।

राज्य में शनिवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 15 मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 21 रह गए हैं। इनमें से 12 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जयपुर में मांझे से कटने और पतंगबाजी में करीब ढाई सौ लोग घायल

### विश्वकर्मा इलाके में पतंग लूटते वक्त करंट लगने से एक बच्चे की मौत

-कार्यालय संवाददाता-


- एसएमएस अस्पताल में पतंगबाजी में घायल 65 लोग इलाज के लिए पहुंचे
- पांच की हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी जयपुर में शनिवार को मंकर संक्रांति पर मांझे से कटकर और पतंगबाजी के दौरान करीब ढाई सौ लोग घायल हो गए, जबकि विश्वकर्मा इलाके में पतंग लूटते वक्त करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। शाहर के एसएमएस अस्पताल में पहुंचे 65 घायलों में से पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती किया गया है।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि मंकर संक्रांति पर शनिवार शाम सात बजे तक ट्रोमा सेंटर में पतंगबाजी और मांझे से घायल होकर 65 लोग इलाज के लिए पहुंचे। पांच जनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती किया है। इनमें से दो को ऑर्थो में, एक को सिर में गंभीर चोट के कारण सेमी आईसीयू में और दो घायलों को पॉलीट्रोमा वार्ड भर्ती किया है। ज्यादातर घायल पतंगबाजी के दौरान छतों से गिरने, राह चलते गर्दन, नाक, चेहरे पर मांझे से कटने कारण घायल हुए हैं। उधर शहर के कांवटिया अस्पताल में भी शाम तक मांझे से घायल होकर 26 लोग इलाज के लिए पहुंचे, जिनको उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि एक बच्चे की पतंग लूटने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। उसके परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए, लेकिन जांच में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का शव अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

शहर के विद्याधर नगर इलाके में स्टेडियम के पास दोपहर को एक बाइक सवार युवक की चाइनीज मांझें से गर्दन कट गई। गहरा घाव होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। घायल युवक विद्याधर नगर का ही रहने वाला था और होटल में काम करता है। वह दोपहर को बाइक पर सवार होकर होटल से अपने घर जा रहा था। वहीं शहर के अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों में भी करीब 150 लोग पतंगबाजी से घायल होकर इलाज के लिए पहुंचे।




**जयपुर के रजनी विहार में पेपर लीक मामले में घर को तोड़ने की कार्यवाही शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान सामान को घर से निकाल कर पड़ोस के घर की छत पर रख दिया।**

## बनस्थली में मना रहे हैं मेगा स्टार्टअप उत्सव

**जयपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस एवं नवाचार सप्ताह के अवसर पर बनस्थली विद्यापीठ नवाचार और उद्यमिता की भावना का जश्न मनाने के लिए मेगा स्टार्टअप फेस्ट आयोजित कर रहा है। यह देश भर के उन 75 स्थानों में से एक है जहां आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में देश भर में स्टार्टअप समुदाय को शामिल करके उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग , वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ-साथ राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस (16 जनवरी) को मनाने के लिए 10 जनवरी से 16 जनवरी स्टार्टअप पोस्ट तक स्टार्टअप इंडिया इनोवेशन वीक का आयोजन कर रहा है।

वनस्थली विद्यापीठ में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर रचनात्मकता, नवीनता और उद्यमशीलता की सोच को सामने लाने के लिए 15 और 16 जनवरी को 2 दिवसीय -आयोजित कर रहा है।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, बायोसाइंसेज, फार्मा, डिजाइन, और विभिन्न अन्य धाराओं के प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है और वे इसमें भाग लेंगे। 2500 से अधिक छात्रों की भागीदारी के साथ 12 से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। छात्र शार्क टैंक, एलोक्यूशन, टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज, मूवी स्क्रीनिंग, इम्पैक्ट टॉक, जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे।

स्टैंड-अप कॉमेडी, और विभिन्न अन्य नवाचार और उद्यमिता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## 'जी-20 की सभी बैठकों को रहेगा पूरा सहयोग'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुलाकात की एवं जयपुर में आगामी 21 से 25 अगस्त तक आयोजित होने जा रही जी-20 के वाणिज्य एवं निवेश मंत्री समूह की बैठक के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 के वाणिज्य एवं निवेश मंत्री समूह की बैठक पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। इससे देश-प्रदेश में व्यापक स्तर पर निवेश आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जयपुर में आयोजित होने वाली बैठक के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। गहलोत ने अधिकारियों को जी-20 वाणिज्य एवं निवेश मंत्री समूह की बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन के निर्देश दिए।

## हस्तीमल का निधन

**जयपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ज्येष्ठ प्रचारक हस्तीमल हिरण का शनिवार को उदयपुर में प्रातः निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे प्लॉट नम्बर 154 झालाना फेज IInd दयानन्दपुरी कच्ची बस्ती, जयपुर के JDA द्वारा जारी क्रमांक जविप्रा/जोन प्रथम 92 मूल आवंटन पत्र नम्बर आर.आर. 30/6/25394 दिनांक 09.01.1992 कहीं खो गया है। जिसकी पुलिस शिकायत साईबर थाना में LR No. 1686693/2023 दिनांक 08/01/2023 को करा दी गई है। मैं गुड्डी देवी एसबीआई बैंक में लोन लेने के संदर्भ में यह आम सूचना निकलवा रही हूं। किसी को उक्त आवंटन पत्र मिले या कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में सूचित करें। गुड्डी देवी 9079048597

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम सुभाष चन्द्र गुप्ता (Subhash Chandra Gupta) से बदलकर सुभाष गुप्ता (Subhash Gupta) पुत्र मातादीन गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे सुभाष गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जावें। पता ई-24, फ्लैट नं. एफ-1, हनुमान नगर-ई जयपुर।

मैंने अपनी पुत्री कुंजल शर्मा का नाम बदलकर कुमकुम शर्मा पुत्री राकेश शर्मा रख लिया है। अतः मेरी पुत्री को कुमकुम शर्मा के नाम से जाना जावें।

## संक्षिप्त

### नवनियुक्त नौ न्यायाधीश सोमवार को शपथ लेंगे

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय में नवनियुक्त नौ न्यायाधीश सोमवार को शपथ लेंगे।राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल इन न्यायाधीशों को 16 जनवरी को सुबह दस बजे न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में शपथ दिलाएंगे।शपथ लेने वालों में न्यायाधीश गणेशराम मीना, अनिल कुमार उपमन, डॉ. नुपुर भाटी, राजेन्द्र प्रकाश सोनी, अशोक कुमार जैन, योगेन्द्र कुमार पुरोहित, भुवन गोयल, प्रवीर भटनागर एवं आशुतोष कुमार शामिल है। न्यायालय की जयपुर बैंच के न्यायाधीश शपथ ग्रहण समारोह में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेंगे। हाल में नियुक्त इन नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति से राजस्थान उच्च न्यायालय में अब न्यायाधीशों की संख्या 26 से बढ़कर 35 हो जाएगी।

### खुली जेल से कैदी भागा

**जयपुर।** सांगानेर खुली जेल से गुरुवार को एक कैदी भाग गया। फरार कैदी जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। मोबाइल बंद कर गायब मिलने पर कैदी के फरार होने का जेल प्रशासन को पता चला। मालपुरा गेट थाने में जेल प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी है।पुलिस ने बताया कि डॉ. सपूर्णानंद बंदी खुला शिविर सांगानेर के जेल प्रहरी दयाराम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। फरार कैदी देव किशन उर्फ दीवान (45) सिंधी कॉलोनी राजपार्क का रहने वाला है। वह सांगानेर खुली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। 12 जनवरी की शाम को कैदी देव किशन उर्फ दीवान रॉल कॉल के समय मौजूद नहीं था। कैदी देव किशन को उसके आवास और आस-पास तलाश किया, लेकिन वह गायब मिला। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ मिला। कैदी के लापता होने की सूचना जेल अफसरों को दी गई। जेल प्रशासन की ओर से मालपुरा गेट थाने में फरार कैदी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। बंदी रोजाना सुबह से शाम तक काम पर जाता था और शाम को वापस लौट आता था। 12 जनवरी को जब वह लौट कर नहीं आया। जेल प्रशासन ने गिनती की तो एक कैदी गायब मिला।

### विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा मिरासी एवं भिश्ती समुदाय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समुदाय के लिए 'उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना' के प्रारूप का अनुमोदन किया है। गहलोत के निर्णय से मिरासी एवं भिश्ती समुदाय के युवा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। साथ ही, युवाओं के शिक्षित होने से परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा तथा समुदाय का सामाजिक उत्थान भी होगा। प्रारूप के अनुसार, योजना में 2.50 लाख रुपये तक की पारिवारिक वार्षिक आय वाले मिरासी (ढाढ़ी मीर, मांगणियार, दमामी, नगारची, लंगा, राणा) एवं भिश्ती समुदाय के विद्यार्थी पात्र होंगे। इसमें कक्षा 11 से स्नात्कोत्तर तक के 2000 विद्यार्थियों को 5000 से 20000 रुपये तक प्रति शैक्षणिक सत्र छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# होटल कारोबारी का अपहरण कर पचास हजार रुपए वसूलने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**व्यापारी के यहां पूर्व में काम करने वाले कर्मचारी के बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया**



शिप्रापथ थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने पुलिस वर्दी में होटल कारोबारी का अपहरण कर पचास लाख रुपए की फिरौती लेने वाले चार बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 लाख रुपए नकद और अवैध हथियार जब्त किये।

**जयपुर,(कासं)।** शिप्रापथ थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने पुलिस वर्दी में होटल कारोबारी का अपहरण कर पचास लाख रुपए की फिरौती लेने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 लाख रुपए नकद, दो देशी कट्टे, 3 कारतूस और कार जब्त की है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि मामले में आरोपी सुमन मीणा उर्फ सुमन्त (27) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर हाल महादेव नगर लुनियावास खोह नागोरियान, मुनेश कुमार मीणा (25) निवासी मण्डावरी लालसोट दौसा, नितेश मीणा (27) निवासी मण्डावरी लालसोट दौसा और महेश शर्मा (19) निवासी मण्डावरी दौसा हाल जवाहर नगर कच्ची बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। वारदात की योजना होटल के पूर्व कर्मचारी के बेटे सुमन मीणा ने बनाई थी। फरार आरोपी हीरा लाल की तलाश की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने 10 जनवरी को अग्रवाल फॉर्म निवासी होटल कारोबारी अजय मंगल (58) का अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी लेकिन रुपए का बंदोबस्त नहीं होने पर 50 लाख रुपए लेकर छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि कारोबारी अजय मंगल की सिंधी कैंप पर जय मंगल पैलेस नाम की होटल है। 10 जनवरी को वह अपनी कार से सुबह 10 बजे होटल जाने के लिए निकला था। मानसरोवर के बीआरटीएस रोड पर पुलिस की वर्दी में आए बदमाशों ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर व्यापारी की कार को रुकवाया लिया। इस दौरान पूछताछ करने लगे कि 31 दिसंबर को वह कहां था। इसके बाद व्यापारी को उनकी कार के बारे में पूछा और कहा कि कोई वारदात हो गई है इसलिए कार में पुलिस अधिकारी बैठे हैं बातचीत के लिए बुला रहे हैं।

इस पर व्यापारी को जबरन कार में बैठाया और अंदर घुसते ही उस पर पिस्तौल लगा दी। बदमाश व्यापारी को मुहाना की तरफ ले गए और मारपीट शुरू कर दी। कार में व्यापारी से मारपीट के बाद 2 करोड़ रुपए की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही शर्त रखी कि रुपए न तो घर से मंगवाने हैं और न होटल से। इस पर उन्होंने अपने दोस्त राजेंद्र को कॉल कर 2 करोड़ रुपए देने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 लाख रुपए नकद, दो देशी कट्टे, 3 कारतूस और कार जब्त की है।**
- **मामले में फरार एक आरोपी की तलाश जारी**

बदमाश व्यापारी को कार में लेकर घूमते रहे। इसके बाद व्यापारी ने अपने रिश्तेदार को 1 बजे कॉल किया और रुपए मांगे, लेकिन 50 लाख रुपए की ही व्यवस्था हो पाई। दोपहर करीब 3 बजे रुपए लेकर मानसरोवर स्थित इस्कॉन रोड पर होटल हयात के पास बुलाया। इसके बाद एक बदमाश नीचे उतरा और व्यापारी को मुहाना रोड पर कार के पास उतारा। कार से उतारते वक्त धमकाया कि डेढ़ करोड़ रुपए का तीन दिन में इंतजाम कर लेना। हम फोन करेंगे, वहां पर पहुंचा देना, नहीं तो तुझे और तेरे दोनों बच्चों को मार देंगे। हम बीच रास्ते में से जब तेरे को उठा सकते हैं। समझ लेना कि तेरा कुछ भी कर सकते हैं। यह भी बताया कि तो हमारा कुछ नहीं होगा। 6 महीने में छुट जाएंगे, फिर तेरे को खत्म कर देंगे।

दहशत में आए व्यापारी ने घटना के बारे में अपने घर पर किसी को नहीं बताया। अगले दिन 11 जनवरी की रात वह शिप्रापथ थाने पहुंचा और पूरे वारदात के बारे में जानकारी दी। शिप्रापथ थानाधिकारी नेमी चन्द ने बताया कि पीड़ित कारोबारी के बताए जगहों के आसपास लगे फुटेज और मोबाइल लोकेशन को खंगाला गया। कांस्टेबल उमेश और राजेश को लीड मिली कि वारदात में कारोबारी के पूर्व कर्मचारियों का हाथ है। जांच में सामने आया कि कारोबारी अजय मंगल के पास पंखी लाल और लक्खीराम मीणा ने ड्राइवर और चौकीदारी का काम किया था। दोनों ने यहां 15 साल तक काम किया था। बाद में उनके मन में लालच आ गया और पंखीलाल की पत्नी ने व्यापारी के खिलाफ मुहाना थाने में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करा दिया। बाद में मोटी रकम लेकर राजीनामा कर लिया। 5 साल पहले काम छोड़कर दोनों यहां से चले गए। इसकी जानकारी पंखी लाल के बेटे सुमन उर्फ सुमन्त को थी। सुमन्त ने कारोबारी का किडनैप कर 2 करोड़ रुपए वसूलने का प्लान बनाया।

इधर, पुलिस ने मोबाइल लोकेशन खंगाली तो सुमन्त का नंबर और उसकी कार के बारे में जानकारी मिली। इन सभी को पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। प्लान बनाने के बाद सुमन ने अपने दोस्त नितेश मीणा से संपर्क किया। वह सीतापुरा में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। उससे कहकर पुलिस वर्दी की व्यवस्था करने और मुनेश, हीरालाल व महेश को बुलाकर रेकी की। खुद की फाइसेंस पर ली ब्रिजा गाड़ी से प्लानिंग के तहत वारदात को अंजाम दिया गया। वारदात के दौरान हाथ आए 50 लाख रुपए पांचों बदमाशों ने बराबर बांट लिए। जिसके बाद सभी अपने-अपने ठिकानों के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने दबिश देकर चारों आरोपियों को धर-दबोचा।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में होगी 8वें महाकवि कन्हैयालाल अवार्ड की घोषणा

**जयपुर, (का.सं.)।** आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 16वें संस्करण का आयोजन 19 से 23 जनवरी को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में किया जायेगा।

हर साल की तरह, इस साल भी फेस्टिवल में काव्य के लिए दिए जाने वाला, प्रतिष्ठित महाकवि कन्हैयालाल सेठिया अवार्ड प्रदान किया जायेगा। महाकवि कन्हैयालाल सेठिया फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला ये अवार्ड, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया और उनके महान रचनाकर्म को एक श्रद्धांजलि है। विजेता को सम्मान स्वरुप एक मोमेंटो और नकद 1 लाख रुपये दिए जाते हैं।

सम्मानीय ज्यूरी कमिटी ने 8वें महाकवि कन्हैयालाल सेठिया पोएट्री अवार्ड के लिए आधुनिक भारतीय काव्य के अग्रेता कवि, आलोचक, संपादक, अनुवादक और अकादमिक के. सच्चिदानंद का चयन किया है। साहित्य अकादमी के भूतपूर्व सचिव रह चुके सच्चिदानंद के 21 काव्य संग्रह, वैश्विक काव्य अनुवाद की 16 पुस्तकें और मलयालम में साहित्यिक आलोचना की 21 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही अंग्रेजी में कई नाटक और यात्रा-वृतांत भी प्रकाशित हुए हैं। सच्चिदानंद को उनके साहित्यिक योगदान के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से 25 से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है और आप केरल अकादमी ऑफ़ लिटरेचर के फेलो भी हैं। आपकी कविताओं का 18 से अधिक भाषाओँ में अनुवाद हुआ है और अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक, भिन्न-भिन्न देशों में आपका काम प्रकाशित है।

कन्हैयालाल सेठिया अवार्ड की ज्यूरी में शामिल प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं: फेस्टिवल डायरेक्टर नमिता

गोखले; टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और फेस्टिवल प्रोड्यूसर संजॉय के. रॉय; प्रतिष्ठित कवि रंजीत होस्कोटे और अनामिका; और महाकवि कन्हैयालाल सेठिया फाउंडेशन के सिद्धार्थ सेठिया।

# जानलेवा हमला कर युवक से ढाई लाख रुपए लूटे

**जयपुर।** राजधानी के विधायकपुरी इलाके में जानलेवा हमला कर एक युवक से बदमाशों ने ढाई लाख रुपए लूट लिए। पैदल घर लौटते समय बदमाशों ने पीछे से पकड़कर उसका गला दबा दिया। लूट की वारदात को अंजाम देकर खड़ी बस के पास पटक कर भाग निकले। विधायकपुरी थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात सदर सीकर निवासी अमित कुमार (40) के साथ हुई। वह सीकर में एक कंपनी में जॉब करता है। कंपनी के काम से 2.50 लाख रुपए लेकर गुरुवार रात सीकर से जयपुर आया था। बस स्टेंड पर उतरने के बाद रात करीब 10 बजे टैक्सी से खासाकोठी सर्किल उतर गया। वहां काम के बाद रात करीब 12 बजे पैदल सी-स्कीम स्थित घर जा रहा था। इसी दौरान गोपालबाड़ी में मेट्रो पिलर के पास दो लड़कों ने उसे पीछे से पकड़ लिया।दोनों बदमाशों ने उसका गला दबाकर बैग छीन लिया। उसने बदमाश ने गला छुड़ाने की कोशिश की।

दूसरे बदमाश ने उसकी जेब में कैश-मोबाइल को भी निकाल लिया। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाशों ने वहां खड़ी एक बस के पास उसे पटक दिया। 2.50 लाख रुपए कैश से भरा बैग, पर्स और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। जैसे-तैसे थाने पहुंचकर पीड़ित ने लूट की सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगालने के साथ ही हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

## सार-समाचार

### विमल परिसर में महामस्तकाभिषेक आज

**जयपुर, (का.सं.)।** सम्मेद शिखर तीर्थ स्थल के उद्धारक आचार्य श्री108 विमल सागर की स्मृति में रविवार को सुबह 9 बजे शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आचार्य विमल सागर परिसर, ग्राम नांगल्या, बीलवा, टोंक रोड, जयपुर पर गणिनी आर्यिका रत्न 105 नंगमति माताजी के सान्निध्य में शांतिधारा एवं पंचामृत महामस्तकाभिषेक का आयोजन होगा, तत्पश्चात् आचार्य की मूर्ति का पंचामृत अभिषेक होंगे। सुधर्म नंग अहिंसा ट्रस्ट के अध्यक्ष आर.सी.जैन ने बताया कि आचार्य ने सम्मेद शिखर पावन तीर्थ क्षेत्र की गरिमा व पावनता हेतु अपने जीवन का अधिकतम समय तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर में ही व्यतीत किया था। सभी साधर्मी बंधुवर समय पर पधारकर महामस्तकाभिषेक आयोजन में सम्मिलित होकर आचार्य द्वारा सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर हेतु किए गए कार्यों का विस्तृत वृतांत 105 गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी के मुखारबिंद से सुनें और क्षेत्र की वर्तमान परिस्थिति में हमें क्या करना चाहिए, इस बारे में अपने-अपने विचार माताजी के समक्ष रखें।

### 'मकर सक्रांति उजाले का पर्व'

**जयपुर, (का.सं.)।** सांगानेर स्थित दिगम्बर जैन अतिषय क्षेत्र मंदिर संघी में आचार्य सुनील सागर ने कहा कि हमें भी अपने जीवन की डोर को सही मांझी के हाथों में दे दो आपकी नैया भव से पार हो जाएगी। आपके जीवन का मांझी देव-शस्त्र-गुरू है। जब तक संसार में संस्कृति और संस्कार है चारों ओर मंगल ही मंगल है और जिस दिन संस्कारों का अभाव हो जाएगा तो प्रकृति अमांगलिक हो जाऐगी, इसलिए संस्कारित समाज होना अति आवश्यक है। उड़ती हुई पंतगों से सीख लो अपने जीवन को इनकी तरह उंचाईयों पर ले जाओ। उन्होंने आगे कहा कि मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य उत्तरायण में प्रवेश करता है तो दिन बडे और रात्रि छोटी हो जाती है, अर्थात जीवन में उजाला ज्यादा और अंधेरा कम होगा। यह त्योंहार भी हमें अपने जीवन को उच्चतम् गति की अग्रसर होना सिखाता है। आचार्य ने आगे कहा कि यह तिल के लड्डुओं का भी त्यौहार है हमें तिल से भी सीख लेनी चाहिए कि जैसे तिलों में तेल, दूध में घी, शरीर में आत्मा होती है लेकिन दिखाई नहीं देती उनको देखने के लिए हमें उनका मंथन करना पडता है। उसी प्रकार अपने में रम जाओगें तो आत्मा को जान पाओगे, देख पाओगे। उन्होंने आगे कहा कि अपनी आत्मा को इतना हल्का कर लो कि पंतग की तरह आसमान की उंचाईयों को छू लो और यदि राग द्वेष की जंजाल में फंस जाओगों तो इस जीवन को पतन की ओर ले जाओगे। शुद्ध खान-पान पर संदेश देते हुए।

### वेटरनरी डॉक्टरों की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर।** सामान्य चिकित्सकों के समान वेतनमान दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे तीन वेटरनरी डॉक्टर्स की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें शनिवार को एसएमएस अस्पताल में भर्ती किया गया है। वेटरनरी डॉक्टर्स ऑफ राजस्थान के बैनर तले 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने में यह डॉक्टर्स पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन कर रहे थे। शनिवार को पीएचसी गांधीनगर के डॉक्टर्स ने इन तीनों डॉक्टर्स के स्वास्थ्य की जांच की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस ने तीनों को एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। उनके स्थान पर डॉ. रामकैलाश, डॉ.सुनील शर्मा और डॉ.भरत सिंह राहड़ धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठ गए। समान कार्य समान वेतन सिद्धांत के आधार पर राज्य के पशुपालन विभाग में कार्यरत वेटरनरी डॉक्टर सामान्य चिकित्सकों के समकक्ष ग्रेड पे, डीएसीपी, नॉन प्रेक्टिस अलाउंस, पीजी इंक्रीमेंट सहित कोर्ट में लंबित 99 वेटरनरी डॉक्टर्स की लंबित भर्ती के पूरा करवाए जाने की मांग कर रहे हैं। अपनी इन मांगों को लेकर 17 दिसंबर से 9 जनवरी तक वेटरनरी डॉक्टर्स ने क्रमिक अनशन किया था और अब 10 जनवरी से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि डॉक्टर्स अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर बिना कार्य बहिष्कार किए गांधीवादी तरीके से अपनी मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार उनके धैर्य की परीक्षा ले रही है। जब तक सरकार मांग नहीं मानती आंदोलन जारी रहेगा।

### सुंदरासन बने युवा सेना राज्य प्रमुख

**जयपुर।** हिंदू ह्रदय सम्राटबाला साहेब ठाकरे के आशीर्वाद से पक्ष प्रमुख एकनाथ संभाशिंदे मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के द्वारा भगवा अंग वस्त्र धारण करवाकर शिव सेना में प्रवेश किया। इसी के साथ शिव सेना पक्ष प्रमुख एव महाराष्ट्र सरकार मुख्यमंत्री एकनाथ संभाशिंदे के आदेशानुसार राष्ट्रीय सचिव केप्टन अभिजीत अडसूल के सहमति से राजस्थान राज्य प्रमुख लखन सिंह पंवार ने रामसिंह सुदरासन को राजस्थान युवा सेना राज्य प्रमुख के पद पर नियुक्त किया। इसी के साथ सुरेन्द्र सिंह डाबरीधीर सिंह को मुख्य सचिव राजस्थान एव आईटी सेल राज्य प्रमुख राजस्थान के पद पर नियुक्त किया। इस मौके पर राज्य प्रमुख पंवार ने बताया कि सुदरासन पूर्व में भी शिव सेना में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उत्कृष्ट कार्य करते रहे हैं। इस मौके पर नवनियुक्त युवा सेना अध्यक्ष ने पक्ष प्रमुख एकनाथ शिंदे साहब और अभिजीत अडसूल साहब और राजस्थान राज्य प्रमुख लखन पंवारका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया की आज जो भगवा वस्त्र मुझे एकनाथने पहनाया है, इसका मान रखते हुए हिंदुत्व को राजस्थान में मजबूत करते हुए शिव सेना की युवा सेना की जिम्मेदारी को मजबूती से निभाते हुए सम्पूर्ण राजस्थान में शिव सेना को मजबूत करेंगे। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह ने भी सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रामसिंह को बधाई देने गजेन्द्र सिंह आचिना, निक्सा बेमोठ, रोहित चौधरी, विक्रम सिंह शेखावत ओर शिव सैनिक उपस्थित रहे।

### मेट्रो ने बढ़ाया संचालन समय व फेरें

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर मेट्रो प्रशासन ने मकर संक्राति के उपलक्ष्य में जयपुरवासियो की यात्रा सुगम करने हेतु 14 जनवरी व 15 जनवरी को अपनी यात्री सेवा का विस्तार करते हुए समय में वृद्धि के साथ-साथ फेरे बढाये है। जयपुर मेट्रो की दोनों दिन दोनों छोर से बड़ी चौपड़ से मानसरोवर व मानसरोवर से बड़ी चौपड़ की और अन्तिम मेट्रो ट्रेन रात्रि 9.20 के स्थान पर 11.40 बजे पर चलाने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो पी.रमेश ने जयपुरवासियो को मकर संक्राति की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि शहरवासी मेट्रो की इस बढी हुई सेवा का देर रात तक बाजारो से खरीदारी व यात्रा का लाभ ले सकेंगे।

# बिना पोस्ट मैन के ही पहुंचने वाला पत्र है प्रार्थना: गोस्वामी मृदुल कृष्ण

**जयपुर, (का.सं.)।** गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 24 वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर,सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज श्रीधाम वृंदावन वालों ने कहा कि प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए पोस्टमैन की आवश्यकता पड़ती हैं, लेकिन ह्रदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन के ही तत्क्षण गन्तव्य स्थान तक पहुच जाती है।



जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर सात में अग्रसेन हॉस्पिटल के पीछे श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया।

कथा क्रम में कपिल देव इति सवांद पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने कहा कि देवहूति जी ने पति कर्दम के वन की ओर चले जाने पर पुत्र कपिल के पास आई और प्रार्थना करते हुए बोली कि हे प्रभु हमें संसार के बंधन से मुक्त होने का मार्ग प्रदान करें। मां देवहूति की प्रार्थना को भगवान कपिल ने तत्क्षण स्वीकार किया और ऐसा उपदेश प्रदान किया कि देवहूति संसार सागर से मुक्त होकर सिद्धिरा नाम की नदी के रूप में परिणित होकर मुक्त हो गई। आगे सती चरित्र की उपारूपान आचार्य ने विस्तार से श्रोताओ को श्रवण कराया जिससे कथा प्रांगण का वातावरण शिव मय हो गया। परम भक्त ध्रुव के चरित्र पर व्याख्यान देते हुए उन्होने कहा कि मात्र पांच वर्ष की अवस्था में ध्रुव को दर्शन देकर अखण्ड राज्य प्रदान करते हुए उनके लिये ध्रुव लोक का निर्माण में कर दिया। आचार्य ने बताया कि प्रभु के दर्शन के लिए व्यक्ति को सत्संग सेवा सुमिरन में हमेशा लीन रहना चाहिए और अपने को मानव बनाने का प्रयत्न करो तुम यदि इसमें सफल हो गए तो तुम्हे इस कार्य में सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। कुसंगति की अपेक्षा अकेले रहना सबसे उत्तम कार्य है। अध्यक्ष रामरतन अग्रवाल व महासचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि कथा प्रसंग के तहत शनिवार को कपिल देवहुति संवाद,ध्रुव चरित्र व 15 को प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार के बाद नंदोत्सव मनाया जाएगा।

# विंटर फेस्टिवल आज से

**जयपुर, (का.सं.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से 15 जनवरी को प्रात: 10 बजे प्रेस क्लब सदस्य एवं बच्चों के लिए तीन दिवसीय विंटर फेस्टिवल का शुभारंभ होगा। पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि डीबीएम के सहयोग से आयोजित किए जा रहे विंटर फेस्टिवल के लिए प्रेस क्लब में वेलकम गेट, मिकी माउस और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजावट की गई है। बच्चे प्रात: 10 से 12 तक मिक्की माउस पर मस्ती कर सकेंगे। बच्चों के लिए पॉपकॉर्न की स्टाल लगाई गई है। इसके बाद क्लब सदस्य व बच्चों को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क का भ्रमण करवाया जाएगा। साथ ही सिटी पार्क के सामने ही राजगंगा कार्निवल में राजस्थानी झूला, ड्रैगन , स्केरी हाउस ( भूत बंगला) सहित अन्य गतिविधियों का बच्चे आनंद ले सकेंगे। बच्चों के भ्रमण के लिए कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र जायसवाल कोर्डिनेट करेंगे। विजिट के लिए परिवहन की सुविधा प्रेस क्लब से की गई है।पिंकसिटी प्रेस क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि विंटर फेस्टिवल में पहले दिन रविवार को प्रात: 11 से 12 तक क्लब मीडिया सभागार में "मीडिया के समक्ष चुनौतियां" विषय पर वर्कशॉप आयोजित होगी, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# समानता के लिए साझा संघर्ष तेज करने का संकल्प



तिरुवनंतपुरम केरल में आयोजित अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के 13वें राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदेश से नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया।

**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) का 13वां राष्ट्रीय सम्मेलन तिरुवनंतपुरम केरल में 6 से 9 जनवरी को "समानता के लिए साझा संघर्ष तेज करो" के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 816 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राजस्थान के 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में अलवर से एडवा की राज्य उपाध्यक्ष रईसा तथा प्रदेश अध्यक्ष कमला मेघवाल, प्रदेश सचिव डॉ.सीमा जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकला वर्मा,प्रदेश संयुक्त सचिव कविता शर्मा,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फरजाना, प्रमिला विश्नोई एवं रजनी शर्मा ने सहभागिता की। राजस्थान की तरफ से कमला

- **तिरूवनंतपुरम में संपन्न हुआ एडवा का 13वां राष्ट्रीय सम्मेलन**
- **राजस्थान के 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में अलवर से प्रदेश उपाध्यक्ष रईसा ने की सहभागिता"**

मेघवाल ने अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय परिस्थिति एवं रईसा ने कार्य एवं संगठनात्मक रिपोर्ट की बहस में हिस्सा लिया।सम्मेलन में पी.के. को नई राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मरियम धवले को पुन: महामंत्री चुना गया। कमला मेघवाल एवं डॉ.सीमा जैन को 103 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य चुना गया। सम्मेलन को एडवा संरक्षक बृंदा करात,राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिनी भट्टाचार्य,विख्यात शास्त्रीय नृत्यांगना मल्लिका साराभाई,क्यूबा से यूथ आइकन चे ग्वेरा की बेटी ऐलाइडा चे ग्वेरा,प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पत्रकार तीस्ता सीतलवाड़,केरल की शिक्षामंत्री आर बिंदु,कोरोना महामारी से बचाव के व्यवस्थाओं के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शैलजा टीचर ने संबोधित किया। विशाल जनसभा को केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने भी संबोधित किया।



## Wikipedia Day

In its more than two decades of use, Wikipedia has become an online resource that many people use in their daily lives. Because it is a user generated place where information can be entered, removed and edited by just about anyone, it is not considered to be a reliable source by educators or for formal research. A massively popular, free, multilingual, online encyclopaedia, Wikipedia has changed the way people do research and get information. Wikipedia Day celebrates the anniversary of the creation of this user-generated online source!



#AOUND-D-WORLD

# Most Unique Marathons

Intro: These marathons promise to be bucket list travel experiences.


Marathon du Medoc, France

Have you resolved to dedicate more time to fitness and travel in 2023? Then these marathons will allow you to kill two birds with one stone. Marathons are no longer just about getting to the finish line. Foot races today are offering participants off-beat opportunities to soak in local culture while on the move.

Some of these races require ample training beforehand, so take note of registration dates and prerequisites. If you want something more leisurely, stay away from the ultramarathons and opt for shorter versions of these races, often conducted simultaneously.

Either way, these marathons promise to be bucket list travel experiences. Each of them also highlights a feature or structure unique to their respective regions.

### Marathon du Medoc, France

Who said a marathon needs to leave you sweaty and tired? Participants in the Marathon du Medoc in France are treated to refreshments like wine, oysters, steak and ice cream as they run through beautiful vineyards near Bordeaux.

Along with food tastings, runners are regaled with musical performances by the small orchestras that dot the 42km course. Held since 1985, this race is also popular because runners are required to dress in costumes based on a yearly theme.

Past editions have seen themes like cinema, superheroes, circus, the animal kingdom and so on. The theme for 2023 is gastronomy.

### Big Five Marathon, South Africa

A far cry from classic city marathons with noise and traffic, the Big Five Marathon takes place in the savannahs of Entabeni Game Reserve in the Limpopo Province in South Africa. The race is thus named because participants may find themselves running alongside some of the 'Big Five'-lions, leopards, elephants, rhinos, and buffaloes-at a thrilling distance.

There are no special artificial barriers or enclosures set up within the reserve. However, the 42.2km course is under aerial and on-ground surveillance to ensure that the animals don't get too close for comfort.

### Athens Classic Marathon, The Authentic, Greece

At the Athens Classic Marathon The Authentic, participants are said to trace the footsteps of the famed messenger Pheidippides. According to an ancient Greek, he is the one who brought the news of the Greek victory over the Persians during the Battle of Marathon in 490 BC. Although set in urban terrain, the course slopes uphill and downhill in many places.

The finish line is at the glorious Panathenaic Stadium, the world's only stadium made entirely of marble. Also known as the Kallimarmaro, this stadium has hosted the Panathenaic Games in ancient times as well as certain editions of the modern Olympic Games. Since 1982, the Athens Classic Marathon has been dedicated to the memory of GregorisLambrakis, a revered anti-war activist who was himself a track and field athlete.

### Inca Trail Marathon , Peru

If you're looking for another epic run, sign up for the Inca Trail Marathon. Participants in this race take a scenic yet gruelling route in the Andes Mountains to reach Machu Picchu, the legendary "Lost city of the Incas."

This route is one believed to have been followed by ancient pilgrims who wanted to visit the religious capital of the Inca Empire. The steep ascents and uneven terrain that characterise the Inca trail have led many to term it one of the most difficult marathons in the world.

### The Great Wall Marathon, China



The Great Wall Marathon offers you the unique opportunity to actually run on one of the new seven Wonders of the World. With a distance of more than 40km, steep steps, frequent rubble and overgrown terrain, this ultramarathon is also considered to be one of the most challenging in the world.

### The Khmer Empire Marathon , Cambodia


The Khmer Empire Marathon offers not only a feast for your eyes but also upliftment for your soul. Participants race across the magnificent Angkor Wat temple complex in Cambodia, considered to be the largest religious monument in the world.

This marathon is another memorable historic experience as the structures and ruins in the complex date back to the 12th century. The course itself is smoother than most of the others on this list.

On the way, marathoners will pass by ancient temples, rice fields and forests. Throughout the year, half marathons and other races also take place here.


Big Five Marathon, South Africa

It is often said that when a student is ready, the teacher appears and when he is truly ready, the teacher disappears. Dr. Pavan Shorey's life has been a roller coaster of a myriad of emotions which he has learned to deal with. He believes meeting his guru helped him to gain a new lease of life.


Dr. Pavan Shorey at Chaukhamba.

# A Doctor With His Eyes Wide Open (...2)

#DOCTOR-ON-A-SPIRITUAL-QUEST


Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

The well-known author Louise Hay says that the professions that we choose are more than our bread and butter. They also represent and help us to find our purpose in our lives. Dr. Pavan Shorey, who is actually a poet and a writer at heart, chose to become an ophthalmologist, a doctor of the eyes. He has helped millions to see the world but little did he know that finding a guru would also help him to see the world with new eyes.

'In our initial meetings, my guru told me that though the tragedy has happened but life has to go on. He told me to wait for time to heal me and in the meanwhile do my karma of looking after my parents and my son. He wasn't one of those saffron clad gurus with ashrams. In fact, he was a householder. He never asked his followers for any money or any materialistic thing. In fact that is one mark of a true guru. He will never ask you for any money or anything materialistic. Every evening we would meet in his house in Jaipur. There were 10-15 of us who were regular attendees. He had a lot of followers in different countries too. We would start our sessions with a meditation. After that, there were discourses which were mostly about the questions that his disciples asked. In the end of the session, we would recite the hanuman chalisa.'

So, what made him write 'Conversations on a Park Bench' and 'The Mountain Deer'?

'I was associated with my guru for about ten to fifteen years. He had helped me to overcome my grief and see the world in a different way. Though he passed away in 2018, even when he was around, I always wondered why can't there be a book with his teachings in it? When I sat down to write 'Conversations on a Park Bench', in 2012, I had initially thought of writing about a lady who is groped by her boss and experiences vishad and wonders about the purpose of her entire existence. But then, I thought of taking my story and fictionalizing it.'

### Fiction Meets Real Life

How long did it take for him to write the two books? 'I finished 'Conversations on a Park Bench' within a year. My friend Nihal was incredulous when I told him that I had written the book in a year. According to him, a book takes years of research and writing. However, I took four years to write my second book 'The Mountain Deer'. '

But why didn't he think of writing an autobiography? 'I don't believe that I am that important. I had read somewhere that the great author Khushwant Singh had once told Amrita Pritam that the story of her life was so inconsequential and tiny that it could be written on the back of a revenue stamp. I too am of the same opinion. Moreover, I believe when you write fiction, you have the liberty to create conflict to keep the narrative flowing. A personal story is quite boring because you just keep listing your achievements and failures.'

So, are there some instances in the book where fiction meets real life? 'Yes, in fact many. But there is one incident that I can never forget. In my book 'Conversations on a Park Bench', there is a chapter titled 'Who Am I' where the protagonist Vivek is going to a meeting with his colleague Prashant. He waits for him in the parking lot of the building where he sees the watchman sitting with his wife. Their small daughter (who is toddler) is playing nearby. Prashant comes down and they get into the car. Just then, Prashant's phone rings and he starts reversing the car while talking on the phone. As he backs the car, they hear a thump sound. They get out of the car to find that the watchman's small daughter has been crushed under the car. Vivek is shaken by the incident but he sees that his friend is so materialistic that he has no qualms about what he has done. He strikes a deal with the watchman and the doctor who was in charge of the case and wriggles out of the situation by paying both of them some money. When the watchman protests, he tells him that the child was a girl and had she lived he would have had to pay a lot of money for dowry and her marriage. So, this amount is good enough for him. Later he boosts to Vivek about how he used his 'marketing skills' to get out of the situation. Vivek feels repulsed and it is then that he questions himself about his life and who he really is.


The trekker Doctor.


On a trek to Tunganath.


This chapter was based on a real incident. There was a man who brought the body of a small child to the hospital and I could see that the poor mother of the child sitting and crying helplessly. My friend got out of the situation by giving her a mere 30,000 rupees. Tears came into my eyes when I saw the plight of this couple and I was repulsed by the whole thing. How can someone be so callous and cruel?'


### Turning Points

'There is another incident in the book that has been inspired from real life. In the book, after his wife Radhika's death, Vivek's father-in-law asks him to return the flat which was a wedding gift to the couple. Vivek feels bad but his guru advises him to become detached with such materialistic things and return the flat. This again happened with a friend of mine. When his wife died leaving behind his infant son, his in-laws took away the baby on the pretext that he will not be able to take care of the baby. They held the baby to ransom and demanded his wife's provident fund money, jewellery, car etc. My friend was distraught and asked Guruji for advice. Guruji promptly asked him to return everything and get his son back.'

In both his books, death has been the turning point in the story. Being a doctor, how does death affect him?

'As a result of years of medical training, doctors develop a clinical detachment from death. Though in my speciality deaths are quite unheard of, yet I too have developed a detachment from death. This is not taught; it is just something that is passed on from seniors to juniors. But then, years of studying spirituality have also taught me that even when the body dies, there is something that remains alive. I remember an incident that I have also mentioned in my book where I had gone to meet a friend's wife in the hospital. She had 80 percent burns as a result of a gas cylinder that had burst in her home. In such a scenario there are almost nil chances of survival and the doctors cannot do anything except give palliative pain killers to the patient. When I entered the room, she was lying in covered frame. She asked me who I was and when I said it was me, Pavan, she recognised me. It was then I realized that though the body had almost gone, there was something in her that was still recognizing and responding to me. She passed away after a couple of days.'


On a trek in the mountains


In the valley of flowers


From Dr. Shorey's garden

> I regularly go on treks to the mountains. I have trekked to the Valley of Flowers, the Great Lakes of Kashmir and many other such places. When I am at home, I like to spend time gardening. I love to see my flowers grow and bloom. I like reading and listening to the works of Meena Kumari, Sahir Ludhianvi, Neeraj and many other famous poets.

### All-time Inspiration

From a bystander's point of view, Dr. Shorey's life has been quite a journey. So, doesn't he feel lonely? 'No, I don't. I have my practice where I see my patients. My son who is 37 years old is married and we keep meeting every now and then. I spend a lot of time with my friend Nihal and his family. Apart from this, I regularly go on treks to the mountains. I have trekked to the Valley of Flowers, the Great Lakes of Kashmir and many other such places. When I am at home, I like to spend time gardening. I love to see my flowers grow and bloom. I like reading and listening to the works of Meena Kumari, Sahir Ludhianvi, Neeraj and many other famous poets. I love the bhajans of Mira Bai. But my all-time inspiration remains Robert Frost. I also keep writing new stories and poems. In fact, I have recently written a new poem that talks about my life at 60 something.'

### I am still a young 60 something

*I used to walk a kilometre in 10 minutes,*
*Now I do it in fifteen.*
*I get a little breathless, a little tired,*
*But I am still fit like a teen.*
*I am still a young 60 something.*

*I get a muscle pull in my bums,*
*Or a sharp pain in the back.*
*Docs say it is aging,*
*I say I am fit to lift a wheat sack.*
*I am still a young 60 something.*

*I get up from the bed,*
*The whole world reels around me.*
*My friends say cervical spondylosis,*
*But I can easily bend over backwards for all to see.*
*I am still a young 60 something.*


*I get up twice at night to pee.*
*My friends say it is prostate,*
*I have too many fluids at night,*
*Guys, you have this negative trait.*
*I am still a young 60 something.*

*I see a beautiful woman,*
*My heart skips a beat.*
*Where the mind goes, the body doesn't follow,*
*All fantasies take a retreat.*
*I am an old 60 something.*

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com

**Please** join us on the 15th of January, 4 p.m. for an exclusive interaction with Dr. Pavan Shorey where he will be talking about his books, trekking, life and much more at Sudharma, Chameliwala Market, Opposite GPO, MI Road, Jaipur.


Dr. Pavan Shorey on a trek to the Great Lakes of Kashmire.

#BRAVERY

# Indian Army Day

The history of the Indian Army dates back to the early 18th century, when the East India Company established a standing military presence in the country. The Army played a key role in the Indian Rebellion of 1857, also known as the Indian Mutiny, and in the subsequent annexation of India by the British Empire.

Honouring the sacrifices and achievements of the Indian Army, Indian Army Day is celebrated on January 15th each year. Parades and military displays are held, and awards are given to recognize the bravery and service of the soldiers. It's also a time for the nation to remember the sacrifices made by soldiers who have lost their lives defending the country.

### History of Indian Army Day

The history of the Indian Army dates back to the early 18th century, when the East India Company established a standing military presence in the country. The Army played a key role in the Indian Rebellion of 1857, also known as the Indian Mutiny, and in the subsequent annexation of India by the British Empire. After India gained independence in 1947, the Indian Army played a crucial role in defending the country against external aggression and internal conflicts. Today, the Indian Army is one of the largest and most powerful military forces in the world, with a significant presence on the global stage.

Indian Army Day marks the appointment of General Kodandera Madappa Cariappa as the first Indian Commander-in-Chief of the Indian Army in 1949. Prior to this appointment, the Indian Army was led by British officials. The decision to appoint an Indian as the head of the Army was a significant step towards greater autonomy and independence for the country. Since then, Indian Army Day has been celebrated annually on January 15th to recognize the service and contributions of the Indian Army.


General Kodandera Madappa Cariappa.



### How to Celebrate Indian Army Day:

Indian Army Day is celebrated across India by the general public, as well as by members of the military and government officials. There are a variety of ways that individuals can participate in the celebration of Indian Army Day

### Attend a Parade or Military Display

Many cities and towns host parades and other events to mark Indian Army Day. These events often feature displays of military equipment and demonstrations by various branches of the Indian Army. Attending one of these events is a great way to show your support for the military and learn more about the work that they do.

### Display the National Flag

One simple way to show your support for the Indian Army is to display the national flag. This can be done at home, at work, or in any other public place. You can also consider wearing clothing or accessories that feature the flag.


### Show your Appreciation to Members of the Military

If you know someone who is serving in the Indian Army, take the time to thank them for their service and sacrifice. You can also consider writing a letter or making a phone call to a soldier serving overseas. Additionally, you can make a donation to organizations that support the military and their families.

### Participate in a Community Service Project


Another way to honour the Indian Army is to engage in community service. This could involve volunteering at a veterans' hospital, working with a military-focused non-profit organization, or participating in a local fundraiser for the military. By giving back to your community, you can show your appreciation for the sacrifices made by members of the military and their loved ones.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अनशन कर रहे जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

## एम.जी.एच. में भर्ती कराए एक अनशनकारी का ऑक्सीजन लेवल कम होने पर उपचार किया



जोधपुर सेंट्रल जेल के बाहर जेल प्रहरियों ने प्रदर्शन किया।

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर सेंट्रल जेल के बाहर अन्न त्याग कर आंदोलन कर रहे जेल प्रहरियों की शनिवार दोपहर को तबीयत खराब हो गई। दो प्रहरियों को तुरंत महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। जिनमें से एक प्रहरी का ऑक्सीजन लेवल कम आया है। चिकित्सकों ने दोनों का उपचार शुरू कियाहै। अस्पताल में उपचार करवा रहे प्रहरी बोले -जब तक आंदोलन की मांगें नहीं मानी जाती, वे अनशन और आंदोलन जारी रखेंगे।

गौरतलब है कि जोधपुर सहित पूरे प्रदेश में जेल प्रहरी वेतनमान बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। शुक्रवार से उन्होंने पूरे प्रदेश में मैस का बहिष्कार कर अनशन शुरू किया। शनिवार को दूसरे दिन जोधपुर सेंट्रल जेल के बाहर अनशन पर बैठे दो प्रहरियो मुकेश विश्नोई और राजूराम बिश्नोई की तबीयत खराब हो गई।

जिन्हें तुरंत एंबुलेंस बुलवाकर महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां मुकेश विश्नोई का ऑक्सीजन लेवल कम आया है। जिस पर चिकित्सकों ने आपातकाल में उपचार शुरू किया। इधर दूसरे दिन भी सेंट्रल जेल के बाहर धरना और अनशन जारी रहा। दो प्रहरियों की तबीयत खराब होने के बाद कुछ साथियों ने अस्पताल पहुंचाया और बाकी साथी धरना स्थल पर ही मोर्चा संभाले बैठे रहे।

## मेड़ता में कर्मचारी की तबियत बिगड़ी




भूख हड़ताल पर बैठे कार्मिकों की डॉक्टर टीम ने जांच की।

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** वेतन विसंगतियों को लेकर मेड़ता जेल में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में से एक कर्मचारी की तबियत बिगड़ गई। तबियत खराब होने पर मैडिकल टीम मौके पर पहुंची और इलाज किया।

जेलर जयसिंह ने बताया कि वेतन विसगतियों को लेकर 9 जेल प्रहरी भूख हड़ताल पर बैठे थे। इसमे कर्मचारी सुमन की तबियत बिगड़ी इसपर मेडिकल टीम को बुलाया गया। इसमे डॉ रविंद्र तंवर, सुनील विश्नोई व हेमाराम इनानिया ने जेल प्रहरी का चेकअप किया जिसमे महिला सुमन की तबियत खराब व शुगर लेवल कम हो गया जिसका मेडिकल टीम द्वारा इलाज कर मेड़ता राजकीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया। बाकी 8 प्रहरी स्वस्थ है।

# धौलपुर में बजरी माफियाओं के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

## 10 थानों की पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई



पुलिस टीम ने मोरोली गांव में बजरी माफिया के ठिकानों पर दबिश दी।

- **करीब दो दर्जन मोटरसाइकिल और तीन ट्रैक्टर ट्रॉली किए जप्त**

**धौलपुर, (निसं.)।** धौलपुर पुलिस ने शनिवार को 10 पुलिस थानों की टीम एवं आरएसी के जाप्ता ने कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मोरोली का पुरा में बजरी माफिया और बदमाशों के संबंधित ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर, बाइक समेत तीन बदमाशों को भी राउंडअप किया है।

एडिशनल एसपी बचन सिंह मीणा ने बताया पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश में बजरी, बंदूक, बागी एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया शनिवार को 10 पुलिस थानों की टीम के साथ आरएसी जाप्ते को साथ लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मोरोली का पुरा में बदमाश और बजरी माफियाओं के ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो दर्जन बाइक, दो ट्रैक्टर एवं तीन बदमाशों को राउंडअप किया है। उन्होंने बताया अचानक की गई कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

अधिकांश बजरी माफिया पुलिस की रेड को देख फरार हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। एडिशनल एसपी ने बताया बदमाश और माफियाओं के खिलाफ पुलिस का धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। जब्तसुधा वाहन एवं राउंडअप किए गए बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूनिटी फ्लेम रन धौलपुर से रवाना



तीन हजार किलोमीटर की दौड़ पूरी कर धौलपुर पहुंची यूनिटी फ्लेम रन टीम को रवाना किया।

**धौलपुर, (निस)।** कर्नल के.एस. बधवार सेना पदक वीरता, कर्नल डी.एस. मलिक और कर्नल ए.एन. झा 3000 किलोमीटर की दौड़ यूनिटी फ्लेम रन का 55 दिन का सफर तय कर के पिछले दिन धौलपुर में पहुंची। कर्नल के. एस . बधवार अपनी इस दौड़ के 55 दिन के सफर में 2750 किलोमीटर का सफर पूर्ण कर चुके है। आज इस यूनिटी फ्लेम रन को धौलपुर से रवाना किया गया।

कोटा ग्रुप हेडक्वाटर के ग्रुप कमान्डर कर्नल महेन्द्र सिंह, 6 राज इंडेप कम्पनी एनसीसी भरतपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जे.आर.दत्ता रॉय, 3 राज आटलरी बटालियन एनसीसी भरतपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल वी.एन. झा और पं. उमा दत्त पब्लिक स्कूल धौलपुर के प्राचार्य डॉ पंकज वाशिष्ठ व थर्ड ऑफिसर राशिद खान ने एकता की प्रतीक मशाल को कर्नल के. एस. बधवार के हाथ में शौंपकर और यूनिटी फ्लेम रन को हरी झांडी दिखाकर धौलपुर से रवाना किया। 6 राज एनसीसी भरतपुर के सभी अधिकारी व पी.आई. स्टाफ व पं. उमा दत्त पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने कर्नल के.एस. बधवार के साथ-साथ दौड़कर उन्हे धौलपुर से विदा किया। कर्नल के.एस. बधवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## घातक हो सकता रेलवे लाइन के आस-पास पतंग उड़ाना

**कोटा, (निसं)।** कोटा मंडल के क्षेत्राधिकार में फैली हुई रेलवे लाईन, पूरी तरह विद्युतीकृत है। विद्युतीकृत रेलवे लाइनों के ऊपर 25000 वोल्ट के ओवर हेड तार लगे हुए हैं। यह देखा गया है कि मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में पतंगें उड़ाई जाती हैं।

पतंग उड़ाने के लिए मेटेलिक धागे का उपयोग किया जाता है, जिसके कारण 25000 वोल्ट के तारों के आस-पास पतंग उड़ाना जान लेवा साबित हो सकता है। आम लोगों से अपील है कि सावधानी बरतें तथा रेलवे लाइनों से पर्याप्त दूर रहकर पतंग उड़ाएं तथा त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से दूर रहें।

# चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा व एमपी पहुंचे अंतिम चार में

## राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता



मिर्धा पार्क में जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करती छात्राएं।

**डीडवाना, (निसं)।** स्थानीय मिर्धा पार्क में चल रही 44वीं राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के शनिवार अंतिम आठ के खेले गए मुकाबलों में चंडीगढ, हरियाणा, दिल्ली व मध्यप्रदेश ने अंतिम चार में प्रवेश कर लिया है। आयोजन समिति के डॉ सोहन चौधरी ने बताया कि चंडीगढ ने पंजाब को 20-15 से, माध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 18-08 से, दिल्ली ने तमिलनाडु को 25-13 से व हरियाणा ने हिमाचल को 20-10 से हराकर सेमी फाइनल मुकाबलों में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही अंतिम आठ में हारी हुई टीमों के बीच पांचवे से आठवें स्थान के लिए मुकाबले हुए।

क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के दौरान खिलाडियों के बीच पहुंचे अथिति सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि बेटियों को बंदिशों से आजाद कर दो ताकि खुले आसमान में निश्चिन्त होकर परवाज कर सके। उन्होंने कहा कि देश भर से पांच सौ से ज्यादा खिलाडियों ने डीडवाना की जमीन पर जिस कौशल का परिचय दिया वो निसंदेह यहां की बेटियों को आगे बढ ने में मदद करेगा। युवा नेता सुरेश विमान ने कहा कि खेल क्षेत्र का चयन कर उसमें स्वयं को स्थापित करना कोई इन बेटियों से सीखे। बैंकर्स प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि समाज की बदली सोच का परिणाम इस मैदान में देखने को मिल रहा है हम बदल रहे है यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि देश भर की बेटियां मैदान में है मतलब साफ है अब समय बेटियों का है।

इस अवसर पर जवाहर लाल चौधरी, गजेंद्र भाटी, सुगना राम, पूर्व विधायक भंवरा राम सुपका ने भी संबोधित किया। स्वागत समिति के डॉ बजरंग सिंह राठौड ने बताया कि फाइनल मुकाबले रविवार को प्रातः 11 बजे खेले जाएंगे जिसमे साहित्य अकादमी सदस्य तसनीम खान ओलम्पिक संघ सचिव अरुण सारस्वत, राजस्थान कब्बडी संघ अध्यक्ष तेजस्वी अथिति होंगे। एचएफआई के महेश हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता बेहतर तरीके से सम्पन्न होने जा रही है इसके लिए डीडवाना की जनता व आयोजन समिति धन्यवाद की पात्र है।

# बाल संरक्षण आयोग ने भरा संकल्प पत्र

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में चल रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग उत्सव में सामाजिक संगठन सत्यमेव जयते सिटीजन सोसायटी की ओर से भरवाए जा रहे जनहित के संकल्प पत्र को भरने के साथ आमजन से बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम रोकने का आहवान किया। सोसायटी की अध्यक्ष विमला ने बताया कि राजस्थान में बच्चों के बेहतर से बेहतर विकास करने से लेकर बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम रोकने की कोशिशों में जुटी बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता की प्रेरणा से ही सत्यमेव जयते सिटीजन सोसाइटी की टीम ने 300 बच्चों को बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति से छुटकारा दिलाकर शिक्षा से जोड़ने का काम किया है।

# लॉ एडं ऑर्डर के मुद्दे पर घेरा सरकार को

**जोधपुर, (कासं)।** स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कानून-व्यवस्था की स्थिति है। दिन-दहाड़े लूट की घटनाएं हो रही हैं। लुटेरे पकड़े नहीं जा रहे हैं। इससे समाज में दहशत का माहौल है। इस सबका खामियाजा आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ेगा।

शनिवार को अपने निवास पर शेखावत ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अभी जन आक्रोश यात्राओं के तहत राजस्थान के लगभग सभी क्षेत्रों में जाने का अवसर मिला। केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में राजस्थान पिछड़ रहा है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो या जल जीवन मिशन हो, इसके कारण जनता के मन में भारी आक्रोश है। यह जन आक्रोश यात्रा में भी सामने आया और सामान्य जनसुनवाई में भी देखने को मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से राजस्थान में कानून-व्यवस्था की स्थिति है। उससे जुड़ी हुई बहुत सारी समस्याएं आती हैं। दिन-दहाड़े लूट की घटनाएं हो रही हैं। एक-एक महीने तक कोई कार्रवाई नहीं होती है। लूटेरे पकड़े नहीं जा रहे हैं। इससे समाज में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस सबका खामियाजा आने वाले समय और आने वाले चुनाव में कांठोस की सरकार को भुगतना पड़ेगा।

# मंत्री परसादी की समझाइश के बाद धरना, प्रदर्शन समाप्त



कृषि मंडी गेट के बाहर धरने पर बैठे व्यापारियों से समझाइश वार्ता करते चिकित्सा मंत्री मीणा।

**मंडावरी, (निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा शनिवार को मंडी व्यापारी सेवा समिति द्वारा मंडी में तेरह दुकानों मे हुई चोरी की वारदात के विरोध में विगत तीन दिनों से किए जा रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे । जहां चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल से समझौता वार्ता करने के बाद चिकित्सा मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन पर मंडी व्यापारियों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया गया। इस दौरान व्यापारियों ने करीब डेढ किलोमीटर दूर स्थित बैंक से नगदी लाने ले जाने के दौरान कोई अप्रिय वारदात होने की भी गुंजाइश बताई ।

व्यापारियों की मांग पर मंत्री मीणा ने कहा कि जल्द ही मंडी परिसर में अर्बन कोपरेटिव बैंक की शाखा एक माह मे खुलवा दी जाएगी एवं मंडी परिसर की दुकानों में हुई चोरी की वारदात का खुलासा भी जल्द करा दिया जाएगा। साथ ही मंडी सुरक्षा में प्रशिक्षित एवं दक्ष गार्डों को ही लगवाया जाएगा। मंडी व्यापारियों द्वारा मंत्री मीणा को अवगत कराते हुए बताया गया मंडी में गार्ड होने के बाद भी चोरी की घटना हुई है। ऐसे में गलत कार्यों को प्रोत्साहित करने वाले मंडी कार्मिकों पर भी जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए । समझाइस वार्ता के दौरान मंडी अध्यक्ष गिरिराज महारिया सत्यनारायण दादा भाई सीताराम मित्तल सतीश चौधरी रमेश पटवारी मुकेश चौधरी रामचरण भगत विमल बोरदी मनोज बजाज आदि कई मंडी व्यापारी मौजूद रहे।

## अवैध बजरी डंपरों के खिलाफ प्रदर्शन

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में अवैध बजरी से भरे डंपर दनदना दौड़ रहे है। पुलिस के बेरिकेड को तोडऩे के साथ लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहे है। शनिवार की सुबह कुछ ऐसा ही नजारा देखा गया। दनदनाते आए एक बजरी डंपर चालक ने ना सिर्फ लोगों की जान को जोखिम में डाला बल्कि पुलिस के सामने ही अवैध बजरी से भरा डंपर खाली कर भाग गए। गुस्साएं लोगों ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस ने लोगों से समझाइश कर रास्ता खुलवाया। शहर के शिकारगढ़ व डिगाडी इलाके में तेज भागते बजरी के डंपरो का कहर देखने को मिल रहा है। शिकारगढ़ से डिगाड़ी की तरफ आ रहा तेज डंपर को जब पुलिस ने रुकवाने की कोशिश की तो कई बिजली के तारों को तोड़ते हुए भाग गया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो गया और लोगों ने प्रदर्शन किया।

स्थानीय लोगों का कहना था कि इस इलाके में पूरे दिन बजरी के डंपर भागते रहते है। जिसके चलते आए दिन हादसे देखने को मिलते है। वे चाहते हैं कि पुलिस दिन में बड़े वाहनों के प्रवेश पर इस इलाके में रोक लगाएं ताकि यह हादसे नहीं हो। कुछ दिनों पूर्व भी इस इलाके में एक बच्चे को डंपर ने कुचल दिया था। उस डंपर का अब तक कोई पता नहीं चला है। लोगों का कहना था कि उन्होंने इस मामले को लेकर आला अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# 'चंबल का पानी नहरों से नहीं आया तो किसानों के लिए दिल्ली दूर नहीं'

## भोपुर-बहादुरपुर गांव की गंभीर नदी के एनीकट पर 200 गांवों के किसानों ने किया एलान

**हिण्डौन सिटी, (निस)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के आव्हान पर शनिवार को भोपुर-बहादुरपुर की गंभीर नदी के एनीकट के पास किसान महासभा आयोजित हुई, जिसमें 200 गांवों के 50 हजार से ज्यादा किसानों ने भाग लिया। किसान महासभा में महिलाएं भी हजारों की संख्या में शामिल हुई।

इस मौके पर किसान नेता रामनिवास मीना और युवा किसान नेता रविन्द्र मीना के आगाज का समर्थन करते हुए किसानों ने एलान किया कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने की ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनाया तो किसान दिल्ली का सिंहासन हिला देंगे। किसान महासभा को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने ईआरसीपी के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी और कहा कि किसान ऐसे ही पूरी ताकत से एकजुटता दिखाएं तो सरकार को हर हाल में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करना पडेगा। उन्होंने कहा कि किसान की कोई जाति और कोई धर्म नहीं होता। किसान दिन रात मेहनत कर देश का पेट भरने का कार्य करता है।



ईआरसीपी के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास ने महासभा को सम्बोधित किया।

महासभा में युवा किसान नेता रविन्द्र मीना ने कहा कि ईआरसीपी 13 जिलों का भविष्य है। इस कारण किसानों को आने वाली पीढी के सुरक्षित भविष्य के लिए चंबल के पानी पर अपना हक हांसिल करना होगा। रविन्द्र मीना ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से किसानों को पानी की महत्वता भी बताई। इस मौके पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवचरण सिंह कैमरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह गुर्जर, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, करौली के जिलाध्यक्ष सियाराम मीना, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष संगीता गुर्जर, कोमल शर्मा अलवर, युवा प्रदेशाध्यक्ष हरिमोहन आजाद, दौसा के युवा अध्यक्ष देव पटेल, छात्रसंघ, दौसा के अध्यक्ष संजय गुर्जर, केदार लाल मोरडा, प्रहलाद सिंह चैहान, सतेन्द्र कंजौली, हिम्मत ताजपुर, देवेन्द्र खटाना, सरपंच बहादुर सिंह गुर्जर, राजकुमार मीना, शीशराम महस्वा, रामदयाल पटेल, रामनरेश एडवोकेट, खेमसिंह ताजपुर, पृथ्वीराज खटाना कैमरी, रामनिवास आखावाडा, अमर सिंह मेरेडा, हाकिम सिंह पावटा, पूर्व सरपंच मुकेश मीना, जयसिंह मीना सहित 13 जिलों से आए किसान प्रतिनिधियों और पंच-पटेलों ने भी किसानों को संबोधित किया।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर एवं नगर विकास न्यास के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आज नगर विकास न्यास अलवर द्वारा शहर में कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने मोती डूंगरी पर कराए जा रहे सौन्दर्यकरण कार्य तथा जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण निर्देशित किया कार्यों में गुणवत्ता आदि का पूर्ण रूप से ध्यान रखे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोती डूंगरी पर जनसुविधाओं के लिए कैफेटेरिया, टेलीस्कोप इत्यादि की संभावनाएं तलाश करें। उन्होंने जेल चौराहे पर कराए जा रहे रोड चौडाइकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने टैऊफिक जाम की समस्या के निराकरण एवं यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को सडक के चौडाइकरण कार्य के बीच में आ रहे विद्युत पोलों को शिफ्ट कराने के निर्देश दिये ताकि आमजन को यातायात संबंधी परेशानी का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने शालीमार नगर योजना में निर्माणाधीन 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि यहां रहने वाले लोगों को विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्माण कार्य में गति लाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करावे। इस दौरान नगर विकास न्यास के सचिव जितेन्द्र सिंह नरूका, मुख्य अभियन्ता पी.के जैन, भूमि अवाप्ति अधिकारी सोहन सिंह नरूका, आीक्षण अभियन्ता विनीत नगायच, अधिशासी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, योगेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता दिनेश कुमार,मनोज मीणा तथा कनिष्ठ अभियन्ता मनोहर मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला मुख्यालय की मांग को लेकर पोस्टकार्ड लिखे

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के नेतृत्व में चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों से विराटनगर को जिला मुख्यालय बनाने की आवाज अब जोर पकडती जा रही है। गांव सुरपुरा में सैकडों लोगों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पोस्टकार्ड लिखकर विराटनगर कस्बे को जिला मुख्यालय बनाए जाने या क्षेत्र को यथावत जयपुर जिले में रखे जाने की मांग की है। युवा नेता अजय जेवरिया ने कहा कुंडला क्षेत्र के लोगों के लिए गुलाबी नगर जयपुर ज्यादा नजदीक एवं सर्व सुविधा युक्त है। जन भावनाओं के मध्य नजर राज्य सरकार को इस मामले पर ध्यान देने की मांग करते हुए घर घर से पोस्टकार्ड लिखे जा रहे हैं। व्यापक स्तर पर जन जागरण कर लोगों को इस मुहिम से जोडा जाएगा आवश्यकता पडी तो धरना, प्रदर्शन और अनशन भी किया जाएगा। बलाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष छीतरमल मोरोडिया ने इस मौके पर कहा क्षेत्र के लोगों की मांग जायज है। हमें जयपुर जिले में ही यथावत रखा जाए या फिर विराटनगर कस्बे को जिला मुख्यालय बनाया जाए हम सब एक साथ इस मांग का समर्थन करते हैं। इस अवसर पर सोहनलाल जेवरिया, लालचंद जेवरिया, अशोक कालावत, अशोक कुमार, सतीश शर्मा, ठेकेदार कैलाश चंद्र जेवरिया, मालीराम जेवरिया, विकास नारनोलिया, गणपत लाल शर्मा, मुकेश नारनोलिया, सौरभ सारदुल, विनोद नारनोलिया, गंगाराम नारनोलिया, सुरेश नारनोलिया, पप्पू राम नारनोलिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### चारे के लिए आगे आए भामाशाह

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** गोविन्दगढ़ कस्बे के एनएच 52 स्थित शिव चारा डिपो पर विधायक रामलाल शर्मा द्वारा चलाए गए गौ ग्रास अभियान के तहत भामाशाहों द्वारा मकर सक्रांति के पावन पर्व पर दानपुण्य के क्रम में क्षेत्र कि अलग-अलग गोशालाओं में गायों के लिए चारे से भरी गाड़ियां रवाना की। विधायक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 3 ट्रक चारे के सिंगोद ओंकारेश्वर गौशाला के लिए सूर्यावाली ढाणी निवासी भामाशाह भूराराम, जमनलाल, अर्जुनलाल, भागीरथ,रामकुमार गोविंदराम, बिछवालिया, नरसाराम जाजडोलिया, महावीर, विष्णु शर्मा ने सहयोग किया। स्याऊ श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के लिए धोबलाई निवासी एडवोकेट श्यामसुन्दर शर्मा की ओर से एक पिकअप गायों के लिए भिजवाई गयी। इस मौके पर गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, भगवान सहाय यादव, लोकेश, तुलसीराम डेनवाल, उमेश, नाजुकरामसिंह कुमावत ने भामाशाहों का माल्यार्पण कर उनका इस नेक कार्य में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

### गौशाला को 51 हजार की राशि दान

**सांभरझील, (निसं)।** गुढा में एक भामाशाह परिवार की ओर से अपने माता पिता की स्मृति स्वरूप गौशाला को 51000 की राशि दान की गई। गुढ़ा गौशाला समिति के अध्यक्ष गजानंद ने बताया कि जीवन, श्रवण,सोहन व जगदीश गहलोत ने गौशाला समिति के उन्नयन के लिए नगद राशि प्रदान की है। इसके अलावा मकर सक्रांति के अवसर पर गौशाला में शनिवार एक लाख बीस हजार रूपए की नगद राशि गो सेवार्थ कार्यो के लिए प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त गौशालाओं में श्रद्धालुओं ओर से दस क्विंटल गुङ, दस क्विंटल अनाज और दो ट्रेक्टर ट्रॉली चारे का सहयोग प्राप्त हुआ। गौ माता समिति के सभी सदस्यों द्वारा उक्त दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि से गायों के लिए गौशाला में सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

### बालाजी मंदिर के दानपात्र से चोरी

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादेड़ा के ग्राम ढूँसरी स्थित बालाजी के मंदिर में शुक्रवार रात्रि को अज्ञात चोर मंदिर की दीवार में चुने हुए लोहे के दान पत्र को तोड़कर हजारों रुपए की राशि चुरा कर ले गए। मंदिर पुजारी भगवान शर्मा एवं समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह जब मंदिर में श्रद्धालु और आरती इत्यादि के लिए मंदिर आए तो मंदिर में चोरी की जानकारी मिली, दानपात्र को लगभग 10 वर्षों से नहीं खोला गया था जिसमें हजारों रुपए की नगद धनराशि थी जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। सूचना मिलते ही 100 नंबर से पुलिस को सूचना दी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर तफ्तीश में जुटी हुई है। कालूराम, श्योजीराम, रामफूल गुर्जर, रामनारायण गुर्जर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व भी मंदिर में चोरी हो गई थी।

### कस्बेवासियों ने दान पुण्य किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अलसुबह से ही कस्बेवासी दान पुण्य करते हुए नजर आए, वहीं अलसुबह से ही अधिक ( धुंध) कोहरा के कारण 9 बजे बाद चढ़े युवा युवती ने पतंग चरखी के साथ चढ़े मकानों की छतों पर आसमां पर पक्षियों की जगह रंगबिरंगी पंतगों ने जमाये डेरे फिर लोग डीजे की धुनों पर अपनी छतों से पतंगों के लड़ा रहे पेच पतंग कटते ही वो काटा वो मारा का स्वर गूंजे। मकर संक्रांति पर कस्बे में लोगों द्वारा दान पुण्य का भी दौर चला। शाम होते ही लोगों ने लालटेन गुब्बारे उड़ाते हुए मौज मस्ती करते हुए नजर आए।

# मकर संक्रांति का त्यौहार धूमधाम से मनाया, दान-पुण्य का दौर चला

**निवाई, (निसं)।** मकर संक्रांति का पावन पर्व उल्लास के साथ शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर घरों की बहुएं अपने बुजुर्गों को वस्त्र आदि भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया। मक्रर संक्रांति के त्यौहार पर लोग गायों को हरा चारा व गुड खिलाकर तथा गरीबों को वस्त्र दान देकर धर्म लाभ कमाया।

इस दौरान कई महिलाएं उपवास भी रखी व घरेलू उपयोग की वस्तुओं को कल्प कर बुजुर्ग महिलाओं को दान दिया। संक्राति पर्व को लेकर शहर में स्थित पतंगों की दुकानों पर काफी भीड देखी गई तथा फीणी व गजक, तिल के लडडू सहित तिल से संबंधित मिठाईयां खरीदने के लिए बाजारों में लगे हुए ठेलों व दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। देर रात तक पतंगों की दुकानों पर खरीदारों की भीड लगी हुई थी।



निवाई में मकर संक्रांति के पर्व पर पतंगें उड़ाते हुए युवक-युवतियां।

इस दौरान सुबह से देर शाम तक छतों पर लाउड स्पीकरों की तेज धुनों पर युवक-युवतियों सहित बुजुर्ग भी पतंगे उडाते रहे। दिन भर लाउड स्पीकरों की तेज धुने सुनाई देती रही एवं वो काटा-वो काटा के स्वरों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। वहीं पतंग लुटेरे भी पतंगों को लूटने में लगे रहे।

## मकर संक्रांति का पर्व मनाया

**नरैना, (निसं)।** कस्बे व आसपास के क्षेत्र में लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार शाम को कस्बे के सुभाष चौक में खन्ना परिवार द्वारा दादू पीठ के सर्वाधिकारी ओमप्रकाश दास व गुरूवार प्रबंधक बाबा बलविंदर सिंह के सानिध्य मे मनाया गया। गुरूवार को मकर संक्रांति पर्व पर कस्बेवासियों ने दिन भर दान पुण्य किया। बच्चे, युवाओं सहित महिलाओं ने भी छतों पर चढ़ कर जमकर पतंगबाजी की।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा स्थित के हीरामल बाबा की बगीची में बाबा हीरामल महाराज का विशाल जागरण पर जयप्रकाश यादव एण्ड पार्टी द्वारा शनिवार को मकर संक्रांति के उपक्ष्य पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण ओला व काशीराम लंबोरा, कैलाश जीतरवाल, जगदीश ओला, उमेश ओला ने बताया कि इसमें प्रसिद्ध लोकगायक जय प्रकाश यादव, महेश छैला, राहुल यादव, हिसार से अंजू शेखावत, रेवाडी से मधुर शर्मा, वही बहरोड से डांसर मनीषा मरजानी, रेवाडी से मनीषा चौहान, साजन यूजिकल ग्रुप नारनौल सहित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने बढ-चढकर भाग लेते हुए प्रस्तुतियां दी। निकटवर्ती ग्राम पंचायत खेलना के गंगूपूरा में श्री कृष्णा गौशाला में गौ सेवार्थ नेहडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही रामसिंह महासी द्वारा प्रस्तुति दी गई। श्री कृष्णा गौशाला इंद्राज, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, कोटपुतली भाजपा नेता मुकेश गोयल, भामाशाह हरिप्रसाद बल्लीवाल, भामाशाह शिवपाल राठी, सरपंच राजकुमार धानका, जनसेवक बनवारी यादव, भामाशाह संदीप गुर्जर, भामाशाह शिवपाल राठी, पार्षद मोठू गढवाल, विजय गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि जगदीश ओला,साथ उमेश ओला, कृष्ण ओला, गिरधारी जीतरवाल, रामकरण राठी, गिरीराज ओला, छाजू फोगाट, मूलचंद खोस्या, गोकुल ओला, सियाराम ओला सहित आसपास के ग्रामीणों सहित गौ सेवक व भामाशाह शामिल होंगे।

## संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**फुलेर, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन के निकट रेलवे कॉलोनी में स्थित यूनियन कार्यालय परिसर में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉइज यूनियन शाखा फुलेरा द्वारा एक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल रेल प्रबन्धक नरेन्द्र कुमार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर डी.सी.एम. मुकेश सैनी, सीनियर डी.ई.एन साउथ महेश मीणा, सीनियर डी.एस.टी.ई. किशन स्वरूप मीणा, सीनियर डी.एस.ओ. संतोष विजय कुमार, सीनियर डी.ई.ई.टी.आर.डी. प्रदीप मीणा, सीनियर डी.एम.ई. पावर अरुण टेलर, सीनियर डी.एम.ई.सी.एन.डबल्यू, सीनियर डी.पी.ओ. पावर हीना अरोड़ा, ए.डी.आर.एम. रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एनडब्लूआरईयू के एस अहलावत के द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगुंतक अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों का माला साफा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल रेल प्रबन्धक नरेन्द्र ने उपस्थित सभी रेल कर्मचारियों को संरक्षा संगोष्ठी में सेफ्टी से संबन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं जोनल अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि रेल कर्मचारियों को हमेशा सजग रहना चाहिए और कार्य के प्रति लापरवाह नही होना चाहिए। क्योंकि अक्सर रेल हादसे तब होते है, जब कर्मचारी तनाव में होता है या अनिद्रा का शिकार होता है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान रेल कर्मचारियों ने कार्य में होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं शाखा अध्यक्ष खगेश भारद्वाज ने भी रनिंग स्टाफ की कमी को लेकर अधिकारियों को बताया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन एस के माथुर ने किया। इस मौके परडीईई/टीआरडी नीतिश बोयल, एडीईएन/फ.एल श्याम सुंदर गर्ग, डीएमई/सी एण्ड डब्लू विनोद मीणा, रेलवे डॉक्टर आनन्द तंवर, सुरेन्द्र सिंह, प्रहलाद रॉय, संजय चौधरी, नरेन्द्र सिंह चाहर, भव्य ओबराय, गणेश नारायण, हमीर सिंह, बाबूलाल मीणा, एच के मीणा, शंकर बुलगानिया सहित नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन के अन्य पदाधिकारी और सैंकड़ों सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जेल कर्मियों का अनशन जारी

**अलवर, (निसं)।** राज्य सरकार की द्वेशपूर्ण नीति के खिलाफ अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत के बैनर तले केन्द्रीय कारागृह के मुख्य गेट पर जेल कर्मियों का आमरण अनशन दुसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेशभर में जेलकर्मी शांतिपूर्वक तरीके से अपनी जायज मांगों के लिए आमरण अनशन व अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। जेलकर्मियों का कहना है कि सरकार उनकी मांग वेतन विसंगति की प्रदेश में आ रही समस्या के निवारण के लिए जल्द ही निर्णय करे। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान के जेल विभाग के कार्मिक सरकार के जेल कर्मियों के हित में फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

## जरूरतमंदों को कम्बल वितरण

- ओढा दो जिंदगी खुशियों का बैंक अभियान का समापन हुआ

**मालपुरा, (निसं)।** अम्बेडकर विचारमंच सेवा समिति की और से 6 दिसम्बर से चलाये जा रहे ओढा दो जिंदगी खुशियों का बैंक अभियान का समापन शनिवार को मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर समारोह पूर्वक हुआ।

सुभाष सर्किल पर आयोजित समारोह मे विधायक कन्हैयालाल चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा, पालिका अध्यक्ष आशा नामा,प्रधान सकराम चौपडा,डीआर छोगालाल गुर्जर,महावीर नामा,नरेन्द्र जैन,त्रिलोक चन्द जैन व भंवर लाल बैरवा,डॉ. ललिता वर्मा,पूजा लोकेश लोदी ने शिरकत की। समिति अध्यक्ष पूजा लोदी ने बताया कि अम्बेडकर विचारमंच सेवा समिति की और से यह अभियान चला नर सेवा नारायण सेवा का संकल्प ले उपखण्ड क्षैत्र के गांव-ढाणी मे जीवनयापन कर रहै जरूरतमंद को कडाके की सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए 35० जनो को ऊनी वस्त्र व 63० जनो को ऊनी कम्बल वितरण किये गये है। जिनमे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा भी शामिल है।

विधायक चौधरी ने कहा कि अम्बेडकर विचारमंच सेवा समिति द्वारा मानव सेवा के लिए किये जा रहै कार्य सराहनीय है। सभी सामाजिक संगठन संस्थाओं द्वारा इस प्रकार के कार्य किये जाये तो जरूरतमंदो को समय पर राहत मिल सके। इस दौरान बडी संख्या मे भामाशाह व प्रबुद्धजनो सहित आमजन की उपस्थिति रही। वही मकर संक्रान्ति पर आमजन ने दान पूण्य किया। तो गौसेवको ने गौमाता के लिए चारा व सहयोग राशि समर्पण कर पूण्य कमाया।

## जानलेवा हमले की निंदा की

**जयपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी अलवर जालौर जिले में मृतक इंद्र कुमार मेघवाल के चाचा पर इंद्र कुमार के हत्यारों द्वारा जानलेवा हमले की कडे शब्दों में निंदा की है। यह बेहद शर्मनाक है कि इंद्र कुमार के पिताजी को मुकदमा वापस लेने के लिए फोन पर लगातार धमकाया जा रहा था जिसकी शिकायत इंद्र कुमार के पिता ने पुलिस अधीक्षक को स्वयं उपस्थित होकर की। लेकिन अत्यंत अफसोस कि बात है कि उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे इंद्र कुमार के हत्यारों के हौसले और बुलन्द होते गए और उन्होने इंद्र कुमार के चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया।

इससे साबित हो रहा है कि राज्य सरकार दलितों की रक्षा करने में विफल रही है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी अलवर यह मांग करती है कि सभी नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए जिन्होंने इंद्र कुमार के चाचा पर जानलेवा हमला किया है और जो केस वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। इसकी भी जांच की जाए कि कहीं पुलिस दबंगों के दबाव में तो काम नहीं कर रही। ऐसे पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए जो पीडित परिवार को सुरक्षा देने में और दबंगों की गुंडागर्दी रोकने में अक्षम साबित हो रहे हैं।

## शैक्षणिक भ्रमण में कृषि तकनीकीयों की दी जानकारी

- कुलपति द्वारा छात्रों को उद्यान व सम्बंधित कृषि विद्याओं की दी जानकारी

**निवाई, (निसं)।** कृषि महाविद्यालय झिलाय के प्रथम व द्वितीय वर्ष के 58 विद्यार्थीयों ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थी जेनेटिक्स विभाग में भ्रमण किया एवं क्षेत्र में मसालीय फसल जीरा, धनिया, सौंफ, मैथी, अजवाइन की चल रही ट्रायल एवं नवीन किस्मों की फसलों की प्रायोगिक जानकारी से लाभान्वित हुये। महाविद्यालय में चल रही सरसों, जौ की विभिन्न किस्मों के प्रदर्शनों का भ्रमण व देखकर प्रायोगिक तौर पर जानकारी दी। छात्रों ने मृदा विज्ञान विभाग एवं शस्य विज्ञान विभाग में प्रयोगशालाए विभिन्न उपकरणों व प्रक्रिया को समझा।

विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार शर्मा ने विभाग में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग में पहले ड्रोन एवं ट्रेक्टर से सम्बंधित यंत्रों के बारे में कक्षा में समझाया एवं ड्रोन से स्प्रे कर पौधसंरक्षण की प्रक्रिया की प्रायोगिक जानकारी दी। इसके उपरान्त विभाग में चल रही पोस्ट होटरेस्ट टेक्नोलोजी के बारे में जैम, जैली, स्क्वैश आदि बनाने एवं उनकी महत्वता बताई। उसके बाद छात्रों ने डेयरी महाविद्यालय का भ्रमण किया जहां अधिष्ठाता डॉ. अजरुद्दीन ने डेयरी का भ्रमण कराया। जिसमें गिर व शंकर गाय, सिरोही बकरी, लेगहॉर्न व कढक नाथ मुर्गीयों इत्यादि के रखरखाव व उनका तकनीक पालन एवं उनकी प्रमुख नस्लों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय का भ्रमण किया जहां डॉ. आसीवाल ने कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र के कार्यशैली को विस्तार से समझाया। छात्रों ने शेडनेट, पॉलीहाऊस में नर्सरी में फूलगोभी, पत्तागोभी, गांठगोभी की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। उद्यान विभाग में चल रहे हाईड्रोफोनिक पद्धति द्वारा सब्जी उत्पादन एवं अन्य विभाग की उपलब्धि की जानकारी दी गई। भ्रमण दौरान कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने फल व सब्जियों में सिचाई पद्धति, बीज अंकुरण, मेडिसिन व ओरोमेटिम प्लानटो के साथ बायोरेगुलेटर इत्यादि का उद्यानिक पाठ्यक्रम पूरा कोर्स अध्ययन की कक्षाएँ ली गयी। प्रो. बलराज सिंह की उच्च सोच व महान पुरुषों की कार्यशैली प्रदर्शित होती हैं कि स्वयं कुलपति शिक्षा अभिरुचि से कक्षायें लेकर छात्रों के कोर्स पूर्ण हेतु कटिबन्ध हैं।

# मकर संक्रांति पर दिनभर पतंगबाजी हुई

- पतंग कटने के साथ ही दिनभर ये काटा-वो काटा का शोर गुंजायमान रहा

**पावटा, (निसं)।** दान पुण्य का पर्व और पतंगोत्सव की परंपरा का प्रतीक मकर संक्रांति पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में शनिवार को धूमधाम से मनाई। संक्रांति पर बच्चों से लेकर हर उम्र वर्ग के लोगों ने पतंगबाजी करके मकर संक्रांति का आनंद लिया। बुजुर्गों व युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। दिनभर गली-मोहल्लों में घरों की छतो पर ये काटा-वो काटा का शोर सुनाई दिया तथा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रहा। वहीं शुभ मुहूर्त पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

शनिवार को शहर में सुबह से ही युवा पतंगबाजी के लिए छत पर चढ गए। दिन चढने के साथ-साथ छतों पर लोगों की भीड बढती गई। शहरवासियों ने डीजे की धुन पर जमकर पतंग उड़ाई। युवाओं के साथ युवतियों व बच्चों में भी पतंगबाजी का जबरदस्त क्रेज रहा। पतंगबाजी के साथ कटी पतंगों को लुटने वालों का उत्साह भी चरम पर रहा। पतंग कटने के साथ ही ये काटा-वो काटा का शोर गुंजायमान रहा।



पावटा में बच्चों ने भी पतंगबाजी का आनंद लिया।

इधर, आसमान दिनभर पतंगों की ओट में छिपा रहा। मकर संक्रांति पर तिल की मिठाइयों की भी खूब बिक्री हुई। वहीं पतंग की डोर से घायल होने वाले कई पक्षियों के इलाज के लिए भी कई लोग आगे आए। शहर में विभिन्न स्थानों पर कई पक्षी डोर के कारण घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं कई लोगों ने इस अवसर पर दान पुण्य किया। इस अवसर महिलाओं ने उपवास रखकर तिल व तिल से बने व्यंजनों का दान पुण्य किया। वही मकर संक्रांति को पावटा क्षेत्र मे 16 छोटे परिन्दे मांझे से कट गये जिनकी सूचना ग्रामीणो द्वारा एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी गई जिस पर भारद्वाज ने घटना स्थल पहुँकर बारी बारी से उपचार किया।

भारद्वाज ने पावटा मंढा भांकरी प्रागपुरा आदि गांवों में घायल परिन्दो का उपचार किया। छात्रा दिव्या शर्मा ने पतंग उडाने बजाय क्षेत्र में घायल परिन्दो का उपचार करवाया। इस दौरान दिव्या शर्मा, प्रिंस, नक्स, राकेश, करण आदि ने मिलकर उपचार करवाया।

## सार-समाचार

### जिला कार्यकारिणी घोषित

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष श्रीमती हंसा देवी गुर्जर संडीला ने राजस्थान पंचायत समिति संघ के जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मूलशंकर शर्मा (उप प्रधान), राधाकिशन यादव, मूरलीधर मीणा, जगदीश बैरवा (उप प्रधान) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष पद पर शंकर लाल पूनिया, सोनू परिडवाल, गीताराम गुर्जर, अलका गुर्जर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला महामंत्री पद पर रूपचंद आकोदिया, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा को बनाया गया। जिला मंत्री पद पर धमेन्द्र सैनी, प्रेम लाल बैरवा, रामसिंह मीणा, रामफूल गुर्जर व प्रेम चंद गुर्जर को जिला मंत्री बनाया गया। प्रदेश कार्यकारिणी में मीनाक्षी शर्मा को बनाया गया। टोंक जिला पंचायत समिति सदस्य संघ के सातो पंचायत समिति के प्रधान को संरक्षक बनाया गया। जिसमें सुनिता फागणा प्रधान टोंक, गणेशराम जाट प्रधान देवली, रामअवतार गुर्जर प्रधान निवाई, सकराम चौपडा प्रधान मालपुरा, सीता देवी गुर्जर प्रधान टोडारायसिंह, श्रीमती रतनी देवी चंदेल प्रधान पीपलू सभी को संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया।

### 14 करोड़ की राशि स्वीकृत

**मालपुरा, (निसं)।** विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अनुशंषा पर राज्य सरकार के भूसंरक्षण विभाग द्वारा मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र मे 617 कार्यो के लिए 14 करोड 34 लाख 21 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक कार्यालय प्रभारी अभिषेक पाराशर ने बताया कि मालपुरा उपखण्ड की बागडी, कचोलिया, कांटोली, मोरला, सिंधोलिया व टोडारायसिंह उपखण्ड क्षैत्र की भांवता, मैहरू, मूण्डियाकलां, मोर पंवालिया, रिण्डलिया रामपुरा के डेढ दर्जन गांवों में 13 तालाबों के निर्माण 4 एनिकट, 467 खेत तलाई, 21 वृक्षकुंज, 3 नाडी निर्माण, 19 प्रिकोलेशन टैंक, 13 मेडबंदी निर्माण, 5 कुंओं का निर्माण, 45 क्षतिग्रस्त हुए पौण्ड निर्माण, 2 चरागाह विकास, 2 नवीनीकरण व मरम्मत कार्यो, 3 जलसंचयन, 3 ऑल्ड स्ट्रक्चर वर्क के लिए, 6 स्प्रींकलर सहित कुल 617 कार्यो के लिए यह राशि स्वीकृत किये जाने से क्षैत्रवासियों ने विधायक व विभाग के प्रति आभार जताया।

### फायरिंग करने के मामले में 6 गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने एक जन्मदिन पार्टी में फायरिंग करने के मामले में शनिवार को 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एवं उनसे एक देसी कट्टा व कारतूस जप्त किया है। थाना प्रभारी छोटेलाल मीणा ने बताया कि शुक्रवार को देर शाम करीब 6:45 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भारद्वाज होटल के पास आरोपी मनीष पुत्र देवीशंकर मीणा निवासी प्रतापपुरा, विकास पुत्र बद्रीलाल मीणा निवासी भगवतपुरा, राधेश्याम पुत्र मेवाराम गुर्जर निवासी नयागांव श्रीरामपुरा, आसाराम गुर्जर पुत्र रामकिशोरन गुर्जर निवासी नयागांव, कैलाश गुर्जर पुत्र लालाराम गुर्जर निवासी डोईयों की ढाणी कोटखावदा जिला जयपुर एवं मुकेश गुर्जर पुत्र गोपाल गुर्जर निवासी डोईयों की ढाणी कोटखावदा जिला जयपुर शुक्रवार को एक जन्मदिन की पार्टी पर नाचते गाते हुए फायरिंग की है। उक्त घटना व्हाट्सएप एवं फेसबुक पर दिखाई देने पर पुलिस ने उक्त आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार करके उनसे एक देसी कट्टा एवं कारतूस बरामद किए हैं।

### कार की टक्कर से बाईक सवार की मौत

**टोंक, (निसं)।** जिले के टोंक-सवाईमाधोपुर हाईवे पर ककोड के समीप एक कार की टक्कर से गंभीर रुप से घायल हुए एक जने की दौरान इलाज सआदत अस्पताल में मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम करवाया कर शव परिजनो को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार टोंक-सवाईमाधोपुर हाईवे पर ककोड के समीप ग्राम अल्लापुरा निवासी सहाबुद्दीन मोटरसाईकिल से अपने घर से ककोड जा रहा था कि इस दौरान टोंक से उनियारा जा रही कार ने बाईक के टक्कर मार दी, जिस पर बाईक सवार सहाबुद्दीन गंभीर रुप से घायल हो गया, जिस कार सवार व्यक्तियों ने तुरंत एम्बूलेंस को फोन कर घायल को सआदत अस्पताल भिजवाया, वही मामले की जानकारी लगते ही उनियारा थानाधिकारी सुरजीत सिंह मय दल के मौके पर पहुंच गए और पुलिस टीम को टोंक सआदत अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। सआदत अस्पताल में मौजूद घटनास्थल के प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा टक्कर मारने वाली कार को विधायक सवाईमाधोपुर दानिश अबरार की कार बताई जा रही है।

### एसपी ने सम्पर्क सभा की

**अलवर, (निसं)।** तेजस्वनी गौतम जिला पुलिस अधीक्षक अलवर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अलवर में सम्पर्क सभा का आयोजन किया गया। सम्पर्क सभा में । सरिता सिंह अति. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अलवर, सुरेष कुमार खींची अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलवर, सुषील कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक वृताधिकारी वृत उत्तर, अमित सिंह वृताधिकारी वृत ग्रामीण, हरिराम उप अधीक्षक पुलिस यातायात, सुरेश कुमार कुडी उप अधीक्षक महिला अत्याचार सैल अलवर, थानाधिकारी कोतवाली, शिव पार्क ,एनईबी, महिला थाना, सदर, अरावली विहार, यातायात प्रभारी, संचित निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाईन अलवर सहित जिला पुलिस अलवर के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सम्पर्क सभा में जो पुलिस कर्मचारी थानों में पदस्थापित है उनका साप्ताहिक अवकाश पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू किया गया था उस सम्बन्ध मे अधिकारियों व कर्मचारियों से फिडबैक लिया गया, व पुलिस की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई तथा अलवर जिले में संचालित मेडिकल,इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने हेतु राजस्थान पुलिस में कार्यरत समस्त पुलिस कर्मियों, कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों के उज्जवल भविश्य के लिए अनेक निर्णय लिये गए।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरु

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा स्थित पारीक मोहल्ला शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। शुक्रवार को गाजेबाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई। इस दौरान जयकारों से पूरा प्रागपुरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। कलश पूजन के बाद प्रागपुरा चतुर्भुज नाथ मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में कथावाचक भी साथ-साथ चल रहे थे। वहीं श्रद्धालु हरि कीर्तन करते हुए कलश यात्रा के पीछे पीछे चल रहे थे। इस यात्रा में नगरवासी शामिल रहे। कथा के दूसरे दिनमें पहले दिन पवन शर्मा, विपिन कौशिक, एडवोकेट राहुल मोदी, इंजीनियर अजय, पंडित राधारमण, संतोष पारीक दया पारीक राजेश गोयल, रेखा गोयल ने पूजा कर कथा शुरू करते हुए व्यासपीठ पर अलवर से पधारीं प्रेमलता कथा वाचक ने भागवत कथा का महत्व समझाया। पूर्व जिला जिला पार्षद ललित गोयल व पंडित नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि बहुत ही भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाली गई। सात दिवस तक भागवत कथा प्रेमलता कथा वाचक द्वारा सुनाई जाएगी। साथ ही सभी भक्त प्रेमी व श्रोता से भागवत कथा सुनने का आव्हान किया।

### असहाय लोगों को कंबल वितरित

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत का राहोली में शनिवार को प्रमुख समाज सेवी प्रहलादनारायण बैरवा के नेतृत्व में सैकडों असहाय एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। मुख्य अतिथि प्रहलादनारायण बैरवा ने कहा कि गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करना सबसे बडा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों की मदद करना समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि निवाई एवं पीपलू की सभी 8० ग्राम पंचायतों में हजारों असहाय एवं गरीब लोगों को कंबल वितरण करने की मुहिम संचालित की गई है। जिसमें सभी की भागीदारी होना आवश्यक है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हनोतिया बुजुर्ग एवं ग्राम पंचायत चतुर्भुजपूरा में भी करीब 250 कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर एडवोकेट भरत यादव, शिवप्रसाद माली, शिवनंद, हरफूल मीणा, कैलाशचंद बैरवा, श्योजीराम मीणा, चतरपाल सिंह, अन्नु बना, लालाराम मेंबर, रामनारायण माली, शिवराम माली, पूर्व सरपंच कजोड मीणा, भरतसिंह राजावत, रामजीलाल बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### समिति की बैठक आज

**टोंक, (निसं)।** जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति जिला टोंक के संचालक मण्डल की बैठक एडवोकेट शिवराज टांडी की अध्यक्षता मे रविवार 15 जनवरी को जाट धर्मशाला डिग्गी में आयोजित की जाएगी। समिति के प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि बैठक में आगामी 2०वां विवाह सम्मेलन आयोजन करने की तिथि का निर्णय करने के साथ ही विवाह सम्मेलन की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## सार-समाचार

### मकर संक्रांति पर जमकर पतंगबाजी



**सांभरझील,** (निसं)। क्षेत्र में मकर सक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर पतंगबाजी का लुत्फ उठाया वहीं धार्मिक स्थलों सहित अनेक जगहों पर दिनभर दान पुण्य का दौर भी चला। युवक और युवतियों के अलावा बच्चों ने भी इस पर्व का जमकर आनंद लिया। इस दौरान जमकर पतंगबाजी की और पेंच लड़ाए। मंदिरों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। हालांकि अलसुबह शीतलहर और कोहरा होने के कारण आकाश में उड़ती पतंगों की संख्या कम ही नजर आई, लेकिन दस बजे बाद छोटे से लेकर बड़े सभी अपने-अपने घर की छतों पर नजर आए। कई जगह युवक- युवतियों में पतंगबाज़ी के पेंच भी खूब लड़ते नजर आए। दोपहर बाद निकली धूप के बाद चारों ओर पतंगबाजी के दौरान वो काटा की आवाज सुनाई देने लगी। मकानों की छतों के अलावा गली, मोहल्लों और खुले मैदान में भी लोगों ने पतंगबाजी का जमकर आनंद उठाया। चारों ओर रंग बिरंगी पतंगों से आसमान अटा रहा। सूर्यास्त के बाद लोगों ने आतिशबाजी की और लालटेन के गुब्बारे छोड़े। मकर संक्रांति पर दान पुण्य का महत्व होने के कारण अनेक श्रद्धालुओं ने गायों को हरा चारा, गुड़ और लापसी खिलाई।

### विधायक ने कंबल वितरित किये



**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने शनिवार को चौमूं बाइपास पर स्थित आरटीओ ऑफिस के सामने हाथी टीबा बी विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलोनी के करीब 251 लोगों को कंबल वितरण किए। इससे पूर्व समिति पदाधिकारियों ने विधायक रामलाल शर्मा का 51 किलो की माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य बहुत जरूरी है। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी महेश शेरावत, समिति अध्यक्ष श्रवण चौधरी, कोषाध्यक्ष हीरालाल सैनी, नरसी राम मीणा, अजय कुमार मीणा, मोहन मीणा, उमेद सिंह मीणा, राजू प्रजापत, पप्पू , रामस्वरूप नायक, नानूराम प्रजापत, सूरज सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### मकर संक्रांति पर्व मनाया

**बोराज,** (निसं)। दान पुण्य मौज मस्ती का पर्व मकर संक्रांति शनिवार को कस्बे सहित क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया। युवाओं की टीम अलसुबह से ही छतों पर वो काटा के साथ धार्मिक भजनों व फिल्मी गानों के शोर-शराबे में पतंगबाजी का आनंद लेना शुरू किया। सर्द हवाओं से बेखबर नन्हें बालकों ने भी पतंगबाजी में बढ़ चढ़कर भाग लिया वह पूरा दिन छतों पर



गुजारा । गौशाला सुरपुरा में गौशाला अध्यक्ष पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर के सानिध्य में गो भक्तों ने गोवंश को चारा व गुड़ आदि खिलाकर दान पुण्य का लाभ उठाया।

### एसपी ने खाटूश्यामजी का दौरा किया

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे में सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर चल रहे कार्यों का पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने दौरा कर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अब आने वाले समय में जल्द ही बाबा श्याम के सुगमता पूर्वक दर्शन होंगे। श्रद्धालुओं को बहुत जल्द बाबा श्याम के दीदार होंगे। सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर 2 माह से मंदिर के पट बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार करना पड़ा लेकिन अब आने वाले समय में बाबा श्याम के दीदार होंगे। दर्शन व्यवस्था के लिए किया जा रहा कार्य अंतिम दौर में है पूर्ण होते ही बाबा श्याम के पट खुल दिए जाएंगे इस दौरान रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह, थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव, नगरपालिका के सुरेंद्र सिंह कुड़ी, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह चौहान ने अब तक की प्रगति रिपोर्ट के बारे में पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया। पुलिस अधीक्षक ने मंडा ग्राम में सड़क के किनारे आ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा। पार्किंग, चारण मेला मैदान, लखदातार मेला मैदान, दर्शन मार्ग, 75 फुट रास्ता, निज मंदिर परिसर सहित हाल ही में निकाले गए निकास मार्ग का भी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं कस्बे में चल रहे सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर कार्य अंतिम दौर में है। प्रशासन व श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को सुगम निकास व्यवस्था को लेकर पुरानी कानपुर धर्मशाला से 40 फुट रास्ता तैयार करने के लिए बीच में आ रहे हैं।

### दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत भूरी भडाज में उडान टीम एवं जनसेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की की तरह मकर संक्रांति के पर्व पर आयोजित की जाने वाली दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उडान टीम के संयोजक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने बताया कि इस बार छठी दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उडान टीम का वार्षिकोत्सव समारोह भी आयोजित किया गया। दौड प्रतियोगिता में शामिल होने आए प्रतिभागियों को भाजपा नेता मुकेश गोयल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारभ किया। प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया तथा अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए क्योंकि हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं जिसमें हारने वाले को निराश ना होकर आगे और अधिक मेहनत करनी चाहिए जिससे भविष्य में आप भी विजेता बन सके। पार्षद भोमाराम गुर्जर ने कहा कि मुय त्योहारों के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन होने चाहिए जिससे युवाओं का शारीरिक विकास के साथ-साथ खेलों में भागीदारी भी बढती है। प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को नगद इनाम व मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान दिनेश लोमोड टटेरा व द्वितीय स्थान रवि मीणा पंडितपुरा, तृतीय स्थान अंकित सैनी भांकरी ने प्राप्त किया। जिनको ऋमशः ग्यारह सौ, सात सौ इक्यावन व तीन सौ इक्यावन रुपए नकद व मोमेंट प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, संजय बुटेरी, महेश पटवारी, महासचिव विजय स्वामी, चेतन शर्मा, रामकरण यादव, मूला दास,मनीष यादव, राजू वर्मा पंच, राहुल स्वामी, मोतीराम स्वामी, विक्रम, लेखराज, चौथमल, राकेश, राजेश स्वामी सहित अनेक ग्रामीण युवा उपस्थित रहे।

### कोहरा छाया रहने से सर्दी का असर बढ़ा

**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में बीती रात्रि से ठंडी हवाओं का दौर शुरु होने के साथ ही शनिवार को तडके ही कोहरा छाया रहने से सर्दी का असर बढ गया और दोपहर बाद निकली धूप के बाद आमजन को ठंड से राहत मिली। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार रात्रि से ठंडी हवाओं का चलना शुरु हो गया और सर्दी का असर बढ गया, जिसके चलते जल्दी लोग घरो में चले गए। शनिवार को तडके से ही घना कोहरा छाया रहने के कारण ठंड का असर ओर अधिक तेज हो गया। लोग गर्म कपडो में लिपटे हुए नजर आएं और सुबह रोजमर्रा के कार्यो में लगे लोग जगह जगह अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाकर अपना कार्य करते हुए नजर आएं। दोपहर बाद धूप निकलने से आमजन को ठंड से राहत मिली, लेकिन शाम होने के साथ ही फिर से ठंड का दौर शुरु हो गया। जिसके चलते लोग जल्दी से घरो में दुबक गए।

# मकर संक्रांति पर दिन भर चला दान-पुण्य का दौर, पतंगबाजी का आनंद लिया

**लालसोट/ मंडावरी /रामगढ़/ पचवारा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर मकर सक्रांति के मौके पर दिनभर गरीब दीन हीन भिखारियों आदि जरूरतमंदों को दान पून्य कर धर्मावलंबियों द्वारा पुण्य कमाया गया एवं यह दान पुण्य का दौर दिनभर जारी रहा। मकर सक्रांति के मौके पर धनाढ्य एवं संपन्न लोगों द्वारा जरूरतमंद लोगों को इस बार जमकर गर्म कपड़े खाने पीने का सामान वितरित कर धर्म लाभ प्राप्त किया गया।

नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्र द्वारा सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न सकारात्मक संदेश लिखी हुई पतंगों को उड़ा कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। शहर के वार्ड नंबर तेरह के निवासी राजेंद्र प्रजापति ने मकर संक्रांति पर अपने द्वारा बनाई हुई दस फिट की पतंग उड़ा कर मकर संक्रांति के मौके पर भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। लालसोट में



उपखंड मुख्यालय पर चेयरमैन रक्षा मिश्रा ( बीच में ) ने विभिन्न संदेश लिखे पतंग उड़ा कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

सक्रांति के पावन पर्व पर बड़ा ही खुशनुमा माहौल रहा। स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा धातु मिश्रित एवं अन्य ऐसा प्रतिबंधित माझा जो आसमान में घूमने वाले पक्षियों सहित मानव जीवन के लिए खतरा साबित हो सकता है लोगों द्वारा मकर सक्रांति के मौके पर हुई पतंगबाजी में इस तरह के बने हुए मांजे से दूरी रखकर जनजीवन को खतरे में डालने से रोकने पर कदम उठाया गया। रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय एवं मंडल नगर पालिका क्षेत्र

- पतंग उड़ाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया

में विभिन्न जगहों पर रंग बिरंगी पतंग सुबह से ही आसमान में लहराते नजर आई एवं शाम ढलने के बाद रात्रि में उड़ने वाली पतंग तारों की तरह टिमटिमाती आसमान में नजर आई। मकर संक्रांति के पर्व पर लालसोट चेयरमैन रश्रा मिश्रा ने अपने निवास से पतंग उड़ाई साथ में पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्रा लालसोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रामफुल सैनी पार्षद सद्दाम हुसैन रोहित पंसारी, जय प्रकाश सैनी, विजय गुर्जर, कपिल पुरोहित, जीतू बढ़ाया, सुनील चतुर्वेदी, रिचि मिश्रा, अंशुमान मिश्रा, रोहित पंसारी, नंदू मंडावरा, कुलदीप गुर्जर, रवि ढ़ाबा, रिकुं साहु विशाल भिवांल सुनिल साहु, दिनेश साहु, ओमप्रकाश साहु आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर कम्बल बांटे

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को चौमूं के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भामाशाह व समाजसेवी चंद्र प्रकाश सोनी और पवन सोनी द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय रूडमल सोनी की प्रथम पुण्यतिथि पर अस्पताल में आने वाले मरीजों के सर्दी के बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। चौमूं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अजीत सिंह शेखावत ने दोनों भामाशाहों चंद्र प्रकाश व पवन सोनी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर मान प्रकाश सैनी, डॉक्टर बी एल यादव, डॉ. राजेन्द्र कुमावत, डॉ मुकेश रिजवानिया, डॉक्टर जयंत जैन, डॉक्टर अंकित बाबल, नर्सिंग अधिकारी रिद्धिकरण, झाबरमल, देवदत्त जांगिड़ , बुद्धि प्रकाश मीणा, सुनील कुमार सैनी, नर्सिंग ऑफिसर दीपमाला आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखंड क्षेत्र के ग्राम हुकमपुरा निवासी अभिशेक सैनी (माली) उम्र 28 पुत्र प्रकाश चंद सैनी की हिंडौली थाना क्षेत्र में एक सड़क दुघर्टना में मौत हो गई तथा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार अभिशेक झालावाड़ क्षेत्र में मजदूरी कर वापिस जयपुर बाइक से अपने साथी के साथ लौट रहा था। इसी दौरान हिंडौली थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार ने सामने से उसकी बाइक के टक्कर मार दी। जिसके कारण अभिशेक सैनी (माली)की मौके पर ही मौत हो गई और उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना हिंडौली थाना पुलिस को दी।

- हिंडौली थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुघर्टना,

जिस पर हिंडौली थानाधिकारी मुकेश मीणा मय जाप्ते मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस को मृतक की पहचान उसके पास मिले कागजातों से हुई। इसी के आधार पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई।जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा इस मामले में अनुसंधान जारी है।

मजदूरी कर जीवन यापन करता था मृतक : मृतक अभिशेक सैनी जयपुर में मजदूरी इत्यादि कर अपने परिवार का लालन पालन करता था। लेकिन आवश्यक कार्य होने के चलते हुए झालावाड़ काम करने के लिए चला गया था। वहां से वापिस लौटते समय शनिवार सुबह हिंडौली थाना क्षेत्र में एक सड़क दुघर्टना में उसकी मौत हो गई। जिसके कारण एक पुत्र तथा पुत्री के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं अचानक दुर्घटना में अभिशेक की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## फुलेरा में मकर संक्रांति पर जमकर पतंगबाजी हुई, लोगों ने किया दान-पुण्य

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र में अलसुबह ही लोगों ने मन्दिरों में भगवान की पूजा अर्चना कर दान- दक्षिणा देकर पुण्य लाभ लिया। जहां लोगों ने जमकर अपनी अपनी छतों पर जमकर पतंगबाजी का भरपूर आनन्द लिया।

इसके चलते दिन भर वो काटा वो कटवाया का शोर चलता रहा। वहीं लोगों ने अपनी अपनी छतों पर डीजे बजाया और डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आये। पतंगबाजी के लिए दिनभर हवा भी अनुकूल चली, जिससे आसमान रंग बिरंगा दिखाई दिया। समाज सेविका पूनम कुमावत और कमला सैनी ने बताया कि मकर संक्रांति के त्यौहार पर दान पुण्य का विशेष महत्व है। इसको लेकर लोगों ने गौशाला में गौ माता को दान पुण्य करते हुए उन्हें चारा दलिया, लड्डू और गुड़ खिलाकर एवं जरूरतमन्दो को वस्त्र आदि देकर एवं भोजन करवाकर पूण्य लाभ प्राप्त किया।

साथ ही लोगों ने अपने घरों पर सभी ने पतंगबाजी के साथ तिल से बने व्यंजन गजक, लड्डू, पकौड़ी आदि बनाकर खाने का आनंद लिया। प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने बताया कि हिन्दू धर्म में सभी प्रमुख खगोलीय परिवर्तनों का जश्न मनाया जाता है। मकर संक्रांति भी एक ऐसा ही परिवर्तन है, जब सूर्य कर्क रेखा से मकर रेखा की ओर गुजरता है। इसके साथ ही, पृथ्वी अपने उत्तरी भाग में घूमना शुरू कर देती है ,जो दर्शाता है कि गर्मियां शुरू हो रही है।

इसी क्रम में समाजसेवी शेखर कुमावत ने बताया कि इस त्यौहार को मनाने के पीछे वैज्ञानिक कारण के साथ-साथ धार्मिक मानयताएं भी है, जैसे कि... मकर संक्राति के दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अन्त करके उनके सिरों को मंदार पर्वत में दबाकर युध्द की समाप्ति की घोषणा की थी। इसीलिए मकर संक्राति के दिन को बुराईयों और नकारात्मकता को समाप्त करने का दिन भी मानते हैं। इसके साथ ही देर शाम को सभी ने रात में गुब्बारे उड़ाए।

### गौवंश के लिये दान किया

**खैरथल,** (निसं)। निराश्रित और बीमार गौवंश के जीवन की सुरक्षा व सेवा के लिए लोगों ने खुले मन से 2.50 लाख रुपए से अधिक नकद व पशु आहार दान में दिया। मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को श्री कृष्ण गौ सेवा केंद्र के लिए कृषि उपज मंडी यार्ड गेट पर सिनेमा रोड पर गौ रक्षक दान संग्रह केंद्र लगा कर लोगों से सहयोग संग्रह किया।

खैरथल के व्यापारियों, माताओं, बहनों एवं आसपास के सभी ग्रामीणों द्वारा धन राशि के रूप में 250000 नगद एवं गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में पशु आहार दान किया। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य घायल एवं बीमार गोवंश का इलाज करना है। संस्था के अध्यक्ष पंडित प्रहलाद छंगानी ने बताया कि यह दान संग्रह कल भी जारी रहेगा।

### गरीब बच्चों के साथ मनाया पर्व

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं डॉ शिखा मील बराला ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर असहाय, निर्धन, व गरीब फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों के बीच पहुंचकर मकर सक्रांति का पावन पर्व बनाया। डॉ शिखा मील बराला ने बच्चों को पतंग, डोर, वह गर्म कपड़े बच्चों को दिये बच्चों ने पतंग, डोर, व गर्म कपड़े मिलने पर खुशी मनाई।

## हथियारों की प्रदर्शनी लगाई

**अलवर,** (निसं)। 75वें सेना दिवस की पूर्व संध्या पर अलवर मिलिट्री स्टेशन की इकाइयों की ओर से 14 जनवरी को इंदिरा गांधी स्टेडियम अलवर में हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी का लगाई गई। गांधीव आर्टिलरी ब्रिगेड और आर्टिलरी डिवीजन की आर्टिलरी गन, लोंगेवाला ब्रिगेड की इन्फैंट्री के हथियारों को युद्ध के मैदान में भारतीय सेना की ताकत दिखाने के लिए रखा गया था। यहां प्रदर्शनी में बोफोर्स तोप भी थी। जिसके बारे में हर कोई जानने को उत्सुक दिखा। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में एनसीसी कैडेट, स्कूली छात्रों और नागरिकों ने भाग लिया। अतिथियों में अलवर जिले के सभी वरिष्ठ सेना अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक प्रशासन अधिकारी शामिल थे। मुख्य अतिथि, जीओसी आर्टिलरी डिवीजन ने 1 राज ईएमई सीओवाई, अलवर और 3 राज आर्मर्ड स्क्वाड्रन, अलवर के एनसीसी कैडेटों की दो टुकडियों की सलामी ली। जीओसी ने सभी नागरिकों को बधाई देते हुए बच्चों की ओर से तिरंगे के गुब्बारे आसमान में उडाए। इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रत्येक सदस्य से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आव्हाना किया। हथियारों और उपकरणों के प्रदर्शन ने सभी उपस्थित लोगों को भारतीय सेना की ताकत को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

# जिला अस्पताल में गोलीकांड की वारदात को अंजाम देने वाले दो गिरफ्तार

**बहरोड़/भिवाड़ी,** (निसं)। बहरोड़ पुलिस व गैंगस्टर विक्रम उर्फ लादेन पर जिला अस्पताल में फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में बहरोड़ पुलिस ने दो मुलजिम को भाई की हत्या का बदला लेने को लेकर की गई गोलीकांड की घटना के मामले में वारदात को अंजाम देने वाले खूंखार 2 बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी शांतनु कुमार सिंह के निर्देशन में आपराधिक घटनाओं पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देशों के चलते नीमराणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा तथा बहरोड़ पुलिस उप अधीक्षक आनंद राव के नेतृत्व में वीरेंद्रपाल सिंह थानाधिकारी द्वारा 5 जनवरी को जिला अस्पताल बहरोड़ में पुलिस हिरासत में गैंगस्टर विक्रम उर्फ लादेन पर फायरिंग करने के मामले में बहरोड़ थाने में दर्ज प्रकरण



बहरोड़ पुलिस ने घटना के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना अधिकारी द्वारा गठित टीम ने 13 जनवरी को रामफल उर्फ रजत पुत्र रामसिंह गुर्जर निवासी जैनपुरबास थाना बहरोड़ जिला अलवर एवं प्रकाश पुत्र मातादीन गुर्जर निवासी जैनपुरबास थाना बहरोड़ को गिरफ्तार कर घटना के दौरान 5 जनवरी को

- पुलिस हिरासत में गैंगस्टर विक्रम उर्फ लादेन पर फायरिंग करने का मामला

बहरोड़ में पुलिस अभिरक्षा में चल रहे आरोपी विक्रम उर्फ लादेन को जिला अस्पताल बहरोड़ में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद अस्पताल में सरपंच जसराम पटेल की हत्या का बदला लेने की रंजिश से विक्रम उर्फ लादेन पर फायरिंग कर दी गई।

जिससे मौके पर पुलिस जाब्ते के द्वारा एक आरोपी सचिन उर्फ रोमी मीणा को मौके से ही गिरफ्तार करने के बाद घटना की गंभीरता में पुलिस पर लगे आरोपों की गुटबाजी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी शांतनु कुमार सिंह के सख्त निर्देशों के चलते दोनों खूंखार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## सार-समाचार

### तुलादान में जनसैलाब उमड़ा



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। शहर में मकर संक्रांति के पर्व पर दान पुण्य का दौर शहर में चारों ओर चलता रहा। श्री कृष्ण गौशाला समिति की ओर से शनिवार व रविवार को गौशाला में तुला दान महादान कार्यक्रम का आयोजन जारी रहा। श्री कृष्ण गौशाला में लोगों के द्वारा बढ़-चढ़कर गौ माता के लिए दान दिया जा रहा है तो वहीं गौशाला परिसर में लगे एक बड़े तराजू में बैठकर स्वयं के बराबर अनाज, गुड, तेल, पशु आहार, आदि अन्य प्रकार की सामग्री तोलकर कर गौ माता के लिए दान कर रहे हैं। वहीं गौशाला परिसर में दान पुण्य करने के लिए लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है। रविवार को भी पुण्यकाल होने के चलते गौशाला परिसर में तुलादान 2 दिन का कार्यक्रम रखा गया। गौशाला परिसर में काफी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे तथा दंपति दान करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं कस्बे में विभिन्न धार्मिक तथा पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार चल रहे कार्यक्रम भी देखने को मिल रहे हैं। कस्बे के मुख्य बाजारों गलियों मैं भी कस्बे वासियों के द्वारा जगह-जगह पर गायों के लिए गुड़ के लड्डू गरीबों को खाना भी खिलाने के लिए भोजन बना रहे हैं।

### महिलाओं ने भी उठाया पतंगबाजी का लुफ्त



**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। चौमू उपखण्ड में शनिवार को मकर संक्रांति का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। मकर सक्रांति के पर्व पर लोगों ने गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड, खल खिलाकर दान पुण्य का कार्य किया। वहीं लोग सुबह से ही अपनी छतों पर पतंगबाजी करते हुए नजर आये। मकर संक्रांति के दिन तेज हवा चलने के कारण आसमान में रंग-बिरंगे पतंगों का नजारा भी देखने को मिला वहीं महिलाओं ने भी पतंगबाजी का भरपूर आनंद उठाया। वहीं कालाडेरा कस्बे में मकर संक्रांति की पर्व पर छत पर एक साथ जेठानी, देवरानी व बच्चों ने एक साथ पतंगबाजी करते हुए नजर आई।

### मंदिर में पतंग की झांकी सजाई



**राजगढ़,** (निसं)। कस्बे के चोपड़ बाज़ार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में मकर सक्रांति पर जगन्नाथ जी महाराज और खाटू श्याम बाबा प्रतिमा पर आकर्षक पतंग की झांकी सजाई गई। मंदिर के महंत पंडित मदन मोहन शास्त्री और पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य होने के कारण सैकडो भगत पुरुष महिलाओं द्वारा मंदिरों में आकर गुड तिल आदि का दान किया गया। सूर्य 14 जनवरी को रात्रि 8 बजकर 22 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेगा इसलिए दान पुण्य का दिन दो दिन तक रहेगा। मकर संक्रांति का पर्व दिनाक 15 जनवरी को भी रहेगा। इस मौके पर सभी भक्तों महिलाओं भगवान जगन्नाथ और खाटू श्याम बाबा के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया। इस मौके पर मंदिर से महंत पूर्ण दास सेवक मुकुल बड़ाया, मनीष गुप्ता, शीला खुटेटा, गायत्री देवी, मीनू खुटेटा, अभिषेक खण्डेलवाल हरि ओम भुक्मरिया आदि मौजूद रहे।

### डीआईजी बनने पर सम्मान किया



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। सीकर जिला एसपी कुंवर राष्ट्रदीप के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल डीआईजी बनने पर श्रीमाधोपुर से समाजसेवी दल ने सम्मान किया। समाजसेवी दल के संस्कृत शिक्षा विभाग के प्रधानाध्यापक रामदयाल सैनी, सेन समाज के मंत्री एवं प्रधानाध्यापक गोपाल सेन, समाज सेवी बलदेव सैनी, मूंडरू से पत्रकार श्रवण तंवर, प्रकाश चंद इंदोरिया ने एसपी कुंवर राष्ट्रदीप को माला एवं साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान करके बधाई दी। वही समाजसेवी दल ने एसपी राष्ट्रदीप को उनके कार्यकाल में क्राइम पर नियंत्रण करके उचित कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी धन्यवाद दिया।

### मकर संक्रांति पर्व पर दान-पुण्य हुआ

**राजगढ़,** (निसं)। कस्बे के गांधी पार्क के समीप नंदी गौशाला एवं माचाड़ी मार्ग स्थित भोरगी गौशाला सहित अनेक जगह मकर संक्रांति का पर्व पर बढ़-चढ़कर दान पुण्य हुआ । नंदी गौशाला समिति सचिव एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा ने बताया की समारोह का उद्घाटन स्वामी श्याम भारती महाराज ने एवं अमन भारती महाराज ने संगीतमय गौ कथा की। हारमोनियम पर संगीतकार संजय राजस्थानी दल ने रचनाएं प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शहर के उपस्थित माता बहनों वे दानदाताओं के द्वारा गौशाला में गौ माता को हरा चारा गुड़ खिलाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर नन्दी गौ शाला की अध्यक्ष प्रीति विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर मुखर्जी, वीरेंद्र कुमार शर्मा, मदन लाल शर्मा, एडवोकेट सुरेन्द्र माथुर किट्टू, लॉयन वीरेंद्र कुमार दाधीच,अशोक कुमार शर्मा, राजेश शर्मा रिटायर्ड प्राचार्य, राधेश्याम जी मीणा रिटायर्ड प्राचार्य, आशीष शर्मा पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, गौरव पालीवाल, बसंत गुप्ता, सुरेश छाबड़ी वाले, सुमन शर्मा, राजेश शर्मा ठेकेदार, अनिल गुप्ता श्याम रेडीमेड वाले भगवत प्रसाद शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा विवेक शर्मा पदमा गोयल सुमन शर्मा, पार्षद विजय गोयल, हर्षित अग्रवाल पुरुषोत्तम सिंह आर्य तथा शहर के सभी गणमान्य नागरिक को माता बहने उपस्थित रही।



वह कमाल का युवा खिलाड़ी है और वास्तव में अच्छा नेतृत्वकर्ता भी है, वह बहुत शांत रहता है। मैं उसके साथ काम करने का लुत्फ उठाता हूं। मेरा मानना है कि राहुल अच्छा कप्तान साबित होगा। – एंडी फ्लावर

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान, केएल राहुल के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** – **एडम जंपा**



**आस्ट्रेलिया** के लेग स्पिनर एडम जंपा अगले महीने भारत में शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अनदेखी किये जाने के बाद काफी निराश हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें लाल गेंद के करियर में सुधार के बजाय अन्य प्रारूपों पर ध्यान लगाना चाहिए। जंपा ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''मैं बहुत निराश हूं, मैं इस दौरे के लिये टीम में होना पसंद करता। मुझे लगा कि मैं जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़ रहा हूं, यह (विशेषकर) मेरे लिये टेस्ट क्रिकेट का शानदार मौका होता। छह हफ्ते पहले मुझे संदेश मिला था कि यह मेरे लिये बहुत अच्छा मौका होने वाला था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पोलो सबसे पहले ईरान में खेला गया। यह खेल केवल ईरानी सैनिक घुड़सवारी प्रशिक्षण के रूप में खेलते थे।

# गत चैम्पियन बेल्जियम ने कोरिया को रौंदकर दिखाया वर्चस्व

### दक्षिण कोरिया को 5-0 से हराया

भुवनेश्वर,14 जनवरी। विश्व चैंपियन बेल्जियम ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में एशियाई चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-0 से पछाड़कर अपना अभियान शुरू किया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-बी मुकाबले में बेल्जियम के लिये एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (31वां) और फ्लोरेंट ऑबेल (50वां) ने पेनल्टी पर गोल किये, जबकि टॉन्गी कोसिन्स (43वां), सेबेस्टियन डोकियर (52वां मिनट) और आर्थर स्लूवर (58वां मिनट) ने फील्ड गोल जमाये।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट खेल रही बेल्जियम ने मुकाबले में प्रभावी शुरुआत की, हालांकि कोरिया ने उसे कड़ी टक्कर देते हुए पहले क्वार्टर में गोल नहीं करने दिया।

कोरिया के रक्षण ने दूसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम को खाता नहीं खोलने दिया, हालांकि कोरियाई फॉरवर्ड पंक्ति ने खुद भी गोल दागने के कई मौके गंवाये। हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने गेंद पर करीब-करीब बराबर कब्जा रखा और स्कोर शून्य ही रहा। कोरिया ने अब तक विश्व और ओलंपिक चैंपियन को काबू में रखा था, लेकिन बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर की सीटी बजते ही आक्रामकता दिखाई और पहले मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिये। हेंड्रिक्स ने दूसरी पेनल्टी पर गेंद को नेट में पहुंचाकर बेल्जियम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

एक गोल की बढ़त लेने के बाद बेल्जियम ने कोरिया पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। उन्हें गोल के फौरन बाद दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि वह इनका फायदा नहीं उठा सके। कोरियाई खिलाड़ी इस दौरान बेल्जियम के गोल के करीब आ गये, लेकिन बेल्जियम के गोलकीपर गेंद के करीब आ गये और उन्हें स्कोर बराबर नहीं करने दिया।

तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से दो मिनट पहले बेल्जियम के खिलाड़ी गेंद के साथ कोरियाई गोल के पास इकट्ठा हो गये। एंटोइन किना ने बाईं ओर से गोल पर निशाना साधा, जो कोसिन्स की हॉकी स्टिक से जाकर नेट में समा गया।

बेल्जियम ने मजबूत बढ़त हासिल करने के बाद आखिरी क्वार्टर में गोल का तांता बांध दिया। फ्लोरेंट ने 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, जबकि दो मिनट बाद सेबैस्टियन ने दो मिनट बाद फील्ड गोल से अपनी टीम की बढ़त चौगुनी कर दी। मैच खत्म होने से दो मिनट पूर्व स्लूवर के गोल ने कोरिया के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया। बेल्जियम इस दमदार जीत के साथ पूल-बी में पहले स्थान पर आ गया है। इस पूल का दूसरा मुकाबला आज जर्मनी और जापान के बीच खेला जायेगा।

## जर्मनी ने जापान को हराकर शुरू किया विश्व कप अभियान



भुवनेश्वर, 14 जनवरी। दो बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-बी मुकाबले में जापान को 3-0 से परास्त करके अपने अभियान का जोरदार आगाज किया।

कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के गोल मैट्स ग्रैम्बुश (36वें मिनट), क्रिस्टोफर रूर (41वां) और थीएस प्रिंस (49वां मिनट) ने किये।

पूर्व विश्व विजेता जर्मनी ने पहले ही मिनट से आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन पहले और दूसरे क्वार्टर में उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। शुरुआती हाफ में जापान के रक्षण को भेदने की नाकाम कोशिशों के बाद जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर में अधिक निर्भीकता के साथ कोरियाई अर्द्ध में जगह बनानी शुरू कर दी। उन्हें इसका फल 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के साथ मिला, जिसे कप्तान ग्रैम्बुश ने गोल में तब्दील करते हुए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एक गोल से पिछड़ने के बाद जापान ने कुछ देर बाद जर्मनी के अर्द्ध में जगह बनायी, लेकिन मासाका ओहाशी की गलती का फायदा उठाते हुए रूर गेंद को लेकर जापान के गोल के समीप आ गये। जापानी गोलकीपर ने रूर को बाएं कोने में समेटना चाहा लेकिन रूर ने उन्हें छकाते हुए गेंद को नेट में दाग दिया।

आखिरी क्वार्टर में जर्मनी ने थके हुए जापानी रक्षण को आसानी के साथ बार-बार भेदा। मैच के 49वें मिनट में प्रिंस ने रूर की सहायता से जर्मनी का तीसरा गोल किया। प्रिस के पास अगले मिनट में भी गोल करने का एक मौका था लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट की बाईं ओर से निकल गया। जापान को आखिरी मिनट में लगातार दो पेनल्टी मिलीं, लेकिन एक का भी फायदा न उठा पाने के कारण एशियाई टीम को 3-0 की हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी इस जीत के साथ पूल-बी में दूसरे स्थान पर आ गया, जबकि इस पूल के पहले मैच में कोरिया को 5-0 से रौंदने वाला बेल्जियम शीर्ष स्थान पर है।

## संघर्ष के बावजूद चिली की हार

राउरकेला, 14 जनवरी। न्यूजीलैंड ने सैम हीहा के दो गोलों की बदौलत शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में सैम लेन (10वां) और सैम हीहा (12वां, 19वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिये गोल किये। चिली ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए गेंद को अपने कब्जे में रखा, हालांकि इग्नासियो कोंट्राडों (50वां मिनट) के अलावा कोई भी उनके लिये गोल नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप खेल रही चिली की शुरुआत किसी बुरे सपने जैसी रही। न्यूजीलैंड ने उनके कमजोर रक्षण पर पहले मिनट से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। न्यूजीलैंड के पहले हमले को रोकने में चिली कामयाब रही, लेकिन हीहा ने 10वें मिनट में गोल करके ब्लैक स्टिक्स को बढ़त दिला दी। चिली की समस्याएं यहां भी खत्म नहीं हुई और हीहा ने दो मिनट बाद फील्ड गोल करके न्यूजीलैंड की बढ़त दोगुनी कर दी। चिली को दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में दो पेनल्टी मिलीं लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सका।

## स्पेन से मुश्किल होगी इंग्लैंड की टीम : रीड

राउरकेला, 14 जनवरी। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि इंग्लैंड की टीम स्पेन की तुलना में मुश्किल प्रतिद्वंद्वी होगी जिसे भारत ने एफआईएच विश्व कप के शुरूआती मैच में 2-0 से हराया था और घरेलू टीम रविवार को दूसरे ग्रुप मैच में कोई कमी नहीं छोड़ सकती।

शुक्रवार को भारत की जीत में स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास और मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने गोल दागे। पांचवीं रैंकिंग की इंग्लैंड के खिलाफ जीत से भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा क्योंकि पूल डी के अंतिम मैच में वेल्स को हराना मुश्किल नहीं होगा। भारत विश्व रैंकिंग में छठे और वेल्स 15वें स्थान पर है।

रीड ने कहा, ''हम अगले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ होंगे और यह मुकाबला मुश्किल होगा क्योंकि उनकी टीम हमसे ऊंची रैंकिंग पर है। हम जानते हैं कि राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड की टीम कितनी मुश्किल होती है। रीड ने कहा, ''इसलिये हम (स्पेन के मैच के) इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। हमने स्पेन के खिलाफ डिफेंस में काफी अच्छा प्रदर्शन किया, हमें इसे जारी रखना होगा।''

कप्तान हरमनप्रीत सिंह भी इससे सहमत थे कि इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत होगी और घरेलू टीम को उन्हें हराने के लिये अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलनी होगी। उन्होंने कहा, ''हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगा रहे हैं। स्पेन के खिलाफ मैच हो चुका है और हमारा ध्यान इंग्लैंड पर है और हम इसके लिये योजना बना रहे हैं।''

हरमनप्रीत ने कहा, ''पेनल्टी कॉर्नर हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है और हम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर बेहतर कर सकते हैं। हम इसमें बेहतर करने की उम्मीद लगाये हैं। हालांकि यह ड्रैग फ्लिकर स्पेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सका। उन्होंने कहा, '' एक बार फिर हमें टीम प्रयास की जरूरत होगी। जो खिलाड़ी किसी दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये, हमें उनके प्रदर्शन की भी भरपायी करनी होगी।''

रोहिदास ने राउरकेला में पंपोश स्पोर्ट्स होस्टल से ही हॉकी सीखना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि मैदान पर टीम की योजना के हिसाब से खेलना ही मैच जीतने के लिये अहम होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने यहां हॉकी खेलना शुरू किया था और घरेलू मैदान पर खेलना काफी शानदार अहसास है। दर्शकों से हमें जो समर्थन मिला, उससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा लेकिन एक बार हम पिच पर होते हैं तो मैच पर ध्यान लगाने की कोशिश करते हैं।''

रोहिदास ने कहा, ''यह टीम का प्रयास है और टीम की बदौलत ही मुझे घरेलू दर्शकों के सामने गोल करने का मौका मिला। मेरे परिवार के सदस्य भी इनमें शामिल थे। हम दबाव में नहीं हैं और हमारी सफलता के लिये मैदान पर टीम की योजना के हिसाब से खेलना ही अहम होगा।

## राउंडग्लास पंजाब में शामिल हुए भूटान के ग्येल्टशेन

मोहाली, 14 जनवरी। राउंडग्लास पंजाब एफसी ने आई लीग 2022-23 सत्र के बचे हुए मुकाबलों के लिये भूटान के कप्तान चेंचो ग्येल्टशेन को क्लब में शामिल किया है। आरजीपीएफसी ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि ग्येल्टशेन दूसरी बार क्लब का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने 2020-21 आई-लीग सीज़न के दौरान राउंडग्लास पंजाब एफसी के लिये 14 मैचों में सात गोल दागे थे। भूटान के 26 वर्षीय फुटबॉलर आई-लीग और आईएसएल चैंपियन रह चुके हैं और अपने शानदार गोल स्कोरिंग कौशल के लिये प्रसिद्ध हैं। वह हाल ही में अपने देश में आयोजित भूटान प्रीमियर लीग जीतकर आ रहे हैं। आरजीपीएफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, हम चेंचो का क्लब में वापस स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। वह आई-लीग में एक सिद्ध फॉरवर्ड हैं और हमारे क्लब के दृष्टिकोण और हमारे फुटबॉल खेलने के तरीके से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जब हम आई-लीग सीज़न के दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे तो वह हमारे लिये महत्वपूर्ण होंगे।

## महिला अंडर-19, टी-20 विश्व कप : भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

बेनोनी, 14 जनवरी। सलामी बल्लेबाज श्वेता सेहरावत के नाबाद 92 रन और कप्तान शेफाली वर्मा के 16 गेंद में 45 रन की मदद से भारत ने अंडर 19 टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत के लिये 167 रन का लक्ष्य रखा। भारत के लिये शेफाली और सेहरावत ने सात ओवर में 77 रन की साझेदारी की। भारत के लिये 51 टी20, दो टेस्ट और 21 वनडे खेल चुकी शेफाली शानदार फॉर्म में दिखी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को मनचाहे शॉट खेले।

अपनी पारी में उन्होंने नौ चौके और एक छक्का लगाया। वह आठवें ओवर में स्पिनर मियाने स्मिट की गेंद पर आउट हुई। वहीं सेहरावत ने 57 गेंद की अपनी पारी में 20 चौके लगाये। उन्होंने 21 गेंद बाकी रहते भारत को जीत तक पहुंचाया। शेफाली ने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए दो विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका के लिये सिमोन लौरेंस ने 44 गेंद में 61 और इलांड्री जांसे वान रेंसबर्ग ने 13 गेंद में 23 रन बनाये।

बायें हाथ की स्पिनर सोनम यादव ने रेंसबर्ग को विकेट के पीछे रिचा घोष के हाथों लपकवाकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शेफाली ने ओलुहले सियो को पवेलियन भेजा। लौरेंस के 17वें ओवर में रन आउट होने के बाद मेजबान टीम की रनगति पर अंकुश लग गया। टीम ने पांच विकेट पर 166 रन बनाये।

## भारतीय महिला हॉकी टीम द. अफ्रीका रवाना

बेंगलुरु 14 जनवरी। एफआईएच महिला नेशंस कप में करिश्मायी प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ सात मैचों की सीरीज में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के लिये रवाना हो गयी।

कप्तान सविता के नेतृत्व में टीम को केपटाउन में 16 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच खेलने हैं जिसके बाद टीम 23 जनवरी से शुरू होने वाले तीन मैचों में विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दक्षिण अफ्रीका के लिये रवाना होने से पहले भारतीय कप्तान ने कहा,हम हाकी इंडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होने इस साल हमारे लिये बड़ी संख्या में मैच कराने की योजना बनायी है।

खासकर ऐसे साल में जब हम एशियाई खेल और पेरिस ओलंपिक में सीधे क्वालीफाई करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होने कहा, दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैचों से हमें अपने खेल के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम इस दौरे के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। बैंगलोर में समाप्त हुये शिविर के बाद सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और सीजन की अच्छी शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं।

उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा,एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप में भारत के प्रदर्शन को लेकर हमारी टीम काफी उत्सुक है। भारत में विश्व कप को लेकर बहुत चर्चा है और निश्चित रूप से, हम समय के अंतर के बावजूद मैच देखने के लिए स्क्रीन से चिपके रहेंगे।

महिला टीम ने भारतीय पुरुष टीम को शुभकामनायें प्रेषित की और वीडियो संदेश को साझा किया कि इस बार संभवत: हॉकी में पदक के लिए 48 साल का लंबा इंतजार खत्म होगा। नवनीत ने कहा,हमने साई बैंगलोर में शिविर में भारतीय पुरूषों को पसीना बहाते देखा है। हमे पता है कि उन्होंने इस पल के लिए कितनी मेहनत की है और हम वास्तव में उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## नीदरलैंड ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा

राउरकेला, 14 जनवरी। नीदरलैंड ने शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के ग्रुप-सी मुकाबले में मलेशिया को 4-0 से रौंदकर टूर्नामेंट की दमदार शुरुआत की। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबल में दिस्ज वैन डैम (20वां), जिप जैनसेन (24वां), टेन बाइन्स (47वां) और जोरिट क्रून (60वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये गोल किये।

पिछले दो विश्व कप आयोजनों की उपविजेता नीदरलैंड ने यहां अपना वर्चस्व दिखाते हुए 64 प्रतिशत समय तक गेंद पर कब्जा रखा। नीदरलैंड ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए दो पर गोल किये, जबकि एशिया की दूसरे नंबर की टीम मलेशिया तीन में से एक भी पेनल्टी का फायदा नहीं उठा सकी।

मलेशिया ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और गेंद को अपने कब्जे में रखते हुए गत उपविजेता को कड़ी टक्कर दी। नीदरलैंड ने कुछ देर में ही जवाबी कार्रवाई करते हुए मलेशिया से गेंद छीनी और उनके गोल पर निशाना दागा, हालांकि वह मलेशियाई गोलकीपर को पार नहीं कर सके।

पहले क्वार्टर में कोई सफलता ना मिलने के बाद भी डच टीम ने आक्रमण जारी रखा जिसका फायदा उन्हें 20वें मिनट में वैन डैम के फील्ड गोल से मिला। चार मिनट बाद जैनसेन ने पेनल्टी पर गोल करके नीदरलैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से तीन मिनट पहले क्रून को ग्रीन कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया, हालांकि मलेशिया एक विपक्षी खिलाड़ी की कमी का फायदा नहीं उठा सकी। मलेशिया ने तीसरे क्वार्टर में आक्रामकता तो दिखाई मगर वह इसे स्कोरबोर्ड पर दर्शाने में कामयाब नहीं रहे। एशियाई टीम को इस क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह एक पर भी गोल नहीं कर सके।

दूसरी ओर, नीदरलैंड ने चौथे क्वार्टर के दूसरे मिनट में ही अपनी बढ़त तीन गुना कर ली। बाइन्स ने पेनल्टी कॉर्नर पर गेंद को गोलकीपर और मलेशियाई डिफेंडर के बीच से निकालते हुए विश्व कप में अपना पहला गोल किया, जिससे मलेशिया के हौसले पस्त हो गये।

नीदरलैंड यूं भी मैच जीत चुकी थी मगर क्रून ने आखिरी क्षणों में गोल दागकर मलेशिया की 4-0 की हार सुनिश्चित की। नीदरलैंड इस जीत के साथ पूल-सी में पहले स्थान पर आ गया, जबकि दिन के पहले मुकाबले में चिली को 3-1 से हराने वाला न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है।

## फैनकोड करेगा हॉकी विश्व कप का प्रसारण

नयी दिल्ली, 14 जनवरी। भारत के प्रमुख खेल प्रसारण मंच फैनकोड ने घोषणा की है कि वह देशभर में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 का प्रसारण करेगा। फैनकोड ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि 13 से 29 जनवरी के बीच होने वाले विश्व कप के सभी 44 मैच फैनकोड ऐप और वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे।

भारत लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम पर खेले जाएंगे। भारत को इस विश्व कप में इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन के साथ पूल-डी में रखा गया है।

## पूरे साल क्रिकेट से दूर हो सकते हैं पंत

मुंबई, 14 जनवरी। पिछली 30 दिसंबर को कार हादसे का शिकार हुए भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के इस साल क्रिकेट मैदान से दूर रहने के आसार हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से कहा कि पंत के घुटने के तीनों प्रमुख लिगामेंट फट चुके हैं, जिनमें से दो को हाल ही में फिर से बनाया गया है जबकि तीसरे की छह सप्ताह के बाद सर्जरी किये जाने की उम्मीद है। नतीजतन, पंत को कम से कम छह महीने के लिये क्रिकेट से दरकिनार किये जाने का खतरा है। भारत में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन होना है जिसमें चयन के लिये पंत के फिट होने की संभावनाएं फिलहाल काफी क्षीण हो चुकी हैं।

गौरतलब है कि रुड़की में अपने परिवार से मिलने जा रहे पंत सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे। इस हादसे में उनके दाहिने घुटने के लिगामेंट (मांस को हड्डी से जोड़ने वाले तंतु) फट गये थे। पंत को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करने के बाद कुछ दिनों के लिये देहरादून के मैक्स अस्पताल में रखा गया। तत्पश्चात बीसीसीआई के कहने पर पंत को देहरादून से एयरलिफ्ट कर मुबंई लाया गया था जहां बोर्ड से अनुबंधित विशेषज्ञ सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। बीसीसीआई ने दुर्घटना और सर्जरी के बाद से तीन मेडिकल बुलेटिन जारी किए, जिनमें से एक में कहा गया है कि पंत के दाहिने टखने में भी चोट लगी थी। डॉक्टरों ने पंत के पूरे इलाज के लिये अभी तक कोई निश्चित समय सीमा नहीं बतायी है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार बीसीसीआई और चयनकर्ताओं दोनों ने निष्कर्ष निकाला है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज कम से कम छह महीने के लिये बाहर होंगे। पंत आखिरी बार दिसंबर में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट शृंखला में भारत के लिये खेले थे।

## सेमीफाइनल में हारकर मलेशिया ओपन से बाहर हुए सात्विक-चिराग

कुआला लंपुर, 14 जनवरी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मलेशिया ओपन 2023 के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में शनिवार को चीन के लियांग वीकेंग और वांग चैंग से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। अक्सियाता एरिना में एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में चीनी युगल ने सात्विक-चिराग को 21-16, 11-21, 21-15 से मात दी। अपना तीसरा सुपर 1000 फाइनल खेल रही भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की, हालांकि उनके चीनी प्रतिद्वंदियों ने जल्द ही 9-7 की बढ़त बना ली।

सात्विक-चिराग ने ब्रेक के बाद वापसी करते हुए मुकाबला 14-14 से बराबर किया मगर इसके बाद वीकेंग-चैंग की जोड़ी ने लगातार तीन पॉइंट बनाकर गेम को अपने पक्ष में कर लिया। पहला गेम हारने के बाद सात्विक-चिराग ने शानदार वापसी की। उन्होंने 20-9 की बढ़त के साथ 11 गेम पॉइंट हासिल कर लिये। चीनी युगल ने दो पॉइंट अर्जित करके वापसी करना चाही मगर भारतीय जोड़ी ने आखिरी पॉइंट के साथ मैच को 1-1 से बराबर कर दिया।

## शॉ की 18 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी

मुंबई, 14 जनवरी। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी के अंत में शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिये पृथ्वी शॉ को 16 सदस्यीय-स्क्वाड में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शॉ ने 18 महीने के अंतराल के बाद टी20 स्क्वाड में वापसी की है, जबकि उन्होंने भारत के लिये अपना पिछला टी20 मुकाबला जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। शॉ घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं और रणजी ट्रॉफी के हालिया काबले में उन्होंने 379 रन बनाये। मुंबई के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शॉ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022 में भी 181.42 के स्ट्राइक रेट से 332 रन बनाये, जिसमें एक शतक शामिल था। विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी टी20 सेटअप से बाहर ही है जबकि हार्दिक पांड्या एक और सीरीज में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान चोटिल होने वाले संजू सैमसन टीम से बाहर हैं।

**न्यूजीलैंड सीरीज के लिये भारत की वनडे टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक।

**टी20 टीम:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी, पृथ्वी शॉ, मुकेश कुमार।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिये भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव।

## ईशान और सूर्यकुमार समझते है कि उन्हें इंतजार करना होगा : राठौड़

तिरूवनंतपुरम, 14 जनवरी। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने शनिवार को कहा कि फॉर्म में चल रहे ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव इस बात को समझते हैं कि उन्हें वनडे प्रारूप में अपनी बारी का इंतजार करना होगा। हाल के वर्षों में टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद दोनों खिलाड़ियों को श्रीलंका के खिलाफ चल रही तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो वनडे में शामिल नहीं किया गया जिससे खेल प्रेमी और कुछ पूर्व खिलाड़ी काफी हैरान थे।

राठौड़ ने कहा, उन्हें बाहर बैठने के लिये बाध्य नहीं किया गया है, मेरा मतलब है कि अन्य खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बतौर खिलाड़ी वे भी इस बात को समझते हैं और उन्हें भी अपने मौके का इंतजार करना होगा और वे भी इसकी तैयारी कर रहे हैं, वे कड़ी मेहनत करते हैं और जब भी मौका मिलता है, वे अच्छा करते हैं और अपनी जगह पर डटे रहते हैं। सूर्यकुमार जहां टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं और खेल के छोटे प्रारूप में अपनी शानदार लय का लुत्फ उठा रहे हैं तो वहीं ईशान ने श्रीलंका श्रृंखला से पहले बांग्लादेश में अपना वनडे दोहरा शतक जमाया।

## सीए और एसीबी के बीच जारी तकरार के बीच आईसीसी पर दुनिया की निगाहें


नयी दिल्ली 14 जनवरी। आस्ट्रेलिया का अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृखंला में भाग नहीं लेने के फैसले के बाद स्टार स्पिनर राशिद खान और पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी की नाराजगी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) पर दबाव बढ़ाने के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को गंभीर निर्णय लेने के लिये विचार करने पर विवश कर दिया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने तालिबान में महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में प्रतिबंध के विरोध में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया है जिसके बाद अफगान स्पिनर राशिद खान ने आस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने की धमकी दी। दूसरी तरफ मोहम्मद नबी ने इसे राजनीति से प्रेरित फैसला बताते हुये तंज कसा कि आगामी एक दिवसीय विश्वकप तक क्या आस्ट्रेलिया अपने इस फैसले पर अडिग रहेगा। दुबई में आईसीसी अकादमी मैदान पर शारजाह वारियर्स के लिये नेट प्रैक्टिस कर रहे नबी ने क्रिकबज के साथ बातचीत में कहा,खेल को राजनीति से दूर रखा जाये तो ही क्रिकेट के लिये अच्छा है। अभी पिछले टी-20 विश्वकप की ही बात करें तो आस्ट्रेलिया ने हमारे खिलाफ क्यों खेला। मै बताता हूं, दरअसल उनको दो अंकों के साथ साथ अपना नेट रन रेट बेहतर करने की चिंता थी। बीती बात को छोड़ भी दें तो अब हम देखना चाहेंगे कि क्या वह हमारा बहिष्कार भारत में खेले जाने वाले एक दिवसीय विश्वकप में करेंगे। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने इस बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा,हम अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रमों से चिंतित हैं। आईसीसी बोर्ड अपनी अगली बैठक में इन घटनाओं के प्रभावों पर विचार करेगा। हम अन्य खेल संगठनों के संपर्क में रहेंगे जो अफगानिस्तान में खेल खेलने वाले पुरुषों और महिलाओं को देखने के हमारे उद्देश्य को समझते हैं।

## चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने की उम्मीद : जोकोविच

मेलबर्न, 14 जनवरी। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने शनिवार को कहा कि चोट की चिंता के बावजूद वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब रिकॉर्ड 10वीं बार जीतने का दम रखते हैं।

एडिलेड इंटरनेशनल में खेलते हुए जोकोविच की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था, जिसका वह अभी भी इलाज करवा रहे हैं। जोकोविच ने चोट के बारे में कहा, चोट के बावजूद मुझे खिताब जीतने की उम्मीद है। मैं हमेशा अपने अवसरों को पसंद करता हूं। मैं उतनी ही मेहनत से ट्रेनिंग करता हूं, जितनी कोई और करता है। अब काफी सारे युवा हैं जो बहुत भूखे हैं, जो जीतना चाहते हैं। वे बड़े स्टेडियम में आपसे पल्ला झाड़ना चाहते हैं। मैं यह जानता हूं।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन इस तरह की विशेष परिस्थितियां आपको सही दृष्टिकोण रखने और चीजों को उचित तरीके से करने में मदद करती हैं। मुझे पता है कि जब मैं फिट होता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलता हूं,



तो इस कोर्ट (रॉड लेवर एरिना) पर मेरे पास किसी को भी हराने का मौका है। जोकोविच ने बताया कि वह अगले सप्ताह के लिये अपनी ऊर्जा को बचाने की कवायद में प्रशिक्षण सत्रों में अपना 100 प्रतिशत नहीं दे रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह हैमस्ट्रिंग ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में उनके लिये कोई समस्या नहीं पैदा करेगी।

सर्बिया के स्टार खिलाड़ी जोकोविच को कोविड टीकाकरण को लेकर अड़ियल रुख अपनाने के कारण पिछले साल इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। उन्होंने हालांकि एटीपी फाइनल जीतकर 2022 का शानदार अंत किया और एडिलेड इंटरनेशनल में अपने करियर के 92वें खिताब के साथ नये साल की शुरुआत की। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया लौटने पर कहा, ''मैं इस तरह की ऊर्जा और स्वागत, प्यार और समर्थन के लिये बहुत आभारी हूं।''

### जोकोविच हैं ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के प्रबल दावेदार : नडाल

मेलबर्न, 14 जनवरी। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने शनिवार को स्वीकार किया कि वह दबाव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत कर रहे हैं और नोवाक जोकोविच इस खिताब के सबसे प्रबल दावेदार होंगे। ऑस्ट्रेलिया ओपन 2022 के विजेता नडाल के साल की शुरुआत यूनाइटेड कप में दो हार के साथ हुई है। नडाल ने अपने पिछले सात में से छह मुकाबले हारे हैं और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मैच 21 वर्षीय जैक ड्रेपर के साथ है जो इस सप्ताह एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

नडाल ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''यह संभवत: सबसे कठिन पहला राउंड है। वह (जैक) युवा और शक्तिशाली हैं और बहुत तेजी से ऊपर आ रहे हैं। टूर्नामेंट शुरू करना मेरे लिये बड़ी चुनौती होगी। देखते हैं क्या होता है। मैं यहां सिर्फ खुद को मौका देने के लिये हूं। मैं जानता हूं कि वह अच्छा खेल रहा है।''

जब नडाल से पूछा गया कि क्या वह दबाव महसूस कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ''बिल्कुल, बिना किसी संदेह के। मैं आजकल कई मुकाबले हार रहा हूं, जो खेल का हिस्सा है। मैं इस स्थिति को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हुएआज जो मेरे पास है उसके साथ काम कर रहा हूं। मुझे अपनी लय फिर से हासिल करने की जरूरत है। मुझे जीत के साथ अपने आप में इस आत्मविश्वास को फिर से बनाने की जरूरत है।



*जंगल में पेड़ काटने वाला उद्योग (लॉगिंग इण्डस्ट्री) ट्रॉपिकल बर्ड्स के संरक्षण में भी मददगार हो सकता है। एक नए शोध में ट्रापिकल टिम्बर इण्डस्ट्री की संरक्षण जिम्मेवारियों का परिमाण निर्धारित करते समय पाया गया कि, संवेदनशील पक्षी प्रजातियों की विश्व की 32 प्रतिशत रेंज और जिन देशों में शोध हुआ उनकी शत प्रतिशत रेंज लॉगिंग कम्पनियों को लीज़ पर दी गई हैं। शोधकर्ताओं ने पूर्व में किए गए अध्ययनों की जांच की, उन संवेदनशील पक्षी प्रजातियों को चिन्हित करने के लिए जिनकी आबादी कुछ चुनिंदा वृक्षों की कटाई के बाद घटी थी। जैव विविधता के संरक्षण के लिए पर्यावरण विशेषज्ञ सिर्फ संरक्षित क्षेत्र पर ही निर्भर नहीं रह सकते हैं। विश्व के केवल 6 से 18 प्रतिशत जंगल ही संरक्षित क्षेत्र में आते हैं। जबकि आधे से अधिक लकड़ी के उद्योग के लिए निर्दिष्ट हैं। उष्णकटिबंधीय वनों में अधिकांश टिम्बर उत्पादन चयनित वृक्षों की कटाई से होता है, जिससे जैव विविधता में कमी आती है, खासकर खेती या विकास के नाम पर जंगल काटे जाने की तुलना में। ये जंगल अपनी जैव विविधता बरकरार रख सकते हैं और वन्यजीवों को आवास मुहैय्या करवाते रह सकते हैं, साथ ही संसाधन उत्पादन भी हो सकता है। लेकिन तभी, जबकि, पेड़ों की कटाई जिम्मेवारी से की जाए। यही वजह है कि, टिम्बर उद्योग कई वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण या विनाश का कारण हो सकता है। इस तरह के विश्लेषण वनों के संरक्षण में सरकारों के लिए मददगार हो सकते हैं।*

# भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने की संभावना मजबूत हुई

## नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल 20 जनवरी को पूरा हो रहा है, उसे लोकसभा चुनावों तक विस्तार देने का फैसला हो सकता है

- **सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह 16 जनवरी को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर बाद एक बजे तक पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें पार्टी के अगले दो दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी और राजनीतिक एवं आर्थिक प्रस्ताव के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाएगा।**
- **कार्यकरिणी की बैठक शुरू होने के साथ सबसे पहले गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी जीत के लिए औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी का संगठन की ओर से स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किया जायेगा।**

नयी दिल्ली, 14 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सोमवार से शुरू होने जा रही दो दिवसीय बैठक में इस वर्ष होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले वर्ष लोकसभा चुनावों के एजेंडे पर चर्चा होने तथा पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल को आम चुनावों तक के लिए बढ़ाए जाने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह 16 जनवरी को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर बाद एक बजे तक पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें पार्टी के अगले दो दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय होगी और राजनीतिक एवं आर्थिक प्रस्ताव के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाएगा। उसके बाद अपराह्न चार बजे दिल्ली में एनडीएमसी कन्वैंशन सैन्टर में कार्यकारिणी की बैठक पार्टी अध्यक्ष नड्डा के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ शुरू होगी।

इसके ठीक पहले अपराह्न तीन बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पटेल चौक से एनडीएमसी कन्वैंशन सैन्टर तक करीब आधा किलोमीटर लंबा रोड शो होगा। इस दौरान दिल्ली के हजारों लोग सड़क पर मोदी का अभिनंदन करेंगे। कार्यकरिणी की बैठक शुरू होने के साथ सबसे पहले गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी जीत के लिए औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी का संगठन की ओर से स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किया जायेगा।

इसके अलावा भारत को विश्व के आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता मिलने पर भी प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया जायेगा। सूत्रों के अनुसार बैठक में वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और गुजरात में पार्टी की जीत के मुद्दों एवं वजहों पर विस्तार से चर्चा होने के साथ ही उस एजेंडे को आगे बढ़ाने तथा इस साल नौ राज्यों - मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में चुनावों तथा अगले वर्ष आम चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा होगी।

# त्रिपुरा में कांग्रेस और माकपा साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव

- **दोनों पार्टियों की अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर लगभग सहमति बनी**
- **माकपा के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने कहा कि माकपा भारतीय जनता पार्टी के अलावा किसी भी पार्टी के साथ जाने को तैयार है।**
- **उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और वाम दलों ने हाथ मिलाया और उम्मीद है कि अन्य गैर-भाजपा दल भाजपा को हराने के लिए हमारे साथ आएंगे।**

अगरतला 14 जनवरी (वार्ता) त्रिपुरा में दो प्रमुख प्रतिद्वंदियों मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है और अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को अपनी पहली बैठक की।

माकपा के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी और कांग्रेस के पर्यवेक्षक व वरिष्ठ नेता डॉ अजॉय कुमार ने वाम मोर्चा के संयोजक नारायण कार सहित दोनों दलों के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में अपने-अपने दलों का प्रतिनिधित्व किया। नेताओं ने बैठक को 'फलदायी' और 'मिशन को प्राप्त करने' की दिशा में एक कदम के रूप में समाप्त किया।

चौधरी ने कहा कि भगवा ब्रिगेड को हराने के लिए माकपा भारतीय जनता पार्टी के अलावा किसी भी पार्टी के साथ जाने को तैयार है, क्योंकि पांच साल में उन्होंने त्रिपुरा को राज्य के विकास के खिलाफ अपराधियों और असामाजिक लोगों की मदद करने के लिए आतंक की भूमि बना दिया। साथ ही राज्य में हिंसा, हमले, आगजनी और हत्या नियमित मामले बन गए हैं। भाजपा के शासन में लोकतांत्रिक संस्थाओं को बुरी तरह नुकसान हुआ है।

उन्होंने दावा किया, दो हफ्ते पहले, वामपंथी दलों और कांग्रेस ने लोगों से भाजपा के कुशासन के खिलाफ एकजुट होने की अपील की थी। हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और आम लोग त्रिपुरा को भाजपा के कुशासन से मुक्त कराने के लिए एकजुट लड़ाई चाहते हैं। नतीजतन, कांग्रेस और वाम दलों ने हाथ मिलाया और उम्मीद है कि अन्य गैर-भाजपा दल भाजपा को हराने के लिए हमारे साथ आएंगे।

डॉ. कुमार ने कहा, सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए राज्य कांग्रेस की एक टीम माकपा प्रमुख के साथ बैठेगी, क्योंकि विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया गया है। उन्होंने यह भी कहा, सीटों की संख्या महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन भगवा पार्टी की हार मुख्य एजेंडा है। उन्होंने कहा कि माकपा टीआईपीआरए मोथा के अध्यक्ष प्रद्योत देबबर्मन को अपने पाले में लाने के लिए चर्चा की प्रक्रिया में हैं। मिशन में सफल होने के लिए अन्य सभी पार्टियों को भी हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# 'जो भी पार्टी मालपुरा के व्यक्ति को टिकट देगी उसका साथ दूंगा'

## पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने 30 साल बाद राजनीति में सक्रियता के संकेत दिए

- **राजस्थान के लौह पुरूष रहे, पूर्व गृह मंत्री दामोदर लाल व्यास के पुत्र डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने अपने पिता की 47वीं पुण्यतिथि पर अपना रूख स्पष्ट किया।**
- **ब्राह्मणों में अच्छी पैठ रखने वाले कांग्रेस पृष्ठभूमि के सुरेन्द्र व्यास ने 1993 में टोडारायसिंह-मालपुरा सीट से करारी हार के बाद राजनीति से दूरी बना ली थी।**
- **डॉ. व्यास का कहना है कि, टोडारायसिंह-मालपुरा सीट के 65 प्रतिशत मतदाता मालपुरा के हैं, इसलिए इस सीट पर मालपुरा के व्यक्ति को ही टिकट दिया जाना चाहिए।**



*कद्दावर ब्राह्मण नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने आखिरकार अपनी 30 साल पुरानी चुप्पी तोड़ दी। उन्होंने अपने पिता, राजस्थान के लौह पुरुष रहे पूर्व गृहमंत्री दामोदर लाल व्यास की 47 वीं पुण्यतिथि पर अपने समर्थकों के साथ चर्चा की।*

मालपुरा, (निसं)। राजस्थान के लौह पुरूष एवं पूर्व गृहमंत्री स्व. दामोदर लाल व्यास की 47वीं पुण्य तिथि पर मालपुरा में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। दामोदर लाल व्यास के पुत्र पूर्व शिक्षामंत्री व ब्राह्मण नेता डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने 30 साल बाद अपनी चुप्पी तोड़ी और सभा को संबोधित किया। उन्होने भाजपा व कांग्रेस खेमों में उठ रही स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग का समर्थन किया। उनके इस बयान को स्थानीय राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने वर्ष 1993 में भाजपा प्रत्याशी जीतराम चौधरी से हुई करारी हार के बाद राजनीति से दूरियां बना ली थी। पर शनिवार को जब वे अपने समर्थकों के बीच पहुंचे तो लोगों ने उनसे पुनः चुनाव लड़ने की मांग की डॉ. व्यास ने समर्थकों की भावनाओं को सुनकर अपनी चुप्पी तोडते हुए कहा कि मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र में ढाई लाख मतदाता हैं, जिनमें 65 प्रतिशत मतदाता मालपुरा तहसील का 38 ग्राम पंचायतों से हैं। जबकि टोडारायसिंह तहसील क्षैत्र में महज 35 प्रतिशत मतदाता हैं। ऐसे मे इस सीट से विधायक बनने का अधिकार मालपुरा तहसील के लोगों का है। डॉ. व्यास ने कांग्रेस पार्टी नाम लिए बिना कहा कि राष्ट्रीय पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन में मालपुरा तहसील के कार्यकर्ताओं व जातिगत समीकरणों को कभी समझौते में तो कभी दबाव मे तो कभी विपक्ष की सुविधा के लिए नज़र अंदाज किया गया है। इसीलिए 30 साल से मालपुरा का व्यक्ति स्थानीय विधायक नहीं बन पाया है। हर बार प्रमुख राजनैतिक दलों मे स्थानीय की मांग तो उठी लेकिन आलाकमान ने नज़रअंदाज कर दिया। जिससे आज मालपुरा तहसील क्षेत्र विकास की दृष्टि मे पिछडा हुआ है। राजनैतिक चर्चा के दौरान डॉ. व्यास ने कहा कि इस बार मालपुरा तहसील का विधायक बने, स्थानीय की मांग पूरी हो, विकास को गति मिले, इसके लिए क्षेत्र की जनभावनाओं का ध्यान मे रखते हुए स्थानीय व्यक्ति को किसी भी पार्टी से टिकट मिले तो स्वंय खुलकर उसके साथ आ जायेगा। चाहे वो किसी भी समाज व जाति से हों। सुत्रों की माने तो बीते कई सालों से घासीलाल चौधरी, डॉ. चन्द्रभान, रामविलास चौधरी, प्रभाती लाल जाट, रामफुल पीआरओ, सतवीर चौधरी, यशवीर शुरा, नन्दकिशोर सैनी, रामचन्द्र गुर्जर, गोपाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, भैरूलाल गुर्जर, सुभाष गालव, भंवरलाल मुवाल, हंसराज गाथा आदि के नाम राजनैतिक गलियारे में प्रचलित रहे हैं।

## शरद यादव का दाह संस्कार परिवार ने किया

नर्मदापुरम/भोपाल, 14 जनवरी। वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित गृहगांव आंखमऊ में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

यादव के पुत्र शांतनु ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर मध्यप्रदेश के अलावा दिल्ली, बिहार और उत्तरप्रदेश से आए अनेक समाजवादी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। उनकी पार्थिक देह भोपाल से सड़क मार्ग से दिन में आंखमऊ ले जायी गयी। शाम को उनकी अंत्येष्टि की गयी। इसके पहले गांव में अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग भी मौजूद रहे। नर्मदापुरम जिले के बाबई में जन्मे यादव का गुरुवार रात्रि में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एक अस्पताल में निधन हो गया था। उनकी पार्थिव देह को आज दिन में विशेष विमान से भोपाल लाया गया।

## जालंधर से कांग्रेस सांसद की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्म को शांति प्रदान करे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया "जलंधर से कांग्रेस सांसद 76 वर्षीय संतोख सिंह चौधरी का भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हृदय की गति अचानक रूकने से आज सुबह निधन हो गया। उनके परिवार के प्रति हमारी गहरी शोक संवेदना है। यात्रा के कार्यक्रम में कुछ बदलाव होंगे, जिन्हें जल्दी ही साझा किया जाएगा।

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, कांग्रेस के पूर्व नेता अमरिन्दर सिंह और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक व्यक्त किया। चौधरी ने दो बार लोकसभा चुनाव जीता था। पहली बार वर्ष 2014 में और फिर वर्ष 2019 में उनके पुत्र विक्रमजीत सिंह चौधरी पंजाब के फिल्लौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं।

- **76 वर्षीय संतोख सिंह चौधरी दो बार, 2014 व 2019 में, जालंधर से सांसद निर्वाचित हुए थे। उनके पुत्र विक्रमजीत सिंह फिल्लौर विधानसभा सीट से एम.एल.ए. हैं।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, कैप्टन अमरिन्दर सिंह व पंजाब के मु.मंत्री भगवंत सिंह मान ने चौधरी संतोख सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।**
- **जयराम रमेश ने यह भी कहा कि, दुखद घटना के कारण यात्रा के कार्यक्रम में कुछ परिवर्तन होगा, जिसकी जानकारी प्रेस को समय पर दे दी जायेगी।**

## इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

जकार्ता 14 जनवरी। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह पांच बजकर 41 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र कौर जिले से 55 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और समुद्र तल के नीचे 18 किलोमीटर की गहराई पर था।

## तमिलनाडू के मु.मंत्री व राज्यपाल का "झगड़ा"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गये। दोनों में से कोई भी पक्ष नरम पड़ने के लिये तैयार नहीं है। द्रमुक तथा उसके मित्र दलों ने इस भावनात्मक मुद्दे का लाभ लेना शुरू कर दिया है, जिसे राज्यपाल ने थाली में परोस कर उन्हें दे दिया है। द्रमुक तथा उसके मित्रदल विरोध प्रदर्शन के परम्परागत तरीकों तथा सोशल मीडिया फ्लेटफॉर्मों को काम में लेते हुये पूरी ताकत से राज्यपाल के विरूद्ध अभियान चला रहे है। राजनैतिक पर्यवेक्षकों की दृढ़ मान्यता है कि राज्यपाल की तरफ से की गई उन कार्यवाहियों में भाजपा के अब तक के प्रयास पर पानी फेर दिया है। भाजपा भी इस बात की पूरी कोशिश कर रही है कि वह उत्तर भारतीय हिन्दुत्व को अपनाने वाली "उत्तर भारतीय" हिन्दी पार्टी की अपनी छवि को साफ कर दे तथा इसलिये उसने तमिल भाषा, संस्कृति तथा पहचान का राग अलापना शुरू कर दिया है। लेकिन वस्तुतः राज्यपाल ने जोश में आकर द्रविडवाद उस हवा निकालने की कोशिश की लेकिन उनके भाषण ने भाजपा की उपरोक्त कोशिश के ठीक उल्टा काम कर डाला। उन्होंने भाषा में आधुनिक तमिलनाडु के निर्माताओं तथा द्रविड़ पार्टियों के वैचारिक गुरूओं का नामाल्लेख करने से इनकार कर दिया। यद्यपि अन्नाद्रमुक (ए.आई.ए.डी.एम.के.) अपने, गठबन्धन-पार्टनर (भाजपा) के खिलाफ खुल कर नहीं आ सकती, लेकिन उसके नेताओं ने राज्यपाल द्वारा नाम परिवर्तन के सुझाव से दूरी बनाने की कोशिश तो की ही है तथा साफ तौर पर घोषित भी कर दिया है कि तमिलनाडु को तमिलनाडु ही कहा जायेगा तथा उसका नाम नहीं बदला जायेगा।

## ड्रग्स तस्करी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को दर्ज हुआ था, लेकिन अब तक 22 में से सिर्फ तीन गवाहों के बयान ही दर्ज क्यों किए गए हैं? जस्टिस फरजंद अली की एकलपीठ ने यह आदेश रामचन्द्र की तीसरी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कपिल गुप्ता ने अदालत को बताया कि अजमेर जिले के नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने 11 फरवरी 2020 को एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया था। वहीं पुलिस ने आरोप पत्र भी तय समय में पेश कर दिया था। अभियोजन पक्ष की ओर से 22 गवाहों की सूची भी अदालत में पेश की गई थी, लेकिन सिर्फ तीन गवाहों के बयान ही लेखबद्ध कराए गए हैं। जमानत याचिका में कहा गया कि मामले की अब तक हुई कछुआ चाल ट्रायल से साबित है कि इसकी सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगेगा, जिसके चलते याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। गुप्ता का विरोध करते हुए सरकारी वकील शेरसिंह महला ने कहा कि पुलिस ने वाणिज्यिक मात्रा से अधिक तीन किलोग्राम अफीम बरामद की थी। ऐसे में आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। गौरतलब है कि नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने 11 फरवरी, 2020 को भीलवाड़ा की तरफ से हाईवे पर आ रही एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली थी, जिसमें छिपाकर रखी तीन किलो सौ ग्राम अफीम बरामद कर याचिकाकर्ता सहित एक नाबालिग को पकड़ा गया था। पुलिस ने इस प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट के तहत अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।

## 'फिज़िकली हैण्डीकैप्ड वर्ग का आरक्षण क्षैतिज...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2018, के प्रावधानों के अनुसार विशेष योग्यजन वर्ग में किसी अन्य राज्य का मूल निवासी होने पर उसे नियुक्ति से वंचित नही किया जा सकता है। इसके अलावा विज्ञिप्त में स्पष्ट लिखा गया था कि संपूर्ण भारत के किसी भी राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र मान्य होगा।

नियमानुसार दिव्यांगजन व्यक्ति को मूल निवासी होने के कारण नियुक्ति से वंचित करना संविधान के प्रावधान अनुच्छेद 16 के विपरीत है। न्यायालय ने माना कि, विज्ञिप्त की शर्तों के अनुसार जब आर.पी.एस.सी. ने याचिकाकर्ता को योग्य मानते हुए नियुक्ति की अनुशंसा कर दी तो विभाग का कृत्य स्वीकार योग्य नहीं है। विभाग को बार बार मौके-समय दिए जाने के बावजूद नियुक्ति आदेश जारी नही करने पर हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए कॉलेज शिक्षा विभाग के सयुंक्त निदेशक को याची के नियुक्ति आदेश जारी करने अन्यथा अगली सुनवाई तिथि पर कोर्ट के समक्ष व्यक्तिगत रुप से उपस्थित रहकर स्पष्टीकरण देने का आदेश जारी किया।

गौरतलब है कि, इससे पूर्व सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 15 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर प्रार्थी को 31 दिसंबर से पहले पहले नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया, और आर.पी.एस.सी. को पत्र लिखकर याचिकाकर्ता के स्थान पर राजस्थान राज्य के अभ्यार्थी का नाम भेजने के लिए, 05 जनवरी 2023 को भेज दिया। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि, राजस्थान में लागू दिव्यांग आरक्षण नियम, 2018, में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो याची को आरक्षण से वंचित करता हो।

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाअधिवक्ता ने यह कहते हुए कि, दिव्यांगों को दिया जाने वाला रिज़र्वेशन, क्षैतिज आरक्षण नहीं होकर वर्टीकल (लम्बवत) आरक्षण है और ऐसे में जाति आधारित आरक्षण के प्रावधान लागू होने से राजस्थान से बाहर का मूल निवासी फिज़िकली हैण्डीकैप्ड दिव्यांग वर्ग में नियुक्ति का पात्र नहीं हैं और रिट याचिका ख़ारिज करने की गुहार लगाई।

जिस पर अधिवक्ता खिलेरी ने रिजॉइन्डर में कहा कि, पीएच- दिव्यांग वर्ग का आरक्षण क्षैतिज आरक्षण है जो जाति आधारित नहीं होता है। पीएच - दिव्यांग वर्ग की मेरिट सूची अलग से तैयार की जाती है जिसमें जाति/वर्ग का कोई संबंध नहीं होता है, जबकि जाति आधारित आरक्षण में मूल निवासी होना आवश्यक होता है। उन्होंने याचिका स्वीकार कर समस्त परिलाभो सहित नियुक्ति दिलाए जाने की गुहार की।

मामले की अंतिम सुनवाई के पश्चात न्यायाधिपति दिनेश मेहता ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए अभिनिर्धारित किया कि, दिव्यांग अभ्यर्थी को दिया जाने वाला आरक्षण जातिगत आधार पर नहीं होकर एक क्षैतिज आरक्षण है जिसके लिए राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक नहीं है। उन्होंने आयुक्त, निदेशालय कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर द्वारा जारी आदेश 05 जनवरी 23 को अपास्त करते हुए चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति देने और 22 सितंबर 22 से नोशनल परिलाभ दिए जाने का निर्णय दिया।

## आधार कार्ड से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नरेंद्र पुत्र हेमंत सिंह का पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021 में प्राथमिक चयन हो चुका है। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद फिजिकल और मैडिकल टेस्ट होता है। लिखित परीक्षा के साथ दोनों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा भी पास कर ली थी। मेडिकल में दोनों अनफिट पाए गए। गत11 जनवरी को नरेन्द्र और तेजाराम, मथुरादास माथुर अस्पताल में सोनाग्राफी के लिए आए। आधार कार्ड में छेड़छाड़ और संदिग्ध लगने पर डॉक्टर ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। बाद में अस्पताल अधीक्षक की तरफ से इस बारे में पुलिस मुख्यालय डीसीपी विनीत बंसल को जानकारी दी गई। जांच पड़ताल में दोनों को फर्जी तरीके से सोनाग्राफी टेस्ट पास के प्रयास करते पाया गया और उनके विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया गया।

## '18 जनवरी तक अपहृत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्वेषण सेल, भिवाडी के एडीशनल और जांच अधिकारी रहे एएसआई को पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस बिरेन्द्र कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश जावेद की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि केस डायरी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि नाबालिग को ट्रक मालिक लेकर गया था, लेकिन ना तो ट्रक को जब्त किया गया और ना ही ट्रक मालिक को अब तक गिरफ्तार किया गया। बल्कि ऐसा लगता है कि पुलिस ट्रक मालिक की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर जांच कर रही है। सुनवाई के दौरान महिला अपराध अन्वेषण सेल के एडी.एसपी अतुल साहू अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक मामले की जांच एएसआई धर्मवीर कर रहे थे। एडीशनल ने कहा कि बच्चा लापता हो गया था और उसकी सूचना भी पुलिस स्टेशन में दी गई थी। हालांकि इसका रोजनामचा में कोई उल्लेख नहीं है। इस पर अदालत ने 18 जनवरी तक लापता को पेश नहीं करने पर एसपी, एडीशनल और जांच अधिकारी रहे एएसआई को हाजिर होने को कहा है। अधिवक्ता विकास कुमार जाखड ने अदालत को बताया कि गत आठ जुलाई को आधा दर्जन से अधिक लोग याचिकाकर्ता के घर आए थे और याचिकाकर्ता के भाई का अपहरण कर साथ ले गए। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ खैरथल थाने में नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने न तो आरोपियों को गिरफ्तार किया और ना ही याचिकाकर्ता के भाई को बरामद किया। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में भिवाडी एसपी को भी अभ्यावेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908